राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 गुकेश फीडे रैंकिंग में चौथे नंबर पर आए.....

मैंने बाइडेन की तरह अपने लोगों को माफी नही दी... 12

वर्ष : 12 | अंक : 280 | पटना, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 14.0°C

न्यूनतम तापमान 12.0°C

बाजार

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

मुख्यमंत्री ने सहरसा जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

मां उग्रतारा धाम को पर्यटन के रूप में किया जायेगा विकसित : नीतीश

बोलें-सभी कामों को जल्द ही कैबिनेट की दी जाएगी स्वीकृति

जून तक सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूरा होगा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में सहरसा जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में प्रमंडलीय सभागार (कोशी प्रमंडल), सहरसा में समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणायें की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां उग्रतारा धाम क्षेत्र को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा, इससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। साथ ही सीएम ने कहा कि तिलावे नदी का उड़ाही किया जायेगा, इससे नदी के जलस्तर में सुधार होगा तथा भूजल स्तर बढ़ेगा। साथ ही शहर की जलनिकासी में सहूलियत होगी। सहरसा नगर निगम क्षेत्र में स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का विकास किया जायेगा, इससे शहरी क्षेत्र में जलनिकासी की सुविधा प्राप्त होगी तथा बरसात के दिनों में लोगों को जलजमाव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। जिला मुख्यालय में प्रमंडल स्तरीय खेल परिसर का विकास किया जायेगा, इससे खेलों को बढ़ावा मिलेगा। सहरसा शहर में बंगाली बाजार रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जायेगा, इससे लोगों

को काफी सुविधा होगी तथा जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। सत्तर कटैया प्रखंड के औकाही गाँव से चैनपुर होते हुये कोपरिया तक वाटर चैनल की उड़ाही किया जायेगा, इससे जलजमाव की समस्या खत्म हो जायेगी। सहरसा जिले में बनमा इटहरी तथा सत्तर कटैया प्रखंडों में प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा। सहरसा शहर में वर्तमान हवाई अड्डे पर छोटे विमानों के संचालन हेतु उड़ान योजना में इसे सम्मिलित करने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध किया जायेगा। इन सभी कामों को जल्द ही कैबिनेट की भी स्वीकृति दे दी जाएगी। वर्ष 2005 से पहले वाले लोग कुछ काम नहीं किए, केवल बातें बनाते रहे। किसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधि हों, उनके सुझाव का हमलोग सम्मान करते हैं। उनके इलाके की जो भी मांगे होंगी, उन सबको पूरा किया जाएगा। हमलोग किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। हम सबके हित में काम करते रहेंगे। आज हम कई जगहों पर जाकर देखें हैं और लोगों से बातचीत भी की है।

हर क्षेत्रों में कराये गये हैं विकास के कार्य

समीक्षात्मक बैठक में सहरसा के जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने जिले के विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी हैं। आज हमने कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है। हम अधिकारियों से कहेंगे कि यहां जो भी जरूरतें हैं, उसे ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रगति यात्रा में हम पहले जिन जिलों का दौरा किए थे और वहां की जो जरूरतें थी, उसके संबंध में कैबिनेट की बैठक में हमलोगों ने निर्णय लिया है। हमारा उद्देश्य है कि हर प्रकार से बिहार की तरक्की हो। वर्ष 2005 के बाद हमलोगों ने बिहार में विकास का जो काम किए हैं, उसे याद रखियेगा। हम शुरू से ही पूरे बिहार का दौरा समय-समय पर करते रहे हैं। हर क्षेत्रों में विकास के कार्य कराये गये हैं, आप सब उसे भूलिएगा मत।

निरंतर बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 से हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू किया, तब से निरंतर हमलोग बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, आप सभी उससे अवगत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे है। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है। बिहार में बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा चुका है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहरसा जिले में विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। हमलोगों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तर्ज पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराना शुरू किया। जून 2025 तक सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पारा मेडिकल संस्थान और छात्रावासों का निर्माण कराया गया है। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, सभी अनुमंडलों में आईटीआई, जीएनएम संस्थान एवं सड़क तथा पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। यहां वीपी मंडल सेतु का जीर्णोद्धार, जलनिकासी, ट्रैफिक जाम आदि की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए अनेक कार्य कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2008 में कोशी नदी का बांध टूटने से सहरसा, सुपौल और मधेपुरा में भीषण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो गई थी, उस समय हम आकर यहां रहे थे और प्रभावित इलाकों में जाकर देखे थे, बाढ़ से काफी नुकसान हुआ था। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर और राज्य के संसाधन से प्रभावित इलाकों में पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण का कार्य हेतु दो फेज में योजना चलाकर तेजी से काम कराया। उसका जो काम अभी शेष है, उसे शीघ्र पूरा कराया जाएगा। सहरसा जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत ग्रीड सब स्टेशन, पावर सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है। कृषि कार्य हेतु सिंचाई के लिए 29 डेडिकेटेड कृषि फीडर अब तक स्थापित किये जा चुके हैं, जिससे 8,481 किसानों को खेती के लिए बिजली का कनेक्शन दिया गया है। यहां 21,086 स्वयं सहायता समूह का गठन कराया गया है, जिनसे 2 लाख 67 हजार जीविका दीदियांजुड़ी हैं। 3 जीविका दीदी की रसोई यहां संचालित है। हमलोग सबके हित में काम करते हैं, वो चाहे पुरुष हो या स्त्री।

ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

वैशाली में सात जिंदा बम मिले, लोगों में दहशत

वैशाली। बिहार में वैशाली जिले के महनार प्रखंड में स्थित करनौती पंचायत के शेखपुरा क्षेत्र में सात जिंदा बम मिलने से दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बम डिस्पोजल स्क्वायड की मदद से सभी बमों को सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर दिया। इसके बाद सभी बमों को कब्जे में लेकर आगे की जांच के लिए थाने में लाए गए। पुलिस अब इस मामले में गहन जांच कर रही है कि आखिर ये बम यहां कैसे पहुंचे और किसने रखे। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को आश्वस्त किया है कि उनकी सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मैं घर पर था और बच्चों ने शोर मचा रहे थे कि बम मिले हैं। इसके बाद मैं भी मौके पर पहुंच गया। तो यहां वास्तव में सूतली से बंधे सात बम थे। पुलिसकर्मी बमों को एक बाल्टी में रख रहे थे। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

समस्तीपुर में जननायक की जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और बिहार की यात्रा पर रहेंगे और समस्तीपुर में भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय गुरुवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि श्री धनखड़ 24 जनवरी को लखनऊ में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसी दिन उपराष्ट्रपति भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर बिहार के समस्तीपुर में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा: मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें। श्री मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद। प्रधानमंत्री ने कहा, नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।श्री मोदी कहा, ह्आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नेताजी सुभाष भारत की विरासत पर बहुत गर्व करते थे। वे अक्सर भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की चर्चा करते थे और उससे प्रेरणा लेने के लिए समर्थक थे। आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है।

डीईओ के ठिकानों पर विजिलेंस की रेड, मिली नोटों की गड्डियां

कैश देखकर अधिकारी भी, हैरान मंगानी पड़ी नोट गिनने वाली मशीन

प्रात : किरण

बेतिया/एजेंसी। बिहार के बेतिया में गुरुवार को विजिलेंस टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर पर छापेमारी की। इस दौरान तलाशी में बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। इसे गिनने के लिए टीम की तरफ से मशीनें भी मंगाई गई हैं। तीन घंटे से ज्यादा समय से उनके घर पर छापेमारी चल रही है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने चहेते ठेकेदारों को ही काम दिया। इसके अलावा, उन पर कई शिक्षकों ने भी भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। फिलहाल, अब तक उनके घर से कितनी रकम बरामद हुई है। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। रजनीकांत खुद मौके पर मौजूद हैं, जहां उनसे पूछताछ जारी है। वहीं, उन पर लगे आरोपों की जांच विजिलेंस टीम की तरफ से की जा रही है। इसके अलावा, उन पर आय से अधिक संपत्ति के भी आरोप लग चुके हैं। बेतिया, समस्तीपुर और दरभंगा स्थित उनके ठिकानों पर भी छापेमारी जारी है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग धनार्जन करने के लिए किया। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। रजनीकांत पिछले तीन सालों से बेतिया में शिक्षा पदाधिकारी के पद पर तैनात हैं। वो 2005 से इस सेवा में हैं। वो दरभंगा, समस्तीपुर सहित अन्य जिलों में भी बतौर शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से भारी चल और अचल संपत्ति अर्जित की है। यह संपत्ति आय से लगभग 1,87,23,625 रुपये अधिक है।रजनी कांत प्रवीण बिहार शिक्षा सेवा के 45 वीं बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया है। उनकी कुल सेवा अवधि लगभग 19-20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी सेवा छोड़ दी थी । वर्तमान में ओपन माइंड बिड़ला स्कूल, दरभंगा की निदेशक हैं। उन्होंने ही स्कूल मालिक भी हैं। आरोप है कि रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन के वित्तीय निवेश के साथ इस संस्थान को चला रही हैं। एसवीयू के मुताबिक, रजनी कांत प्रवीण और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर पटना, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कई करोड़ रुपये की जमीन और फ्लैट हैं। जिसकी कीमत 2,92,92,225 रुपये के करीब है। आरोप है कि रजनी कांत प्रवीण और उनकी पत्नी ने अवैध तरीके से कमाई की है। जो या तो उसके स्वयं के नाम पर या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर, जो कि भ्रष्ट और अवैध तरीकों से अवैध रूप से अर्जित किया गया है।

नीतीश सरकार में औद्योगिक विकास की नई उड़ान भर रहा है बिहार : उमेश

बोलें-प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण किया स्थापित

प्रात : किरण

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में सुशासन के साथ-साथ बुनियादी ढांचों को सुदृढ़ कर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण स्थापित किया है। जिसका सुखद परिणाम है कि आज हमारा बिहार औद्योगिक विकास की नई उड़ान भर रहा है। श्री कुशवाहा ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विगत 2 वर्षों के दौरान बिहार में 2,300 से अधिक छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुई हैं। जिसके माध्यम से करीब 70 हजार लोगों को सीधा रोजगार से जोड़ा गया है। उद्योग अनुकूल नीतियां, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्किल्ड मैनपॉवर, सड़कों की शानदार कनेक्टिविटी और निर्बाध बिजली की उपलब्धता के कारण बिहार आज निवेशकों के लिए पहली पसंद बना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीते वर्ष दिसंबर में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट में निवेशकों के साथ तकरीबन 1 लाख 81 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकसित बिहार की सोच को निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब बिहार लंबी छलांग लगाने की तैयारी कर चुका है। वहीं, दूसरी ओर राजद के शासनकाल में फिरौती के लिए अपहरण को उद्योग का मिला दर्जा प्राप्त था। निवेशक आना तो दूर की बात, भय के कारण डॉक्टर, इंजीनियर और व्यवसायी वर्ग बिहार से पलायन करने पर मजबूर हो गए थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व बीमारू राज्य वाला बिहार आज विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

12 हजार से अधिक पीएचसी को 24X7 सेवाओं में किया गया परिवर्तित : केंद्र

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने देश भर में 24X7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और प्रथम रेफरल इकाइयां स्थापित की हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पिछले साल मार्च तक 12,348 पीएचसी को 24X7 सेवाओं में परिवर्तित किया गया है और 3,133 एफआरयू को चालू किया गया है। इसके अलावा, मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेड़े का विस्तार किया गया, जिसमें 1,424 एमएमयू अब दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। 2023 में एमएमयू पोर्टल की शुरूआत ने कमजोर आदिवासी समूहों के लिए स्वास्थ्य संकेतकों पर निगरानी और डेटा संग्रह को और मजबूत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान एनएचएम के तहत हुई प्रगति से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में 31,000 से अधिक पीएचसी चालू हैं, जिनमें ग्रामीण और पहाड़ी, आदिवासी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए 40,000 से अधिक डॉक्टर/चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल ने बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, पीएचसी को 24X7 चालू रखना एक बेहतरीन कदम है, क्योंकि इससे लोगों, खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को इमरजेंसी सर्विस तक तुरंत पहुंचने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा, उदाहरण के लिए, सांप के काटने के मामले में, ज्यादातर मौत इसलिए होती हैं क्योंकि मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता। अगर स्थानीय स्तर पर, पीएचसी में चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित हो, तो कई लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। इसी तरह, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए भी ऐसी सेवा एक बड़ा वरदान साबित होगी।

ट्रेन में अफवाह फैलाने वालों को मिले कड़ी सजा : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महाराष्ट्र में ट्रेन में आग लगने की अफवाह के कारण कई लोगों की जान गई और कई अन्य के जख्मी होने की खबर अत्यंत दुखद है तथा इस तरह के हालात पैदा होने के पीछे के कारणों की पड़ताल कर दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए। श्री गांधी ने गुरुवार को कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की खबर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करे कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज हो। जन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से अनुरोध किया कि वे राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करें। कांग्रेस नेता ने कहा, आग लगने की अफवाह कैसे फैली और इतना भीषण हादसा कैसे हुआ इसकी त्वरित जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख़्त से सख़्त सजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस ने भी आधिकारिक पेज पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, ह्महाराष्ट्र में पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह की वजह से कई यात्रियों की मृत्यु की खबर पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे मृतकों के परिजनों को संबल प्रदान करें। इस मुश्किल घड़ी में कांग्रेस परिवार की संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

जलगांव : ट्रेन हादसे में 13 लोगों की मौत, चार नेपाल के नागरिक

जानकारी

पास की पटरी से गुजर रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आएं कई यात्री

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। महाराष्ट्र के जलगांव में ट्रेन दुर्घटना में मारे गए 13 लोगों में से चार की पहचान नेपाल के नागरिक के तौर पर हुई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में मारे गए नेपाल के इन नागरिकों में एक लड़का और दो महिलाएं शामिल हैं। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में चेन खींचने की घटना के बाद कुछ यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए। हालांकि पास की पटरी से गुजर रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 15 व्यक्ति घायल हो गए। विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने बताया, हमने अब तक 13 में से आठ शवों की पहचान कर ली है, जिनमें से दो की पहचान उनके आधार कार्ड से हुई है। घायलों में से 10 का अभी इलाज किया जा रहा है, जिनमें नौ का पचोरा सिविल अस्पताल में और एक का जलगांव शहर के एक अस्पताल में इलाज हो रहा है। मध्य रेलवे के अधिकारियों ने पहले बताया था कि दुर्घटना उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पचोरा शहर के पास माहेजी और परधाडे स्टेशनों के बीच हुई, जब बुधवार शाम करीब चार बजकर 45 मिनट पर किसी ने ट्रेन की चेन खींच दी, जिसके बाद लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस रुक गई। अधिकारियों के अनुसार, पुष्पक एक्सप्रेस में सवार कुछ यात्री आग लगने के डर से जल्दबाजी में बगल की पटरियों पर कूद गए और बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने हालांकि इस बात से इनकार किया कि कोच के अंदर किसी चिंगारी या आग के कारण यात्रियों ने अलार्म बजाया था।

मृतकों के परिजनों को 1.5-1.5 लाख

स्विटजरलैंड के दावोस से एक वीडियो संदेश में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा, ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों को गलती से लगा कि ट्रेन से धुआं निकल रहा है और वे कूद गए। दुर्भाग्य से, वे दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गए यात्रियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की रेलवे बोर्ड ने अलग से मृतकों के परिजनों को 1.5-1.5 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये तथा मामूली रूप से घायलों को पांच-पांच हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

अफवाह की वजह से हुआ हादसा :

मुंबई। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पुणे में कहा कि जलगांव रेल हादसा अफवाह की वजह से हुआ। जलगांव के पास परधाड़े रेलवे स्टेशन के पास घटी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दुर्घटना में 13 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 10 लोगों की पहचान हो गई है और तीन अज्ञात हैं, उनके शव क्षत-विक्षत हो गए हैं।

एम्स पटना में पहली बार 2 मरीजों का हुआ किडनी ट्रांसप्लांट

एक सप्ताह में दो लोगों का किडनी ट्रांसप्लांट करने की योजना : कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट कार्यक्रम में हाल ही में प्राप्त सफलता के मद्देनजर एम्स पटना के ईडी प्रोफेसर सौरभ वार्ष्णेय ने एक अहम प्रेस मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में ईडी की अध्यक्षता में एम्स पटना की ट्रांसप्लांट टीम शामिल हुई। प्रोफेसर सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि 20 जनवरी 2025 को पटना एम्स में पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ, जिसमें सीतामढ़ी जिले के 34 वर्षीय बेटे को उसकी 56 वर्षीय मां से किडनी मिली, जबकि 21 जनवरी 2025 को जहानाबाद के 19 वर्षीय मेडिकल छात्र को उसके 53 वर्षीय पिता से किडनी मिली। दोनों मरीजों ने किडनी ट्रांसप्लांट के प्रति अपेक्षित प्रतिक्रिया दी है और उनका सीरम क्रिएटिनिन अब सामान्य है। हालांकि, वे उपचार करने वाली टीम की कड़ी निगरानी में अगले 7 दिनों तक किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट आईसीयू में रहेंगे। नेफ्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमरेश कृष्ण ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति 65 वर्ष की आयु तक अपने निकट संबंधियों को अंगदान कर सकता है, जो अंतिम चरण के गुर्दे की बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप के साथ-साथ खराब जीवनशैली क्रोनिक किडनी रोग का प्रमुख कारण है और लोगों को इसके बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है।डॉ. कमलेश गुंजन, प्रमुख यूरोलॉजी, ने डॉ. दीपेश केनवार और पीजीआई चंडीगढ़ से उनकी टीम के मार्गदर्शन में प्रत्यारोपण सर्जरी का नेतृत्व किया।

उन्होंने बताया कि डॉ. विपिन चंद्रा, संकाय यूरोलॉजी और डॉ. नीरज कुमार संकाय एनेस्थीसिया की टीम द्वारा 2 घंटे के भीतर डोनर सर्जरी को अंजाम दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. दीपेश, पीजीआई और डॉ. कमलेश गुंजन, यूरोलॉजी एम्स पटना की टीम द्वारा प्राप्तकर्ता की सर्जरी में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे। उन्होंने कहा कि डॉ. दीपेश कुल 10 प्रत्यारोपण के लिए आएंगे, जब एम्स पटना की टीम पूरी तरह से कार्यभार संभाल लेगी। उन्होंने अधिक प्रत्यारोपण की आवश्यकता और मृत्यु के बाद अंग दान के बारे में जागरूकता पर भी जोर दिया। एनेस्थीसिया टीम के डॉ. नीरज ने प्रत्यारोपण सर्जरी के दौरान प्राप्तकताओं के एनेस्थीसिया की जटिलताओं के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षित डोनर एनेस्थीसिया पर भी जोर दिया। डॉ. अभ्युदय और प्रोफेसर अजीत कुमार के साथ वे स्वयं प्रत्यारोपण एनेस्थीसिया के लिए जिम्मेदार थे।

उन्होंने कहा, डॉ. उमेश भदानी एचओडी एनेस्थीसिया ने एमएस प्रोफेसर अनूप कुमार के साथ मिलकर लॉजिस्टिक्स की सुविधा प्रदान की। डॉ. उपासना सिन्हा ने दाताओं के रेडियोलॉजिकल मूल्यांकन में प्रमुख भूमिका निभाई और प्राप्तकर्ता। ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर की भूमिका में इस पूरी प्रक्रिया के मास्टर श्री ललन कुमार ने ळल्ह्डअ और टिशू एक्ट के तहत विभिन्न अधिनियमों के तहत इसे दोषरहित तरीके से पूरा किया। सहायक नर्सिंग अधीक्षक के नेतृत्व में क्ख्व और डळ टीम के साथ नर्सिंग टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास किया। एऊ प्रोफेसर सौरभ वार्ष्णेय ने बैठक का समापन इस टिप्पणी के साथ किया कि अन्य केंद्रों की तुलना में पटना एम्स में ट्रांसप्लांट की वास्तविक लागत एक तिहाई है और आयुष्मान भारत लाभार्थियों को शामिल करने के लिए इसे और कम किया जाएगा।

सनातन संस्कृति सद्भाव का देता है संदेश : नंदकिशोर यादव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के समापन समारोह पर गुरुवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति सबके बीच सद्भावना का संदेश देता है। मंदिर निर्माण में लगे सभी धर्मों के लोगों को वे शुभकामनाएं देते हैं। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मन्दिर से जुड़े कार्यकताओं को अंगवस्त्र और हनुमान जी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी भक्तों को भंडारा का प्रसाद दिया गया। मौके पर रामजी मेहता, रंजीत कुमार, शंकर चौधरी, दिलीप गुप्ता, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, रौशन कुमार, सीता सिन्हा, सुनीता रानी, अनिल रश्मि आदि मौजूद थे।

धर्म का मामला व्यक्तिगत इसे राजनीति में लाना उचित नहीं

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। अजाद हिन्द फौज का गठन कर ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह की चिंगारी पैदा करने वाले अमर सेनानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती समारोह गांधी सरोवर स्थित त्रिमूर्ति चौक पर किया गया। इसका आयोजन शहीद स्मारक न्यास, ट्यूसीसी-फारवर्ड ब्लॉक एवं साम्प्रदायिक सद्भाव समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुआ। जेपी आंदोलनकारी मेहर आजाद के द्वारा आजाद हिन्द फौज के प्रेरक गीत कदम से कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा के गायन से हुआ।अध्यक्षीय संबोधन में डॉ एकबाल अहमद ने कहा कि धर्म के मामले में नेताजी के विचार अनुकरणीय हैं। धर्म एक नितांत व्यक्तिगत मामला है तथा इसका इस्तेमाल राजनीतिक जीवन में नहीं होना चाहिए। समाजसेवी शंभू प्रताप मेहता ने कहा कि 23 जनवरी, 1897 को कटक में अपने जन्म एवं 18 अगस्त, 1945 को ताइपेह स्थित ताइहोकू में हवाई दुर्घटना तक नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन सदियों तक हिंदुस्तानियों को प्रेरित और रोमांचित करता रहेगा। समाजसेवी मो हनीफ शेख ने कहा कि केवल त्याग और संघर्ष द्वारा राष्ट्र के उत्थान की बुनियाद डाली जा सकती है। इस अवसर पर डॉ राजीव गंगौल एवं बलिराम विश्वकर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौजूद लोगों में मिथिलेश सिंह, प्रफुल्ल पांडेय, डॉ विनोद अवस्थी, ललन यादव, रविंद्र प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, शंभूशरण प्रसाद, सुशील कुमार आदि थे।

बच्चों को अच्छी शिक्षा देने व सफाई के साथ रहें : नंदकिशोर यादव

सिन्हा फाउंडेशन ने कुम्हरार विस के शनिचरा के पास किया कंबल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर युवा सम्मान सह कंबल वितरण का आयोजन गुरुवार को किया गया। कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के शनिचरा मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम सिन्हा फाउंडेशन की ओर से किया गया था। इसकी अध्यक्षता अश्वनी कुमार उर्फ पंकज सिन्हा ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विशिष्ट अतिथि मेयर सीता साहू, एमएलसी अनामिका सिंह पटेल, लोजपा रामविलास एससी-एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष परशुराम पासवान व सिन्हा फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार उर्फ पंकज सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने पंकज सिन्हा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण पुण्य का काम है। वह भी इतने विशाल स्तर पर आयोजन होना वास्तविक में एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता का समर्पण भाव है। उन्होंने वितरण समारोह में मौजूद महिलाओं को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने व सफाई के साथ रहने को कहा। इससे आप सबों को स्वच्छ परिवेश मिल सकेगा और स्वस्थ रह सकेंगे। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टर, शिक्षक, अधिवक्ता, खिलाड़ी, कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के सभी निगम पार्षदों समेत सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वालों को शॉल, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले लोगों से अपील करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उन्हें ताउम्र समाजसेवा से जुड़े रहने को कहा। मंच संचालन भाजपा प्रवक्ता राजीव रंजन व धन्यवाद ज्ञापन मृत्युंजय बल्दियार ने किया। कार्यक्रम की सफलता में पवन कुमार उर्फ डब्बू, अभिषेक सिंह, राजू कुमार सिन्हा, विक्की कुमार, सौरभ सिन्हा, गौरव सिन्हा, शिवम कुमार सिन्हा, अभिषेक राज, पियूष श्रीवास्तव, विक्रम शाह, मोनू यादव, हर्षमणि, मुरारी प्रसाद, बौआ प्रसाद, संतोष कुमार, मिथिलेश कुमार, आदी मेहता, अमन कुशवाहा, राणा रणजीत कुमार आदि सक्रिय रहे।

विजय सिन्हा ने सिक्स लाइन का लिया जायजा

प्रातः किरण संवाददाता

मोकामा ।मोकामा के नजदीक हाथीदह में निमार्णाधीन सिक्स लेन नदी पुल मार्च तक आम जनता की सेवा में समर्पित कर दी जायेगी।इस पुल पर आवागमन शुरू होने से पूर्वोत्तर भारत का संपर्क देश के अन्य हिस्सों से काफी सुगम और सरल हो जायेगा।बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने उपरोक्त बातें कही है।निमार्णाधीन सिक्स लेन पुल के निर्माण कार्यों का उन्होंने गहन अवलोकन किया और दावा किया कि अत्याधुनिक तकनीक से बनने वाला यह सेतु देश का पहला ब्रिज है।पुल अवलोकन में निर्माण कंपनी के अधिकारियों ने विजय कुमार सिन्हा को तकनीकी जानकारी से अवगत कराया।विजय कुमार सिन्हा ने देश के इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई भी दी और कहा कि बिहार वासियों को पीएम का यह बेहतरीन उपहार है।इसके पूर्व लखीसराय से पटना जाने के क्रम में विजय सिन्हा ने सिक्स लेन पुल का गहराई से निरीक्षण किया।उप मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि सिक्स लेन ब्रिज इस साल के मार्च तक यातायात सुविधा के लिए शुभारंभ हो जायेगा।लखीसराय से हाथीदह पहुंचने पर मुखिया सह भाजपा नेता शशि शंकर शर्मा,संजय सिंह,रौशन कुमार,मुखिया प्रतिनिधि प्रद्युम्न कुमार ने उप मुख्यमंत्री को फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में अलग-अलग तीन मामले हुए दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

मोकामा। नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में अलग-अलग तीन तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। दरअसल मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह जब नौरंगा जलालपुर पहुंचे थे तब स्थानीय सोनू मोनू और अनंत सिंह के समर्थकों के बीच जमकर गोलीबारी की गई थी बताया जाता है कि 70 से 80 राउंड फायरिंग हुई है इस मामले में पचमहला थाने में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं पहला मामला मुकेश कुमार के द्वारा दर्ज कराया गया है मुकेश कुमार हेमुजा के रहने वाले हैं उनके द्वारा दर्ज कराया गया है कि सोनू मोनू के द्वारा मेरे और मेरे परिवार के साथ मारपीट की गई उसके बाद मेरे घर में जबरन तालाबंदी कर दिया गया वहीं रंगबाजी के तौर पर 60 लख रुपए की भी मांग की जा रही है। दूसरी एफआईआर पुलिस के द्वारा दर्ज की गई है जिसमें पुलिस ने मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक आनंद सिंह और सोनू मोनू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के पचमहला के थाना प्रभारी पहलाद कुमार झा के द्वारा दर्ज कराया गया है बताया गया है कि पुलिस जब काम कर रही थी तब अनंत सिंह के समर्थ को और सोनू मोनू के समर्थकों के द्वारा सार्वजनिक स्थल पर गोलीबारी की गई अनंत सिंह और उनके समर्थकों के द्वारा पुलिस पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। जबकि तीसरी एफआईआर सोनू मोनू की माँ व मुखिया उर्मिला देवी ने दर्ज कराया है जिसमें अनंत सिंह और उनके सहयोगियों को नामजद किया गया है उर्मिला देवी के द्वारा जेल में बंद सजाया आफता बनरा मराँची वाले को भी नामजद किया गया है सवाल यह उठता है कि जो व्यक्ति जेल में बंद है और सजायाफता वह कैसे अनंत सिंह के काफिले में शामिल होता है और गोलीबारी कर सकता है। फिलहाल अनंत सिंह की तरफ से भी बयान बाजी चल रही है और दूसरी तरफ सोनू मोनू के तरफ से भी बयानों का दौरा मीडिया में जारी है जबकि आज का दिन नौरंगा जलालपुर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया का जमाबरा लग रहा इससे इलाके में तनाव थोड़ा काम रहा लेकिन शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक गए बीच-बीच में पचमहला और कई थानों के पुलिस इलाके में ग्रस्त करते दिखाई दिए जबकि बिहार पुलिस की टेक्निकल टीम भी पटना से नौरंगा जलालपुर पहुंची टेक्निकल टीम को घटना की पूरी जानकारी दी गई और टेक्निकल की टीम ने बारी बारी से घटना की जानकारी लेते दिखाई दिए जबकि घरवालों के द्वारा टेक्निकल टीम को पांच धोखे गोलियों को दिए गए हैं कुल मिलाकर पुलिस को अब आठ खोखे बरामद किया गया है जबकि सोनू मोनू के पिता प्रमोद कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सुबह में यह धोखे गोलियों के दिए गए हैं।

प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का कराया जायेगा आईएचआईपी का प्रशिक्षण

■ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए सभी 38 जिलों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का आईएचआईपी पर प्रशिक्षण कराया जा रहा है. अभी भी जिलों में प्रशिक्षण कराना बाकी है. इसे संज्ञान में लेते हुए अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र जारी आवश्यक निर्देश दिया है.

जारी पत्र में बताया गया है कि प्रशिक्षण को जल्दी से जल्दी पूरा कर नाईट ब्लड सर्वे (रात्रि रक्त पट संग्रह) के दौरान जिन व्यक्तियों का माइक्रो फाइलेरिया दर पॉजिटिव आया है, उनकी सूचि को सबसे पहले आईएचआईपी पर अंकित करना सुनिश्चित करें. साथ ही माइक्रो फाइलेरिया दर पॉजिटिव आये हुए

व्यक्तियों की सूचना को अंकित करने के बाद सभी जिलों को अपने जिलों के सभी प्रखंडों में उपलब्ध फाइलेरिया मरीजों की सूचि को भी अंकित करना है. भारत सरकार के निदेर्शानुसार आईएचआईपी पोर्टल में फाइलेरिया कार्यक्रम से संबंधित सभी आंकड़ों को भरना है. डॉ. अनुज सिंह रावत, राज्य सलाहकार फाइलेरिया एवं आईएचआईपी के राज्य नोडल पदाधिकारी ने बताया कि आईएचआईपी में दर्ज आंकड़ों से पूरे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी. प्रारंभ में नाईट ब्लड सर्वे में पाजिटिव व्यक्तियों का आंकड़ा दर्ज किया जा रहा है और इसके पश्चात प्रखण्ड स्तर पर हाथीपाँव और हाइड्रोसील मरीजों का सम्पूर्ण विवरण अंकित किया जाएगा. कुल 7 प्रकार के विभिन्न प्रतिवेदन के आँकड़ें जल्द से जल्द अंकित कराने का लक्ष्य है. इससे भविष्य की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी एवं जल्दी से जल्दी सभी जिलों में प्रशिक्षण पूर्ण कराकर आंकड़ा प्रविष्ट कराना है.

ज्ञात हो कि 18 दिसंबर को राज्य के सभी 38 जिलों के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, वीबीडी सलाहकार, महामारी विशेषज्ञों (एपिडीमोलोगिस्ट) एवं जिला मुल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारियों का आईएचआईपी पोर्टल पर प्रशिक्षण कराया जा चुका है. राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षित पदाधिकारियों द्वारा अपने जिलों के सभी प्रखंडों के संबंधित पदाधिकारियों का जिला स्तर पर आईएचआईपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया जा चुका है.

पुलिस ने गांजा के एक तस्कल को दबोचा

मोकामा। मोकामा ट्रेन से शराब की तस्करी के बाद अब गांजा की तस्करी भी खूब हो रही है।हाथीदह रेल पुलिस ने एक तस्कर को दबोच कर इसका राजफाश किया है।रेल पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर की ट्राली बैग से बीस किलो गांजा बरामद किया।जब्त गांजा की कीमत चार लाख रुपये आंकी जा रही है।बरामद गांजा साउथ बिहार एक्स्प्रेस से हाथीदह स्टेशन लाया गया और डिलीवरी के लिए भेजा जा रहा था।एक गोपनीय सूचना के आधार पर हाथीदह रेल पुलिस ने खदेड़ कर तस्कर को धर-दबोचा और बैग से गांजा की बरामदगी की।

गांधी सेतु से हथियार के साथ दो गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना की पुलिस ने महात्मा गांधी सेतु पर बेरियर के पास छापेमारी कर संदिग्ध अवस्था में रहे दो युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अपराध की योजना से पहुंचे दो अपराधी हरिओम व धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार दोनों का आपराधिक इतिहास भी पता लगाया जा रहा है। शुरूआत में दोनों ने बताया कि दोनों हाजीपुर से कट्टा लेकर आ रहे थे और यहां किसी को देने वाले थे।

दही गोप हत्या के आरोपी अरूण कुमार उर्फ अरूण को गिरफ्तार किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ दही गोप के हत्या करने की प्लानिंग रामनगर रामनगर कॉलोनी स्थित भुलावन मोड़ के पास बनाई थी।पुलिस ने उक्त जगह का खुलासा करते हुए प्लानिंग कराने में सहयोग करने वाले आरोपी अरूण कुमार उर्फ अरूण डी०एफ०सी० को गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अरूण द्वारा सोशल मीडिया पर डीएफसी नाम से एक ग्रुप चलाकर नवयुवकों को गुमराह करने का काम करता था। अरूण ने अपना अपराध स्वीकारते हुए अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। बताया कि घटना में शामिल चार अपराधकर्मी राहुल कुमार गुप्ता उर्फ राहुल जेनरेटर,शुभम कुमार उर्फ चड्डा,अंकित कुमार गुप्ता एवं अंकित राजपुत को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। बताया कि अभी भी अनुसंधान जारी है।हर बिंदुओं पर अनुसंधान की जा रही है।घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। बता दें कि 21 दिसंबर को पेठिया बाजार काली स्थान निवासी रंजीत यादव उर्फ दही गोप और विकाश कुमार उर्फ गोरख राय को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हथियार लहराते हुए वायरल विडियो के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराते हुए वायरल विडियो के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ के बाद मनेर पुलिस के हवाले कर दिया गया।हालांकि वायरल वीडियो का प्रातः किरण अखबार पुष्टि नहीं करता है।एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को शाहपुर थाना क्षेत्र में एक सार्वजनिक स्थल पर पिस्तौल हथियार लहराते हुए एक विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हुआ था।वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार अपर थानाध्यक्ष सोनु कुमार यादव और मनेर थाना के पुअनि विवेक कुमार ने छानबीन के बाद मनेर के ब्यापुर निवासी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया।

जनसमस्याओं को लेकर लगा शिविर

फतुहा। मुख्यमंत्री के संभावित प्रगति यात्रा को देखते हुए दनियावां के खरभैया पंचायत के तोप हाईस्कूल के मैदान में जनसमस्याओं को लेकर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रकृति नयनम ने किया। शिविर में सभी विभाग से जुड़े सभी प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं से सम्बंधित ग्रामीणों से सीधे तौर पर बात कर उनकी शिकायते सुनी गयी। इस दरम्यान शिविर में विभिन्न योजनाओं से जुड़े कुल 290 आवेदन आए। इसमें से सबसे जयादा शिकायत की आवेदन मनरेगा के जॉब कार्ड से सम्बंधित थी। मनरेगा से सम्बंधित कुल 215 शिकायत दर्ज किया गया। इसके बाद राशन कार्ड से भी जुड़े कुल 34 आवेदन प्राप्त किए गये। भूमि से सम्बंधित 16, पेंशन योजना से जुड़े 10, कृषि से जुड़े 2, सोलर स्ट्रीट लाइट से जुड़े 2 तथा नली गली योजना से जुड़े 3 आवेदन प्राप्त किए गये। वहीं शिविर में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े भी कई आवेदन प्राप्त किए गये जिसे स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी को दे दिया गया। बीडीओ प्रकृति नयनम ने बताया कि जन समस्याओं से जुड़े जो भी आवेदन आए है, उसके समाधान व निष्पादन जल्द ही किया जाएगा।

सरकारी व निजी प्रकाशक की पुस्तक प्रिंटिंग प्रेस से बरामद, सील

■ आलमगंज व बहादुरपुर थाना क्षेत्र के पांच स्थान पर हुई छापेमारी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। बहादुरपुर और आलमगंज थाना क्षेत्र में हुई छापेमारी के दौरान पुलिस ने सरकारी और निजी प्रशासन की कॉपीराइट पुस्तकों को बरामद किया है हालांकि संबंध में किसी की गिरफ्तारी की बात नहीं कहीं जा रही है। बरामद पुस्तक में भारती भवन, एनसीईआरटी, एस. चांद तथा बीटीबीसी की पुस्तकें शामिल हैं। भंडारित पुस्तक और मुद्रित हो रहे नकली पुस्तक को जब्त किया गया है। बहादुरपुर थानाध्यक्ष पुर्णेदु कुमार और आलमगंज थाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि संदलपुर, अजीमाबाद व पल्लीनगर समेत दोनों थाना क्षेत्र में पांच जगहों पर छापेमारी की गई। इसमें मजिस्ट्रेट, संबंधित थाना की पुलिस और निजी कंपनी के प्रकाशक की लीगल टीम के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पुस्तकें मिली हैं। इसके बाद नमूना के तौर पर कुछ पुस्तकों को उठाया गया। वहीं गोदाम को सील कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में कंपनी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। नकली पुस्तक की छपाई, भंडारण व ब्रिकी से आर्थिक क्षति हुई है। छापेमारी के दौरान गोदाम संचालक व प्रिंटिंग प्रेस के संचालकफरार हो गया। टीम मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इस मामले में कॉपी राइट एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

गुलजारबाग डाकघर में प्रिंटिंग व वेटिंग मशीन खराब होने से परेशानी

पांच से अधिक पैकेट बुक करने पर काउंटर कर्मी नहीं करते स्वीकार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । गुलजारबाग डाकघर अपनी समस्याओं से जूझ रहा है। हालांकि इस डाकघर में नवीनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया गया है, मगर छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के प्रधान सचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने बिहार परिक्षेत्र जीपीओ के मुख्य महा डाकपाल को पत्र भेजकर समस्याओं का निदान किए जाने की बात कही है। भेजे गए पत्र में श्री कमल नयन ने कहा कि पटना सिटी की घनी आबादी वाले क्षेत्र गुलजारबाग में अवस्थित डाकघर इन दिनों समस्याओं से जूझ रहा है। इस क्षेत्र में अनेक सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय कार्यरत है। यहां की प्रिंटिंग मशीन तथा वेटिंग मशीन खराब होने पर अनेक दिनों तक डाकघर का कार्य प्रभावित होता रहता है। वरीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। यह भी कहा गया कि रजिस्ट्री, पार्सल, रजिस्टर्ड, बुक पोस्ट, स्पीड पोस्ट के काउंटर पर बराबर लंबी लाइन लगी रहती है। इसके फलस्वरूप पांच से अधिक डाक पैकेट रहने पर डाकघर के उस काउंटर पर बैठे कर्मी के द्वारा उसे स्वीकार करने में असमर्थता जताई जाती है। पत्र की प्रतिलिपि पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के सांसद, दूरसंचार मंत्री, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है। इस पत्र के आलोक में बिहार परिमंडल पटना कार्यालय के मुख्य डाक महाध्यक्ष सहायक निदेशक (ग्रासं) ने भारतीय डाक विभाग के पटना साहिब मंडल के डाक अधीक्षक को 21 जनवरी, 25 को पत्र भेज कर चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के प्रधान सचिव कमलनयन श्रीवास्तव के द्वारा की गई शिकायत के प्राप्त होने का जिक्र किया गया है। साथ ही इसकी छाया प्रति को संलग्न कर उक्त शिकायत को सीआरएम पोर्टल पर अपलोड कर इसकी जांच और निष्पादन के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही कहा गया है कि शिकायतकर्ता के शिकायत का जल्द से निष्पादन कर प्रतिवेदन सीधे शिकायतकर्ता को भेजी जाए। इसकी एक प्रति इस कार्यालय को भी भेजी जाए।

पत्रकार को मातृशोक, शवयात्रा में विस अध्यक्ष व अन्य हुए शामिल

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। हिन्दी दैनिक से जुड़े पत्रकार अनिल कुमार की माता मिथिलेश कुमारी का निधन बुधवार की रात हो गई। अंतिम संस्कार गुरुवार को खाजेकलां घाट पर हुआ। मुखाग्नि उनके छोटे बेटे अभय कुमार ने दी। अंतिम दर्शन के लिए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, अभिषेक चंद्रवंशी, समी अहमद, अभिषेक पैट्रिक, मो जावेद, प्रफुल्ल पांडेय, बलराम चौधरी, राजेश राय, मनोज गोप, डॉ एकबाल अहमद, मो हनीफ शेख, डॉ भोला पासवान, संजीव कुमार यादव, विनय केसरी, देवरतन प्रसाद, सुजीत कसेरा, शंभू प्रताप मेहता, केएन शुक्ला, शंभू शरण प्रसाद, विजय कुमार सिंह, आलोक चोपड़ा, रत्नाकर श्रीवास्तव, शम्मी कपूर, अमित कुमार, रामभजन यादव, सरदार अजय सिंह चप्पू एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। स्व मिथिलेश कुमारी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। इनमें उनके पुत्र अजीत कुमार, अनिल कुमार, अभय कुमार एवं सुपुत्री अनुपमा चौधरी के साथ ही पोते-पोतियां, नाती-नतिनी आदि शामिल हैं।

प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने सहरसा जिले को दी 210 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 52 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है महिलाएं : नीतीश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में सहरसा जिले के सत्तरकटैया प्रखंड स्थित 10+2 उच्च विद्यालय, मेनहा के परिसर से 210 करोड़ रुपये से अधिक की कुल 52 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 94 करोड़ रुपये की लागत से 36 योजनाओं का उद्घाटन तथा 116 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविकोपार्जन हेतु 4683 स्वयं सहायता समूह को 144 करोड़ 27 लाख रुपये, 2358 स्वयं सहायता समूह को 11 करोड़ 70 लाख रुपये और 2993 स्वयं सहायता समूह को 25 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री तालाब मत्स्य वात्तिकी योजना के अंतर्गत 8 लाख 46 हजार रुपये तथा 15 लाख 62 हजार रुपये की राशि लाभुकों को प्रदान की। मुख्यमंत्री ने बाल हृदय योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और आयुष्मान भारत कार्ड के लाभुकों को भी चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने समग्र गव्य विकास योजना के अंतर्गत 38 लाभुकों को 36 लाख 44 हजार रुपये तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत 120 लाभुकों को 2 करोड़ रुपये की राशि का सांकेतिक चेक प्रदान किया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजना के अंतर्गत लाभुकों को 16 लाख 60 हजार रुपये कासांकेतिक चेक प्रदान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बच्चे को अन्नप्राशन कराया। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने चाबी प्रदान की।

तिलावे नदी की गाद की समस्या के निदान से जलजमाव की समस्या दूर होगी

मुख्यमंत्री ने तिलावे नदी की गाद की समस्या हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने तिलावे धार को पुनर्जीवित करने, इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण प्रस्तावित योजना का रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी दी। इस धार की लंबाई 150 किमी होगी और चौड़ाई 50 मी होगी। इस धार के पुनर्जीवित होने से सुपौल, मधेपुरा, सहरसा एवं खगड़िया जिले के 2700 हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित होंगे। इस योजना की प्राक्कलित राशि 1253.516 लाख रुपये है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि तिलावे धार के पुनर्जीवित होने से सुपौल, मधेपुरा, सहरसा एवं खगड़िया जिले को काफी लाभ होगा। क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इससे बाढ़ न्यूनीकरण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह से खुदाई करवाएं ताकि गाद का जमाव न हो और दोनों तरफ मिट्टी का अच्छे से भराव रहे।

ये रहें मौजूद

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री तथा सहरसा जिले के प्रभारी मंत्री रत्नेश सादा, सांसद दिनेश चंद्र यादव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

शैक्षणिक कार्यकलाप को बेहतर ढंग से संचालित करें

मुख्यमंत्री ने सत्तर कटैया प्रखंड के मेनहा ग्राम में 520 आसनवाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय 10+2 उच्च विद्यालय भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया और परिसर में बनाए गए शिक्षकों के आवास एवं छात्रावास सहित अन्य भागों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। शिक्षक इसी परिसर में रहकर छात्रों को अच्छे से पढ़ाएंगे। बच्चों के रहने का भी बेहतर इंतजाम किया गया है। यहां शैक्षणिक कार्यकलाप को बेहतर ढंग से संचालित करें ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। परिसर की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें। इस विद्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग और शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।

पढ़ाई संबंधित सुविधाओं का रखा जा रहा ख्याल

मुख्यमंत्री ने विशनपुर में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन किया और परिसर में बनाए गए प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय तथा लोक सेवा केंद्र सहित अन्य भागों का जायजा लिया। साथ ही वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो जाने से इस पंचायत के लोगों को एक ही छत के नीचे सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विशनपुर में 237.29 लाख रुपये की लागत से उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत विशनपुर के मध्य विद्यालय परिसर में खेल परिसर का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने मध्य विद्यालय विशनपुर के स्मार्ट क्लास रूम, आईसीटी लैब का भी निरीक्षण किया और वहां छात्रों से बातचीत कर पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि आपलोग खूब मन लगाकर पढ़िए। आपलोगों की पढ़ाई संबंधित सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

कन्हौली से कोईलवर 4 लेन तक सड़क का होगा चौड़ीकरण : विजय

- कहा-बिहटा जाम की समस्या का शीघ्र होगा समाधान
- नगहर एनएच139 से परेब के पास बनेगा वैकल्पिक मार्ग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को बिहटा जाम की समस्या के समाधान हेतु विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्च स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। पटना, भोजपुर एवं सारण के जिला पदाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक भी उपस्थित रहे। बैठक में अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग द्वारा बिन्दुवार तथ्य प्रस्तुत किये गये। बैठक में अपर आरक्षी महानिदेशक (यातायात) द्वारा एक प्रस्तुतीकरण भी प्रस्तुत किया गया।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि बिहटा जाम की समस्या का निराकरण बहुत आवश्यक है। मुख्य सचिव, बिहार द्वारा भी इस विषय पर 06 जनवरी को एक बैठक की गई थी। बैठक में कई ऐसे विषय आये थे जिनका संबंध विभिन्न विभागों और जिलों से था। इसे देखते हुए एक उच्चस्तरीय बैठक हमने आयोजित की थी, ताकि समस्या का यथाशीघ्र निराकरण किया जा सके। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि समीक्षा में एक विषय आया कि नगहर एनएच-139 से परेब के पास एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किये जाने से जाम की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह सड़क लगभग 23 किमी लम्बी होगी, जिससे कनपा-बिक्रम से आने वाले वाहन बिना बिहटा चौक आये हुए भोजपुर की ओर जा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि समीक्षा में कन्हौली चौक से कोईलवर 4-लेन तक सड़क के चौड़ीकरण से जाम की समस्या बहुत हद तक दूर हो सकेगी। यह पथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन है। समीक्षा बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उन्हें इस मार्ग के शीघ्र चौड़ीकरण का निदेश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मनभावन चौक (भोजपुर) से झंगा चौक (सारण) को जाने वाली 5 किमी सड़क के फ्लैंक की अविलंब मरम्मति का निदेश विभागीय पदाधिकारियों को दिया गया है। इसकी मरम्मति से जाम की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि जाम से प्रभावित प्रमुख स्थलों पर 24ग7 पुलिस की तैनाती की जा रही है और छोटे वाहनों को समस्या नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को समेकित प्रयास कर, सभी आवश्यक निर्माण/सुधार कार्य करने का निदेश दिया गया है ताकि इस समस्या का यथाशीघ्र निदान हो सके।

छतों पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट के लिए कल पटना में विशेष कैंप !

पेसू ईस्ट पटना के सभी सब डिवीजनों में लगेंगे कैंप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

यदि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में किसी तरह की जानकारी हासिल करना चाहते हैं या इस योजना के तहत आवेदन करके अपने घर के छत पर सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं तो आप 25 जनवरी को विद्युत आपूर्ति सर्किल पेसू (पटना) के किसी भी आपूर्ति सब डिवीजन पर लगाये जा रहे कैंपों में आ सकते हैं। जी हां इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक सहजता से पहुंचाने के उद्देश्य से 25 जनवरी को विद्युत आपूर्ति सर्किल पेसू के सभी 14 आपूर्ति सब डिवीजनों में कैंप लगाये जा रहे हैं। इन कैंपों में आवेदन के साथ-साथ सोलर प्लांट की स्थापना की त्वरित प्रक्रिया के लिए पैनल में शामिल बिक्रेता भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही अन्य संबंधित कार्य जैसे नेट मीटरिंग, लोड एक्सटेंशन या नाम परिवर्तन के लिए आवेदन भी उसी दिन आप कैंपों में दे सकते हैं। इन कैंपों का आयोजन कंकड़बाग स्थित जे सेक्टर पार्क, करबिगहिया स्थित कंकड़बाग टेंपो स्टैंड, बहादुरपुर में भूतनाथ रोड, गोपालपुर भागवत नगर चौराहा, आरके नगर मीठापुर जीआईएस के पास, बांकीपुर शिव मंदिर चुरी मार्केट के पास, एनआईटी मोड़ के पास, विश्वविद्यालय, गायघाट बजरंगपुरी, मीना बाजार मेहंदीगंज पार्क, राजेंद्र नगर बाजार समिति गेट,मछुआ टोली, राणा प्रताप भवन के पास, मारूफगंज दलहट्टा देवी स्थान, कटरा बाजार, बाजार समिति व पटनासिटी चौक, सीकरप में किया जा रहा है।

ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी, बीएसपीएचसीएल पंकज कुमार पाल ने कहा कि इस योजना का लाभ सुविधाजनक तरीके से राज्य के लोगों तक पहुंचाने के लिए कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। कैंपों में इस योजना के संबंध में हर तरह की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से लाभ उठाने के इच्छुक लोग वहीं पर आवेदन भी कर सकते हैं। आवेदन के साथ ही प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी

कांग्रेस मुख्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनी

पटना। आजाद हिन्द फौज के संस्थापक एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयन्ती गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि नेताजी के त्याग एवं बलिदान आज भी देशवासियों को प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि आईसीएस की परीक्षा में उच्च स्थान पाने के बाद भी उन्होंने सरकारी सेवा छोड़ देश की आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता आनंद माधव ने कहा कि 1938 में नेताजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। उनकी संगठन क्षमता अद्वितीय थी। सुभाष चन्द्र बोस 1939 में भारी बहुमत से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, लाल बाबू लाल, आनन्द माधव, डा स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन, डा संजय यादव निधि पाण्डेय, सत्येन्द्र कुमार सिंह, डा मधुबाला, उदय शंकर पटेल, राज छविराज, संजीव कर्मबीर, मृणाल अनामय एवं अन्य कांग्रेस जनों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया।

राजद कार्यालय में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

पटना।आज राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनायी गई। इस अवसर पर नेताजी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आई.सी.एस. पास करने के बाद अंग्रेजों की हुकुमत में नौकरी नहीं कर देश सेवा में जुट गए। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन में सहभागी हुए। उस समय देश में दो धारा काम कर रहा था। एक नरम दल, दूसरा गरम दल दोनों का एक लक्ष्य स्वतंत्रता दिलाने का था। सुभाष चन्द्र बोस गरम दल के नेता थे। वे देश को आजादी दिलाने के लिए आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर अंग्रेजों से लड़ाई लड़े। इस अवसर पर नेताजी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ,एजाज अहमद ,अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा ,चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य नेतागण शामिल थे।

लोजपा आर कार्यालय में संकल्प सभा का आयोजन

पटना। लोजपा आर के प्रदेश मुख्यालय में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के जयंती के पूर्व संध्या पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया, संचालन राष्ट्रीय पदाधिकारी ललन साह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा ने कहा कि आज हम लोग भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी का जयंती समारोह संकल्प दिवस के रूप में मना रहें है कौन सा संकल्प आज हम लोग ले रहें है। क्या कपूर्री जी जिस मजलूमों, गरीबों, बेजुबानों पर हो रहें जुल्म के खिलाफ निरंतर संघर्ष करते रहें। आज जिस संघर्ष को हम लोगों के नेता चिराग पासवान चला रहें है। उस संघर्ष को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ चलायेगा। यदि हम इस संघर्ष को चलाने का संकल्प लेते है तो कपूर्री जी के उस नारा को अंगीकार करना होगा, जिसमें उन्हों ने कहा था कि कबीरा खड़ा बाजार में लिए लुकाठी हाथ जो घर जारे अपना चले हमारे साथ यानी सबकुछ छोड़कर गरीबों, मजलूमों और बेजुबानों के लिए संघर्ष की शुरूआत करें। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमला कुमारी,युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शंकर शर्मा, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, रामभरोस शर्मा ने संबोधित किया। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

चिराग ने दावोस में गोलमेज चर्चा की अध्यक्षता की

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने स्विट्जरलैंड के दावोस में एक गोलमेज चर्चा की अध्यक्षता की और भारत को वैश्विक खाद्य केंद्र बनाने के दृष्टिकोण को साझा किया। चर्चा में नवाचार, स्थिरता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं पर विशेष जोर दिया गया। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

गणतंत्र दिवस को लेकर बिहार बीजेपी एनआरआई सेल ने बांटा तिरंगा

पटना। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस में अब मात्र 3 दिन ही शेष रह गये हैं। ऐसे में बिहार बीजेपी एनआरआई सेल हर तिरंगा अभियान के तहत लगातार स्कूल कॉलेजों में पहुंचकर तिरंगे का वितरण कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकताओं की ओर कंकड़बाग स्थित गंगा देवी महिला कॉलेज के पास कैंप लगाकर लोगों के बीच तिरंगे का वितरण किया गया। मौके पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाए गए। इसके अलावा मौके पर आयुष्मान भारत योजना के तहत जरुरमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड ऑन स्पॉट बनाया गया। मनीष सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के इच्छा अनुसार इस गणतंत्र दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा लहराने का जो लक्ष्य है, उसी के तहत कार्यकताओं के माध्यम से हर घर तिरंगा पहुंचे इस उद्देश्य लगातार तिरंगे का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज करीब 500 से ज्यादा लोगों के बीच तिरंगा का वितरण किया गया। इसके अलावा मौके पर आयुष्मान भारत योजना के तहत सैकड़ों जरुरमंद लोगों को आयुष्मान कार्ड ऑन स्पॉट बनाया गया। ये अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं, छूटे हुए लोग कभी भी बीजेपी एनआरआई कार्यालय में आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

समाजसेवी निकिता तिवारी के नेतृत्व में कई महिलाओं ने थामा जदयू का दामन

नीतीश कुमार की कुशल नीतियों से प्रभावित हैं प्रदेश की महिलायें : भारती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कुशल नीतियों से प्रभावित होकर दनियावां की समाजसेवी निकिता तिवारी के नेतृत्व में कई महिलाओं ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में जनता दल यू का दामन थामा। इस दौरान विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी और पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े ने सभी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। साथ ही इस मौके पर जनता दल यू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ भारती मेहता ने जदयू परिवार में शामिल हुई सभी महिला सदस्यों का फूल-मालाओं से स्वागत किया एवं उन्हें उज्ज्वल राजनीतिक सफर के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। डॉ भारती मेहता ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को लेकर हमारे नेता की सोच का हर कोई कायल है। यही वजह है कि वर्तमान परिवेश में आधी आबादी का राजनीतिक रुझान निरंतर जदयू की ओर दिनोंदिन बढ़ रहा है। उक्त मौके पर प्रकोष्ठों के प्रभारी प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, अनिल कुमार, रूचि अरोड़ा, उषा सिन्हा, राजकुमारी विभु एवं यास्मीन खातून सहित महिला प्रकोष्ठ की कई पदाधिकारीगण मौजूद रही। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद श्रीमती गीता देवी, सोहाती देवी, कांता देवी एवं मांझी देवी रहीं।

नीतीश कुमार ने सच किया विकसित बिहार का सपना : अंजुम

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकसित बिहार का सपना सच करने का काम किया है। सोशल मीडिया के माध्यम से दर्शकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबडी देवी के शासनकाल के दौरान बदहाल बिहार को संवारने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, दलितों के उत्थान, अल्पसंख्यकों के संरक्षण एवं सम्मान एवं विकास की सफल प्रयोगशाला साबित हो रहा है। अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह उन्होंने जंगल राज के दौरान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी बिहार की अर्थव्यवस्था, कानून व्यवस्था को पटरी पर लाकर बिहार के विकास का मार्ग प्रशस्त किया, वह अद्भुत एवं अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य भर में जारी उनकी प्रगति यात्रा भी सुशासन को और पुख्ता करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। सहरसा जिले में हुए विकास कामों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले को दो भागों में विभक्त करने वाली कोसी नदी पर 500 करोड़ रुपए की लागत से बलुआहा घाट में 2 किलोमीटर लंबाई के एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया है साथ ही सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा में कोशी नदी पर ही डेंगराही घाट में 414 करोड़ की लागत से दूसरा पुल जिसका निर्माण कार्य जारी है। जिले के 135 पंचायत में से 31 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो चुका है। 87 पंचायत में पंचायत सरकार भवन निमाणार्धीन है।

दिल्ली विस चुनाव को लेकर कांग्रेस का एंथम सॉन्ग लांच

पटना। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश कर रही है। इसी सिलसिले में आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का एंथम सॉन्ग लांच किया गया जिसमें बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहें और उन्होंने विधानसभा चुनाव के एंथम सॉन्ग को रिलीज किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने एंथम सॉन्ग लांच के मौके पर कहा कि यह गीत प्रत्येक दिल्लीवासियों और कांग्रेसजन के दिल के अंदर दबी टीस को बाहर निकालती है। पिछले दस वर्षों में जिस तरीके से आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने आम लोगों का खून चूसकर जनता के उम्मीदों पर पानी फेरा है इस गीत के माध्यम से उसे प्रदर्शित करने का काम किया गया है। दिल्ली में कांग्रेस है जरूरी एंथम सॉन्ग में दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहालियों और दर्द को बयान किया गया है। इस गीत में ही आप और भाजपा से दिल्ली वालों की जीत छिपी हुई है। इस देश में छल के आधार पर राजनीतिक सत्ता लाने वाली आम आदमी पार्टी की कलई खोलने का काम इस गाने में किया गया है और भाजपा के द्वारा केंद्रीय सत्ता के माध्यम से कैसे दिल्ली को परेशान किया गया उसको भी रेखांकित किया गया है।

एके 47 चलाने वालो को दी जा रही सुरक्षा : राजद

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र चन्द्रवंशी की उपस्थिति में राज्य कार्यालय के कपूरी सभागार में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में सत्ता के संरक्षण में अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है और ऐसा लगता है कि बिहार में गुण्डा राज चल रहा है। सरकार के संरक्षण में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा मिल रहा है। बिहार में आतंक का राज है और सत्ता संरक्षित अपराधी का अपराध सर चढ़ कर बोल रहा है कि चाहे जितना भी एफआईआर हो जाये हमारा कुछ नहीं बिगड़ सकता है और इसकी मुझे परवाह नहीं है। श्री शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि राजधानी पटना से सटे मोकामा में गोली बारी की घटना हुई है। जेल और कोर्ट की हाजरी लगाने वाले लोग कैसी भाषा बोल रहे हैं और सत्ता को चुनौती दे रहे हैं। उनके वक्तव्य से समझा जा सकता है कि जो आरोपी है वह कह रहा है कि उनपर चाहे जितना मुकदमा हो जाये उसकी परवाह नहीं। आगे कहा कि पटना में खुलेआम गैंगवार और ए के 47 चल रहा है लेकिन सरकार इस मामले पर कोई कारवाई नहीं कर रही है। इसके विपरित ए के-47 चलाने वाले को ही सुरक्षा दी जा रही है। अपराधियों को जेल से बाहर लाने के लिए नियम बदले जाते हैं और इनकी खुशी का ख्याल रखने के लिए इनके परिवार को मंत्री स्तरीय क्वार्टर दिया जाता है।

15 फरवरी तक तैयार हो जाएगा कदमकुंआ का मॉडल वेंडिंग जोन

- 300 बाइक के लिए स्वचालित वाहन पार्किंग हो रहा तैयार
- नगर आयुक्त ने निमार्णाधीन वेंडिंग जोन का किया निरीक्षण

पटना। पटना नगर निगम द्वारा निर्मित कदमकुआं का मॉडल वेंडिंग जोन अब अपने अंतिम रूप में है। इसका निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। वेंडिंग जोन का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है, 15 फरवरी तक इसे बना कर तैयार कर दिया जाएगा। यहां पटना का पहला स्वचालित बाइक पार्किंग भी बनायी जाएगी। साथ ही बैंक्वेट हॉल की भी मिलेगी सुविधा। गुरुवार को नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर द्वारा निमाणार्धीन वेंडग जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक को जल्द से जल्द बचे हुए काम को पूरा करने का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त ने वेंडिंग जोन के बाहर अतिक्रमण किए गए स्थलों को खाली करवाने का निर्देश दिया साथ ही वेंडिंग जोन के प्रवेश द्वार पर लगे बिजली के ट्रांसफॉरमर को हटाने के लिए भी निर्देश दिया है। इसके साथ ही वेंडिंग जोन के तीन तरफ से पेभर ब्लॉक लगाने को कहा गया है।

300 दो पहिया वाहन की पार्किंग की क्षमता

पटना में पहली बार कदमकुआं के वेडिंग जोन के लिए स्वचालित दो पहिया पार्किंग बनायी जाएगी। गौरतलब है कि कदमकुआं वेंडग जोन भवन तैयार करने में 400 टन स्टील लगा है। एक मंजिला भवन बनकर तैयार हो चुका है। ग्राउंड और पहले मंजिल पर फिनिशिंग का काम भी पूरा होने को है। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। 300 दो पहिया वाहन की पार्किंग की क्षमता का स्वचालित पार्किंग बनेगा। इसके साथ ही वेडिंग जोन के सबसे उपरी तल पर खुला बैंक्वेट हॉल बनाने का निर्णय लिया जा रहा है।

वेडिंग जोन में 200 वेंडरों को मिलेगी जगह

कदमकुआं में निमाणार्धीन वेंडिंग जोन पटना का पहला वेंडिंग जोन है जिसे सिर्फ स्टील के सहारे खड़ा किया गया है। इसकी क्षमता 6 मंजिला तक बनाने की है। वेंडिंग जोन तैयार करने में 8 करोड़ की लागत आयी है। कदमकुआं स्थित हिन्दी साहित्य सम्मेलन के पास वेंडिंग जोन के तैयार होने से 200 वेंडरों एक ही भवन में अपना दुकान लगा सकेंगे।

वेंडिंग जोन का क्षेत्रफल 11 हजार वर्ग फीट

वेंडिंग जोन का क्षेत्रफल 11 हजार वर्ग फीट है। ग्राउंड और पहले मंजिला को लेकर कुल 22 हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में दुकाने सजेंगी। वेंडिंग जोन में प्रत्येक दुकान के लिए 2 मीटर लंबा और डेढ़ मीटर चौड़ा जगह दिया जाएगा। साथ प्रत्येक दुकान के प्लेटफॉर्म के नीचे उतने ही क्षेत्र में स्टोर रूम की भी सुविधा रहेगी।

वेंडरों के लिए शौचालय और यूरिनल की सुविधा रहेगी। वेंडिंग जोन में दो लिफ्ट के लिए भी जगह छोड़ा गया है। भविष्य में जरूरत पड़ने में इस वेंडिंग जोन में लिफ्ट की भी सुविधा रहेगी। वेंडिंग जोन में तीन निकास और प्रवेश के गेट है। इन वेंडरों के हटने से कदमकुआं मुख्य सड़क का एक लेन 20 फीट चौड़ी हो जाएगी।गौरतलब है कि वेंडिग जोन शुरू होने से कदमकुआं मुख्य रोड का यातायात पूर्ण रूप से सुधर जाएगा। वेंडिंग जोन नहीं होने से सड़क पर सब्जी और फल मंडी सजता है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती थी। अगले दो महीने में यह सभी परेशानियां दूर हो जाएगी। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने साथ वार्ड 38 के पार्षद डॉ.आशीष कुमार सिन्हा, पार्षद इंद्रदीप कुमार चंद्रवंशी, कार्यपालक पदाधिकारी गंगा कांत ठाकुर, कायार्पालक अभियंता समेत नगर निगम की टीम उपस्थित थी।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं० : 1. कार्य का नाम एवं स्थान : उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर के अधीन पूर्व मध्य रेलवे के 132 केवी ग्रिड सबस्टेशन (जीएसएस) धमदाहा से रेलवे टीएसएस बनमंकी तक 132 केवी, 2 चरण, डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन, जिसमें जीएसएस धमदाहा में 01 नंबर 132 केवी बे का निर्माण भी शामिल है, कार्य का डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए खुली निविदा e-Tender No. EL/C/N/MHX/ETEN/06/24-25, **2 . अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 290028761.89, **3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय :** 18 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 14/02/2025 दोपहर 12:00 बजे तक, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिसबोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस. वेबसाईट www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर
पूर्व मध्य रेल/महेन्द्रूघाट/पटना

पीआर/01967/सीएसपीजे–1/ईजीईएन/टी/24–25/40

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं० : 1. कार्य का नाम एवं स्थान : उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर के अधीन पूर्व मध्य रेलवे के 132 केवी ग्रिड सबस्टेशन (जीएसएस) लौकही से रेलवे टीएसएस लौकहाबाजार तक 132 केवी, 2 चरण, डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन, जिसमें जीएसएस लौकही में 02 नंबर 132 केवी बे का निर्माण भी शामिल है, कार्य का डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए खुली निविदा e-Tender No. EL/C/N/MHX/ETEN/05/24-25, **2 . अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 367468763.31, **3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय :** 18 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 07/02/2025 दोपहर 12:00 बजे तक, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिसबोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस. वेबसाईट www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर
पूर्व मध्य रेल/महेन्द्रूघाट/पटना

पीआर/01966/सीएसपीजे–1/ईजीईएन/टी/24–25/40

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्र के प्रति सुभाष चंद्र बोस का योगदान अविस्मरणीय : डॉ शंभू यादव

दरभंगा। स्थानीय महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा में प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव ने कहा कि सुभाष बाबू जिंदा दिल इंसान थे। सदियों-सदी बीत जाने के बाद कहीं जाकर कोई ऐसा इंसान मिलता है। हिंदुस्तान के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है। अंग्रेजों के उन्होंने दांत खट्टे कर दिये। यकीनन सुभाष बाबू का असमय गुम हो जाना राष्ट्र के लिये बड़ी क्षति थी। उनकी रहस्यमयी मृत्यु एक अनसुलझी सी पहेली बनकर रह गयी। छात्र-छात्राओं को सदैव उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें नमन करता हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुबोध चंद्र यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार नरेंद्र नीरज, एनसीसी सीटीओ डॉ. संगीता कुंमारी व जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका लाल ने भी अपने टिप्स से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मनीष झा, अमित कुमार यादव,मो अमानुल्लाह, दीपक कुमार, निशांत कुमार, अंशु कुमारी, अदिति वर्मा, आस्था कुमारी, कन्हैया पासवान, रिंकी कुमारी, गुड़िया कुमारी व दुर्गा कुमारी समेत दर्जनों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

वरिष्ठ पत्रकार मनोरंजन मिश्र के मां की निधन, शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के चकहबीब निवासी सह वरिष्ठ पत्रकार विभूतिपुर के संवाददाता मनोरंजन प्रसाद मिश्र के मां गोदावरी देवी (पति स्वर्गीय राजकिशोर मिश्र) की निधन गुरुवार को अपराह्न हो गई। वे 83 वर्ष की थी। वे अपने पीछे पुत्र निरंजन कुमार मिश्र, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, राम जपू मिश्र, गंगेश कुमार मिश्र, एवं पांच पुत्री सहित नाती पोता से भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सुधार गई। उनका अंतिम संस्कार बेगूसराय के अयोध्या घाट पर किया गया। उनके निधन पर परिजनों सहित विभूतिपुर के तमाम पत्रकार, जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवियों ने शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना किया।

आरक्षण एवं संविधान के समक्ष चुनौती विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

विभूतिपुर/समस्तीपुर । प्रखंड के ठभका पंचायत में अंबेडकर की विचारधारा आरक्षण एवं संविधान के समक्ष चुनौती विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।अध्यक्षता पंचायत के मुखिया विजय कुमार चौधरी एवं मंच संचालन प्रिय रंजन ने की !सेमिनार को संबोधित करते हुए विधायक अजय कुमार ने अंबेडकर की विचारधारा और उनके द्वारा रचित संविधान के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया आज संविधान के कारण ही गरीबों को हक और अधिकार मिल रहा है।आम मेहनतकश नौजवानों, किसान, मजदूर, छात्रों और महिलाओं को अपना हक और अधिकार मिल पाया है। संविधान की ही देन है जो निम्न वर्गों को आरक्षण का लाभ दिलाकर उसके जीवन स्तर को ऊपर उठने की कोशिश की गई है।

पुलिस ने 1395 लीटर शराब के साथ ट्रक किया जब्त,तस्कर फरार

मधुबनी।जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस को देर शाम गुप्त सुचना मिला की जयनगर की ओर से दरभंगा के तरफ एक 407 मिनी ट्रक शराब की बड़ी खेप जा रही है सुचना की सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु रात्री गस्ती वाहन को रहिका थानाध्यक्ष के द्वारा पखरौनी चौक पर लगा दिया गया और उक्त शराब से लदे वाहन का इंतजार करने लगा लेकिन इस बात की जानकारी शराब कारोबारी के लाइनर को लग गया। तो शराब से लदे वाहन को कही रोक दिया। लेकिन पुलिस बल के द्वारा थाना क्षेत्र के कपिलेश्वर स्थान में देर रात तक उक्त वाहन का इंतजार करने लगा पुलिस बल और उधर पखरौनी चौक पर लगे गस्ती वाहन के द्वारा शराब लदे वाहन 407पिकअप का इंतजार करने लगा लेकिन कुछ देर बाद पुलिस की गाड़ी देखते ही वाहन चालक तेज गति से वाहन को भागते हुए दरभंगा की ओर जाने लगा वही पीछा कर रहे पुलिस बल के द्वारा कपिलेश्वर में चेकिंग अभियान चला रहे पुलिस बल को सुचना दिया और दरभंगा जयनगर मुख्य मार्ग पर दोनो तरफ से पुलिस बल को देखते ही शराब लदे वाहन को काकरौल लाइन होटल के पास शराब कारोबारी वाहन छोड़कर अँधेरे का फायदा उठा कर भाग गया।

भाजपा के नए जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना को सांसद, मंत्री व विधायक ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भाजपा पार्टी कार्यालय में दरभंगा जिले के लिए आदित्य नारायण मन्ना को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर,मंत्री मंगल पाण्डेय,मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, मंत्री हरि सहनी,दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, हायघाट विधायक रामचंद्र प्रसाद, जाले विधायक जीवेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नए दायित्वों के लिए बधाई दी है। सांसद डा ठाकुर ने इस अवसर पर

उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा यदि आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है तो उसमें संगठन की सबसे बड़ी भूमिका है। सांसद ने भाजपा संगठन को कार्यकताओं के लिए एक उदाहरण बताते हुए कहा कि भाजपा भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में इकलौती ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर का एक साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को भाजपा के जिला स्तर से लेकर प्रखंड के पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकत्ताओं ने बधाई व शुभकामनायें व्यक्त किया है।

सुकून का सर्वोत्तम स्थान है भूतनाथ प्रचीन मंदिर

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।निर्जन जंगल गुफाओं में तपस्या करने वाले ऋषि महात्मा के लिए खूबसूरत साधना स्थल सिदेश्वर भूतनाथ प्राचीन मंदिर पोहद्दी है। यहां पहुंचने पर प्राकृतिक आलोकीकता के आगोश में श्रद्धालु खो जाते है। कम ही ऐसा धार्मिक स्थान मिलता है।

सैकड़ों वर्ष पुराना शिव मंदिर परिसर में फल वाटिका में बेनीपुर के बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अश्वनी कुमार ने संयुक्त रूप से 22 जनवरी के शाम सीताफल एवं चीकू का पौधा लगाने के बाद ये बातें कहीं। बीडीओ ने कहा कि यहां पहली बार प्राकृतिक के गोद में शिव मंदिर को देखने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि मुनि-महात्मा कंदरा-बन-एकांत जगह पर तपस्या कर राष्ट्र की मंगल कामना करते हैं। ऐसा ही स्थल यहां

है। उत्तर वाहिनी कमला श्मशान घाट एवं निर्जन स्थान में शिव मंदिर को प्राकृतिक ने खूबसूरत तरीके से सिंगार किया है। परिसर में पांव रखते ही काफी सुकून मिलता है। यहां और विकास की आवश्यकता है। सीओ ने कहा कि प्राचीन मंदिर परिसर शांति और ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम स्थल है। प्राकृतिक ने इस पुण्य स्थल को सुंदरता निखार ने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। कमला नदी के स्वच्छ जल से शिव को जलाभिषेक किया जाता है। शिवलिंग का आकृति कम ही शिव मंदिर में देखने को मिलता है। यहां की सबसे बड़ी खासियत है कि परिसर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को अशेष सुकून व शांति मिलने लगता है। धार्मिक न्यास पर्षद के अधीन है। प्राकृतिक सजावट से लवालव इसको और विकास की जरूरत है। अधिकारी द्वय ने पूजा-अर्चना करने के बाद पुष्प वाटिका का अवलोकन किया तथा इस स्थान को और विकास करने में यथोचित सहयोग करने की बात कही। उनके साथ मां वाणेश्वरी न्यास समिति के सचिव संजीव कुमार झा एवं अंचल नाजिर श्याम मिश्रा शामिल थे।

महादलित टोलो में पदाधिकारियो की उपस्थिति में टोला बुजुर्ग करेगे झंडोतोलन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अब तक की गई तैयारियो को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन को लेकर गठित कमिटियो से एक एक कर उनकी अब तक की तैयारियों का विस्तृत समीक्षा किया एवं संबधित अधिकारियों कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाटसन स्कूल के मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मैदान की तैयारी एवं मंच सज्जा के लिए कार्यपालक अभियंता भवन को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रातः 09 बजे आरंभ होगा। इस अवसर पर जिले

के प्रभारी मंत्री सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।मुख्य समारोह में बिहार पुलिस एसएसबी होम गार्ड एनसीसी स्काउट गाइड आदि की टुकड़िया परेड में शामिल होंगी। उन्होने कहा कि परेड की तैयारी के लिए अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास किया जाए। सभी महत्वपूर्ण विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकालने को लेकर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित डीडीसी दीपेश कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उत्कृष्ट झाकियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर में साफ सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। महापुरषो की मूर्तियों एवं स्मारकों की साफ-सफाई का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकाली जाएगी इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को कई निर्देश भी दिए गए। जिले के महादलित टोलो में पदाधिकारियो की उपस्थिति में टोला बुजुर्ग झंडोतोलन करेगे इसको लेकर जिलाधिकारी ने संबधित पदाधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए ।उक्त बैठक में डीडीसी दीपेश कुमार,अपर समाहर्ता शैलेश कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा संतोष कुमार,एडीएम विभागीय जाच नीरज कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,परिमल कुमार, वरीय उपसमाहर्ता सुजीत वर्णवाल मयंक सिंह,शशि कुमार सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्र के प्रति सुभाष चंद्र बोस का योगदान अविस्मरणीय : डॉ शंभू यादव

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।स्थानीय महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा में प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव ने कहा कि सुभाष बाबू जिंदा दिल इंसान थे। सदियों-सदी बीत जाने के बाद कहीं जाकर कोई ऐसा इंसान मिलता है। हिंदुस्तान के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है। अंग्रेजों के उन्होंने दांत खट्टे कर दिये। यकीनन सुभाष बाबू का असमय गुम हो जाना राष्ट्र के लिये बड़ी क्षति थी। उनकी रहस्यमयी मृत्यु एक अनसुलझी सी पहेली बनकर रह गयी। छात्र-छात्राओं को सदैव उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें नमन करता हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुबोध चंद्र यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार नरेंद्र नीरज, एनसीसी सीटीओ डॉ. संगीता कुंमारी व जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका लाल ने भी अपने टिप्स से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मनीष झा, अमित कुमार यादव,मो अमानुल्लाह, दीपक कुमार, निशांत कुमार, अंशु कुमारी, अदिति वर्मा, आस्था कुमारी, कन्हैया पासवान, रिंकी कुमारी, गुड़िया कुमारी व दुर्गा कुमारी समेत दर्जनों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

भाजपा सामाजिक संरचना व विकास को दे रही प्राथमिकता : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)।भारतीय जनता पार्टी जन विश्वास जागृत कर विकास योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने का निरंतर कार्य कर रही है।यह बातें विधायक डा मुरारी मोहन झा ने गुरुवार को बनौली गांव में मुख्यमंत्री ग्राम पथ उन्नयन योजना बनौली भाया फुलतुहा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास के दौरान कही।उन्होने कहा केवटी विधान सभा के प्रत्येक गांव व गली का चहुंमुखी विकास मेरी प्राथमिकता में शामिल हैं। केंद्र व बिहार की एनडीए सरकार भारतीय की संस्कृति के अनुरूप सामाजिक संरचना को मजबूत कर लोक कल्याणकारी कार्य कर रही है।राम मंदिर के प्रथम वर्ष गांठ पर हम सभी सनातन धर्म प्रेमियों को शुभकामना देते हैं कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्य काल में भव्य दिव्य भगवान श्री राम का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।हम सभी भाजपा समर्थक से आह्वान करते हैं कि आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर पार्टी की नींव को मजबूत कर अपनी जिम्मेदारी को समझें। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष नवीन राउत ने किया।संचालन भाजयुमो मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह ने की।संगठन प्रभारी विशुनदेव दास, जिला पार्षद दिलीप कुमार यादव,मनीष कुमार मेहता,उमेश यादव,राम शकल भगत,अर्जुन ठाकुर, नवीन भंडारी, रवि कमती,मुकेश कुमार महतो सहित अन्य मौजूद थे।

लनामिवि में अभिषद की बैठक हुई संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अभिषद की बैठक संपन्न हुई। अभिषद सदस्यों की उपस्थिति में विश्वविद्यालय परिसर के सभी कार्यालयों के ऑटोमेशन एवं डिजिटल इंफोर्मेशन के लिए प्रावधान पर विचार करते हुए उसे अनुमोदित किया गया।

साथ ही डिजिटल कॉपी करेक्शन के लिए भी अनुमोदन किया गया। अभिषद सदस्यों ने पूर्व की अभिषद बैठकों के अनुपालन प्रतिवेदन पर विचार अनुमोदित करते हुए शिक्षकेत्तर कर्मियों की प्रोन्नति और विद्वत परिषद की बैठक में लिए गए अकादमिक निर्णयों पर सहमति की मुहर लगाई। इस अभिषद बैठक में आगामी 27 जनवरी को होने वाली अधिषद की बैठक पर विचार करते हुए बजट का अनुमोदन किया और इस बाबत यह संपुष्ट किया गया कि अधिषद की बैठक में वित्त सलाहकार द्वारा बजत पटल पर रखी जाएगी। जिन महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की। इच्छा हो ,वे इस संदर्भ में संबद्धता के लिए कार्य अग्रेषित कर सकेंगे। विगत कई समय से हड़ताल पर बैठे 11 दैनिक कर्मियों पर विचार करते हुए, अभिषद सदस्यों ने दो पत्रों के आलोकनार्थ दूसरे पत्र के आलोक में भुगतान करने के निर्णय का अनुमोदन किया। अंत में आगामी 27 जनवरी को अधिषद की बैठक के आयोजन पर सदस्यों ने अपने विचार रखे। बैठक में अभिषद सदस्य सांसद गोपाल जी ठाकुर, फारुख हसन, डॉ अमर कुमार, डॉ दिलीप चौधरी, वैद्यनाथ चौधरी, डॉ कृष्णकांत झा, प्रो शाहिद हसन, प्रो नौशाद आलम, प्रो अजय नाथ झा, वित्त सलाहकार इंद्र कुमार, वित्त पदाधिकारी जानकी रमण निधि और कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित उपस्थित थे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर । प्रखंड के सिंघियाघाट स्थित यूनिक चिल्ड्रेन अकादमी के प्रांगण में प्राचार्य अर्जुन कुमार के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। वहीं दूसरी ओर डीबीकेएन नरहन कॉलेज के प्रांगण में एन एस एस के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के अवसर पर वाद विवाद और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पराक्रम दिवस समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ राकेश रंजन सिंहा एवं संचालन एन एस एस सह संयोजक डॉ यश रंजन ने किया।श्री सिंहा ने अपने संबोधन में सुभाष चंद्र की तरह पराक्रमी और ज्ञानी समाज का निर्माण करने के लिए सभी बच्चों को संकल्पित किया, पूर्व प्रधानाचार्य प्रो दिनेश कुमार राम ने समानता और स्वतंत्रता का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ पूनम राय, डॉ शशी कुमार, डॉ नूतन कुमारी, डॉ लक्ष्मीकांत, प्रेम प्रकाश,जया कुमारी एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं डेविड कुमार, पल्लवी कुमारी, निधि कुमारी, खुशबू कुमारी, आकाशदीप, अभिषेक रंजन, आकांक्षा कुमारी, श्रेया कुमारी, पूजा भारती आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

70 करोड़ की राशि से निर्मित 200 बेड के अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि करीब एक करोड़ बेटियों के लिए सभी जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में एचपीबी टीका की व्यवस्था कर दी गई है। आप अपनी बेटियों को टीका जरूर दिलवा दीजिए। सरकार के लिए रुपया महत्वपूर्ण नहीं है, बेटियों का जीवन महत्वपूर्ण है। हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। उन्होंने भूमिदाता श्री गोशाला समिति के सचिव पवन सुरेका व अन्य को धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 2017 में जब विधायक संजय सरावगी ने इस ओर ध्यान दिलाया तो पाया गया कि फाइल बंद हो चुकी है। इस ओर मैंने मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाया। कहा कि दरभंगा में यदि सदर अस्पताल बन जाता है तो इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी स्वीकृति दी और आज करीब 70 करोड़ की राशि से इस अस्पताल का निर्माण हुआ। 17 सौ बेड डीएमसीएच और बढ़ेगा। इसकी निविदा की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दरभंगा को एम्स दिया। मुख्यमंत्री ने इसके लिए जमीन दिया। दरभंगा में एम्स का निर्माण

शुरू हो चुका है। मिट्टी की जांच पूरी कर ली गई है। बाउंड्री बनाने के लिए रेखांकन का काम चार-छह दिनों में शुरू हो जाएगा। मिथिलांचल व संपूर्ण कोसी के क्षेत्र में कोई कैंसर का बड़ा अस्पताल नहीं है। दो सौ बेड के इस अस्पताल का उपयोग कैंसर के मरीजों के लिए किया जाएगा। इसमें भी खासकर ओरल कैंसर (सिर, मुख व गर्दन कैंसर) के मरीजों का उपचार होगा। अभी ऐसे मरीजों को दिल्ली, मुंबई जाना पड़ता है। इसकी जिम्मेदारी होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मुजफ्फरपुर के डा. रविकांत को दी गई। मुजफ्फरपुर के कैंसर अस्पताल में अभी तक 10 हजार मरीजों का आपरेशन हो चुका है। 450 करोड़ की लागत से एसकेएमसीएच में कैंसर हास्पिटल बनवाया जा रहा है। जिसका उदघाटन मार्च महीने में हो जाएगा। बिहार में कैंसर के इलाज के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। सभी 38 जिले में कैंसर स्क्रीनिंग चल रहा है। अब उसका लाभ है कि कैंसर पहले पता लग जाता है तो उसका इलाज शुरू हो जाता है और आदमी का जीवन बढ़ जाता है।

हम सब लोग निरंतर सतत विकास के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जब प्रगति यात्रा में आए थे तो कई हजार करोड़ की योजना देकर गए हैं। हमारे सांसद गोपालजी ठाकुर, संजय झा, संजय सरावगी और सभी जनप्रतिनिधियों का इसमें सहयोग है। आज मिथिलांचल आगे बढ़ रहा है, बदल रहा है। पिछले तीन महीने में पांच बड़ी योजनाओं का उदघाटन या शिलान्यास प्रभारी मंत्री के रूप में किया हूं। पिछले 20 वर्षों में जो बदलाव हुए हैं, उस बदलाव को आपने देखा है। आप लोगों को यदि 20 वर्षों की यात्रा पसंद आई है तो 2005 के बाद आए इस बदलाव को आप जारी रखना चाहते हैं तो मंच पर आगे की पंक्ति में बैठे लोगों को ही बरकरार रखना पड़ेगा। यदि गलती से इनको बदल दिया तो परिस्थितियां 2005 के पहले वाली आ जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन डा रविकांत ने किया। मौके पर मंत्री हरि सहनी, सांसद डा गोपालजी ठाकुर, नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी विधायक डा मुरारी मोहन झा, बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी, हायघाट विधायक डा रामचंद्र प्रसाद आदि ने संबोधित किया।

सभा आयोजित कर मध्य विद्यालय समर्था के संस्थापक शिक्षक रामशंकर बाबू को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के कल्याणपुर दक्षिण पंचायत समर्था निवासी सह मध्य विद्यालय समर्था के संस्थापक शिक्षक राम शंकर सिंह के निधन उपरांत द्वादशा कर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन डॉ अरुण कुमार झा कर रहे थे।

सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर

विस्तार से प्रकाश डाला। बता दें कि रामशंकर सिंह मध्य विद्यालय समर्था के संस्थापक शिक्षक के साथ-साथ प्रभारी प्रधानाचार्य भी थे। 1953 से लेकर 1957 अपनी लगातार सेवा देकर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास किया। एवं इस विद्यालय से अवकाश भी ग्रहण किए ।श्रद्धांजलि सभा को स्थानीय विधायक अजय कुमार, रंजीत निगुर्णी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्र, भाजपा नेत्री विमला सिंह, राम पुनीत झा, अरुण सिंह, विवेकानंद झा, सुनील कुमार मिश्र, राम गुनीत झा, जागेश्वर जी, अनिरुद्ध झा आदि ने संबोधित किया। मौके पर राम शंकर बाबू के छोटे भाई अवकाश प्राप्त रेल अधिकारी गौरीशंकर सिंह, पुत्र अवकाश प्राप्त शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, पुत्री मंजू, रंजू,भतीजा प्रणय कुमार, पौत्र अमलेंदु वत्स, प्रशांत वत्स,शौर्य वत्स सहित क्षेत्र से आए सैकड़ो शिक्षक, बुद्धिजीवी, एवं ग्रामीण मौजूद थे।

कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर आयोजित हुआ विशाल चिकित्सा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट द्वारा दूसरा शिविर केवस निजामत पंचायत, लख्खी चौक में आयोजित किया गया। यह शिविर समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार सिंह ने इस शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच की, चिकित्सा परामर्श दिया और आवश्यक दवाइयाँ प्रदान कीं। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने ठाकुर जी की सादगी और उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन और कार्य हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को गर्व है कि हम उसी जिला से हैं, जहां ठाकुर जी का जन्म हुआ था और जहाँ से उनकी विचारधारा ने समाज में बड़े परिवर्तन लाए। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि कल ठाकुर जी के पैतृक गांव में भी निःशुल्क शिविर लगाया था, जहां उनके पुत्र, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित थे। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में यह कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। इसके अलावा, इस शिविर में बीजेपी मंडल अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, बीजेपी युवा मोर्चा के संतोष कुशवाहा, सरपंच केवस अशोक कुमार, केवस मुखिया केवस राजीव कुमार राय, छतौना मुखिया लक्ष्मण प्रसाद, मोरदिवा मुखिया राम अधार सिंह, मोरदिवा सरपंच शिव सागर महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने शिविर की सराहना की और इस तरह के आयोजनों के महत्व को बताया। यह शिविर एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में आयोजित किया गया था, जो जनहित में योगदान देने के साथ-साथ कपूर्री ठाकुर के योगदान को याद करने और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

जयनगर रेलवे स्टेशन पर बड़ी रेल लाइन के मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले जयनगर रेलवे स्टेशन पर बड़ी रेल लाइन के मांग को लेकर धरना प्रदर्शन को लेकर आंदोलन किया गया था। आंदोलन को लेकर ग्यारहक लोगो पर दरभंगा जीआरपी के द्वारा केस नंबर 45/05 मामला दर्ज किया गया था । दर्ज मामले में आरोपीयों में पूर्व विधायक राम नरेश पांडे, मो. अमीरुद्दीन, मो. जहांगीर,सत्यनारायण यादव पाण्डव यादव राजदेव दास राजगीर मुखिया अजय राय वंशराज यादव रामसुंदर मंडल मो. सुलेमान की आरोपित हुए। आरोपियों में दो व्यक्ति अमीरुद्दीन एवं सुलेमान का मृत्यु हो चुकी है। दिनांक 22/0 1/2025 को समस्तीपुर रेलवे कोर्ट के जज चंद्र भूषण भारती के समक्ष सुनवाई के दौरान मामले को लेकर कोई साक्ष्य प्रस्तुत नही किए जाने के कारण मामले में रिहाई हो जाने की जानकारी दी गई। आरोपियों की ओर से सुनवाई वकील अरविंद कुमार झा ने किया। कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर लगभग बीस वर्षों के बाद नौ लोगों आरोपियों को आरोप से मुक्त कर दिया गया। और मामले से रिहाई कर दिया गया और मामले को को समाप्त कर दिया गया। यह जानकारी मो. जहांगीर के द्वारा दी गई।

संक्षिप्त खबरें

एक्सीडेंट में अज्ञात टेम्पू चालक पर प्राथमिकी दर्ज

जमुई। मंगलवार को बाराजोर रेलवे फाटक के पास टेंपू पलटने से एक 2 वर्षीय बच्ची और दो महिला के घायल होने की घटना में एक महिला ने अज्ञात टेंपू चालक के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कलयुगा गांव की रहने वाली घायल महिला ममता कुमारी ने दर्ज आवेदन में बताई की अपनी बेटी रिया कुमारी, गौतनी चांदनी कुमारी के साथ टेम्पू पर सवार होकर झाझा जा रही थी तभी चालक अपना वाहन तेज गति से चलाने के दौरान उसकी लापरवाही के कारण टेंपू पेड़ में टकरा गया जिसमें हम लोग घायल हो गए। इसके अलावे घटना स्थल पर एक साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

बिजली चोरी करने के मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई। बिजली चोरी करने के मामले में विद्युत विभाग के द्वारा चलाये गए छापेमारी अभियान में अलग अलग जगहों से चार लोगों को बिजली अवैध तरीके से उपयोग करते पकड़े जाने पर सभी के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कनीय विद्युत अभियंता आदित्य कुमार ने दर्ज आवेदन में बताया कि चांय गांव के मो. आबिद अंसारी ने 13100, हसनूल खातून 5672, अलकजरा यादव से राजेश यादव 8196 तथा भीम मंडल 5820 रुपए के बिजली चोरी कर विभाग को राजस्व क्षति पहुंचाया है। जबकि उक्त लोगों पर विभाग का कुल मिलाकर 56885 रुपए का बिजली बिल पूर्व का बकाया भी। पकड़े गए उक्त सभी लोग मीटर से पहले अवैध तरीके से तार जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहा था।

झाझा के कर्पूरी चौक पर चला वाहन चेकिंग अभियान

जमुई [झाझा] झाझा के कर्पूरी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जमुई एसपी मदन कुमार आनंद के निर्देशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व एसआई कुंज बिहारी कर रहे थे। इस दौरान शीट बेल्ट, कागजात व बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे वाहन चालकों से पुलिस ने लगभग 11 हजार के जुर्माने वसूल किए। वहीं मौजूद पुलिस कर्मियों ने सख्त हिदायत दी की ट्रैफिक नियम का पालन करें, आपकी सवारी सुरक्षा के लिए है। एसआई ने बताया की आम जनता से अपील है की वो अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि बिना नंबर प्लेट के यदि कोई भी वाहन पकड़े गए तो इन पर उचित कार्यवाही की जाएगी। मौके पर बीएमपी के जवान और पुलिस बल भी मौजूद रहे।

आज कर्पूरी ठाकुर का 101 वां जयंती समारोह का होगा आयोजन

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर प्राचीन काली मंदिर परिसर में देश के महान समाजवादी नेता भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का 101वां जयंती समारोह का आयोजन जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह जेपी सेनानी गोरेलाल मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस जयंती समारोह का मुख्य अतिथि जिला जदयू उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह चौहान जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे प्राचीन काली मंदिर के परिसर में आयोजित की गई है। इसकी जानकारी गोरेलाल मंडल ने प्रेस को दी है।

60 जरूरतमंद और गरीब के बीच किया गया कंबल का वितरण

मुंगेर। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी एडीएसएस कुमार सत्याकांत के नेतृत्व में 60 गरीब और जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिले में शीतलहर का कहर आम जनता के साथ ही असहाय लोगों के लिए पीड़ादायक है। गुरुवार की रात्रि 10 बजे ठंड को देखते हुए जरूरतमंद एवं गरीबी को फिल्ड कोडिनेटर सुमित कुमार के साथ एडीएसएस उपनिदेशक सामाजिक सुरक्षा कुमार सत्याकांत ने अपने हाथों से 60 कंबल वितरण किया गया। मौके पर राकेश कुमार, सौरभ कुमार, गौरव कुमार, निखिल कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

याद किए गए नेताजी सुभाषचंद्र बोस

मुजफ्फरपुर। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गैर समझौतावादी धारा के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती एसयूसीआई द्वारा के जिला कार्यालय मोतीझील में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए एसयूसीआई के बिहार राज्य अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष में नेताजी सुभाषचंद्र बोस गैर समझौतावादी धारा के महानायक थे। उनका सपना था एक मनुष्य के द्वारा दूसरे मनुष्य के शोषण पर आधारित वर्तमान पूंजीवादी निजाम को उखाड़ फेंक शोषणविहीन समाजवादी आर्थिक व्यवस्था की स्थापना हो। आज आजादी प्राप्ति के 77 वर्ष बाद भी अधूरा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के इस अधूरे सपने को साकार करने की जिम्मेवारी आज के वर्तमान छात्रों जवानों के कंधों पर है। तभी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल थे।

बाबा वैधनाथ मंदीर के पंडा पहुंचे झुमराज मंदीर बटिया, कमेटी सदस्यों ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई। झारखंड प्रदेश के देवघर शहर मे स्थित सुप्रसिद्ध बाबा वैधनाथ मंदीर के पंडा सह धर्म रक्षीणी सभा देवघर के अध्यक्ष श्री सुरेश भारद्वाज गुरुवार को जमुई जिले के बटिया मे स्थित प्रसिद्ध बाबा झुमराज स्थान पहुंचे। जहाँ पर उन्होंने बाबा झुमराज का विधिवत पुजा अर्चना कर देश वासियों के लिए मिन्नते मांगी। मौके पर उपस्थित धार्मिक न्यास पार्षद पटना के द्वारा गठित बाबा झुमराज मंदीर कमेटी के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। कमेटी सदस्यों ने उन्हें सर्वप्रथम शॉल ओढ़कर सम्मानित किया तत्पश्चात प्रसिद्ध बाबा झुमराज की फ्रेम लगा भव्य तस्वीर ओर डायरी भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया। कमेटी सदस्यों द्वारा सम्मानित होने के बाद श्री भारद्वाज ने बाबा झुमराज के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए उपस्थित बड़ी संख्या में श्रधालु भक्तों के साथ अपनी शुभकामनायें साझा की। ज्ञात हो कि झारखंड प्रदेश के सुप्रसिद्ध बाबा वैधनाथ मंदीर के पंडा सह धर्म रक्षीणी सभा के अध्यक्ष श्री बाबा झुमराज मंदीर बटिया में आगमन होने पर छेत्र मे भक्ति मय ओर उत्साह पूर्ण वातावरण बना रहा। इधर बाबा झुमराज मंदीर कमेटी के सदस्यों ने श्री भारद्वाज का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं दिघायु जीवन की कामना बाबा झुमराज से की। इस अवसर पर बाबा झुमराज मंदीर कमेटी के कोषाध्यक्ष लालु प्रसाद बरनवाल, उपाध्यक्ष आशीष कुमार बरनवाल तथा सदस्यों मे प्रमोद बरनवाल के अलावा रामविलास यादव, रंजीत बरनवाल, गांगो पासवान, रविंद्र यादव, तुलसी रजक, नारायण पासवान, रोहित पासवान, जनार्दन यादव, रोहित बरनवाल, द्वारिका राय, विजय सिंह, नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यवसाई ओर सेवादार मौजूद थे।

दो बाइक की आमने सामने भीषण टक्कर, तीन गम्भीर रूप से हुए घायल

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई। झाझा थानाक्षेत्र के सर्किल नम्बर एक सिकरडीह मोड़ के पास दो बाइक की आमने सामने भीषण टक्कर में दोनो बाइक पर सवार कुल तीन गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बैजला पंचायत के कुबरी गांव निवासी मंसूर अंसारी तथा सिकरडीह गांव के रहने वाले नीतीश कुमार और रूपेश कुमार के रूप में हुई। घटना में दोनो बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। वही घायल मंसूर के परिजनों ने बताया कि मंसूर बुधवार को कोलकाता से अपने घर आया था और गुरुवार को जरूरी काम से बाइक से बोडबा बाजार जा रहा था। घटना देखने के बाद लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जुट गई और बोड़वा पंचायत के मुखिया अशोक कुमार एवं अन्य लोगों ने सड़को पर लहूलुहान अवस्था मे गिरे पड़े तीनो घायलों को देखने के बाद डायल 112 की पुलिस और अस्पताल को दिया जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस में मौके स्थल पर जूट स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां डॉक्टर नौशाद, डॉक्टर सदाब अहमद के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया और तीनों की स्थिति नाजुक रहने पर सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल रूपेश ने बताया कि मैं बोड़वा बाजार में बैंक में खाता खुलवाने के लिए गया था और वहां से बैंक का कामकाज पूरा कर बाइक से अपने दोस्त के साथ वापस आ रहा था कि तभी सिकरडीह मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक ने मेरे बाइक में टक्कर मार दिया।

कदाचार मुक्त हो रही है बी ए सेमेस्टर वन की परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर(कोर्ट)। आरएस कॉलेज तारापुर में मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के द्वारा आयोजित बी ए सेमेस्टर वन की परीक्षा सत्र2024-2028और बैकलॉग 2023-27 ली जा रही है आरएस कॉलेज तारापुर में

एच एस कॉलेज हवेली खड़गपुर का केंद्र बनाया गया है। गुरुवार को कम्युनिकेशन इन एवरीडे लाइफ और मिल हिंदी इंग्लिश उर्दू बंगाली परीक्षा हुई फर्स्ट सिटिंग में कम्युनिकेशन इन एवरीडे लाइफ में 269 उपस्थित थे 41 बच्चे अब्सेंट थे इस संबंध में हमने कॉलेज के परीक्षा नियंत्रण डॉक्टर पूर्णिमा गुप्ता से बात किया तो उन्होंने बताया कि आर एस कॉलेज तारापुर में बीए सेमेस्टर वन की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त हो रही है हमने जब पूछा कि आज इतने बच्चे एब्सेंट क्यों पाए गए तो उन्होंने बताया कि रूटिंग समझ में नहीं आने के कारण मुझे लगता है शायद मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा जो रूटिंग जारी किया गया था उसमें कम्युनिकेशन इन एवरीडे लाइफ में सेट लिखा हुआ था लेकिन एडमिट कार्ड में सेट नहीं लिखा हुआ था यह भी शायद कारण हो सकता है इस संबंध में हमने कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर यु एस दास से पूछा तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां जो सेंटर एच एस कॉलेज हवेली खड़गपुर का बनाया गया है यहां शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त एग्जाम हो रहा है।

मुंगेर में वर्ष 2024 में 76 मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी गई, हत्या मामले में 78 अपराधी हुए गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। हवेली खड़गपुर। मुंगेर एसपी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 29 दिसंबर तक जिले के विभिन्न थानों में पुलिस हथियार निर्माण की गुप्त सूचना पर 76 मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन किया है इस दरमियान पुलिस को 63 देसी पिस्टल 80 देसी कट्टा 35 मैगजीन देसी कट्टा 52 अर्ध निर्मित देसी पिस्टल 52 अर्ध निर्मित मैगजीन 133 गोली दो वायरल 37 खोखा 50 अर्ध निर्मित मैगजीन बरामद किया गया एसपी कार्यालय के अनुसार नए साल में शहरी क्षेत्र के थानों में बीट पुलिसिंग कार्यक्रम की शुरूआत कर प्रत्येक बीच के लिए एक पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रत्येक थाना में शनिवार को जनता दरबार आयोजित किया जाता है जिसमें 521 मामलों का थाना स्तर से निष्पादन कराया गया। वर्ष 2024 में दो चरणों में लोकसभा चुनाव और तीन चरणों में टैक्स चुनाव भय मुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस कर्मियों ने सक्रियता और सहयोग किया। शराब मामले में 835 लोगों को गिरफ्तार किया गया शराबबंदी के बावजूद जिले में जमकर शराब की बिक्री सालों भर जारी रही और आज के डेट में भी शराब की बिक्री जारी है हालांकि गुप्त सूचना के पर कार्रवाई करते हुए जिला भर में पुलिस ने शराब कारोबारी से जुड़े 835 लोगों को गिरफ्तार किया जबकि शराब पीने के आरोप में 1409 लोगों को गिरफ्तार किया गया इसके अलावा पुलिस ने साल भर में 881248 लीटर विदेशी शराब जप्त किया तथा एक करोड़ 48 लाख 66725 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया गया जिले के विभिन्न थानों में दर्ज हुए। 01 जनवरी से 28 दिसंबर 24 तक हत्या मामले में संलिप्त 78 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि लूट मामले में 27 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही स्क्वाड 3 के तहत 174 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई जबकि सीसीएक्ट के 12 के तहत एक अपराधी के विरुद्ध कार्रवाई की गई वहीं विभिन्न पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से 9517 आपराधिक छवि वाले लोगों के विरुद्ध बाउंड डॉ कराया गया और 12828 अपराधी छवि वाले लोगों के विरुद्ध धारा 107 के तहत निरोघात्मक कार्रवाई की गई।

सम्पति के लालच में पति ने रचा ली दूसरी शादी, पहली पत्नी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई। पति की दूसरी शादी कर लिए जाने में एक महिला ने अपने पति और उसकी दूसरी पत्नी एवं अन्य लोगों को नामजद बनाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र के करमा बोड़वा की रहने वाली तमन्ना खातून ने दर्ज आवेदन में बताई की मेरी शादी 12 साल पूर्व मो. मासूम से हुई जिसके बाद सही सलामत हमलोग रह रहे थे। वहीं मेरे बेटे की तबियत अचानक खराब रहने पर मैं पति के साथ बेटे को लेकर अपने मायके लौंगाय गांव आते जाते रहती थी। इसी बीच मेरे पति का गांव की रहने वाली रुकसार खातून से उसका चक्कर चलने लगा जिसकी जानकारी मुझे नही हुआ। 15 जनवरी को मेरा पति मुझे बिना बताए घर से निकल गया शाम को जब पति से फोन पर बात हुई तो उसने रुकसार से शादी कर लेने की बात की। दर्ज आवेदन में पीड़िता ने आगे बताई की रुकसार की मां सलमा खातून ने मेरे पति को अपनी बेटी से शादी करने पर पूरी सम्पति देने की बात भी की थी। जिसके लालच में मेरे पति ने रुकसार को लेकर शादी कर लिया और ताराकुरा में रहने लगा। पीड़िता ने आगे बताई की मेरे पति और रुकसार की शादी करवाने ताराकुरा गांव के एहसान अंसारी, जफरुल अंसारी, नौशाद अंसारी, बाराजोर गांव की रहने वाली गुड़िया खातून का हाथ बताई। पीड़िता ने आगे बताई है कि जब पति को फोन की तो उसने बच्चे, मुझसे कोई सम्बध नही रखने की बात करते हुए मुझे जान मारकर जंगल मे फेंक देने की धमकी दिया।

जलालपुर प्रखंड के रूसी बरेजा गांव में मंदिर से राम लक्ष्मण और बाल गोपाल की मूर्ति हुई चोरी

जलालपुर प्रखंड के रूसी मंदिर से मूर्ति चोरी हो गई है एक श्री रामचंद्र की अष्टधातु की मूर्ति थी दूसरी लक्ष्मण जी की पीतल की मूर्ति थी और तीसरा बाल गोपाल की मूर्ति थी एक बहुत ही पुरातन एक ताम्रपत्र था वह भी चोरी हो चुका है गांव के प्रभात पांडे जी ने और तमाम लोगों ने मिलकर थाने में बातें कहीं थाना भी वहां गया और जायजा लिया किया कई इंजलों से जांच चल रही है सीसीटीवी कैमरा खंडाला जा रहा है और सूत्रों के से जानकारी प्रशासन पता लगा रही है कि आखिरकार यह चोरी कैसे हुआ इस चोरी के पीछे किसका हाथ है जलालपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने कहा कि चाहे कोई भी कर हो उसे जरूर कानून अपने शिकंजे में लगी हर तरफ से उसकी जांच चल रही है हालांकि थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि ऐसे स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाना बहुत ही जरूरी होता है ताकि ऐसे चोरी कोई नहीं कर सके हालांकि पुलिस कई सीसीटीवी कैमरा खन्ना ने की बात कर रही है राहुल कुमार ने कहा कि बहुत ही जल्द चोर को हम लोग पकड़ कर सलाखों के पीछे डाल देंगे ग्रामीणों ने अपनी अर्जी लगाई है कि किसी भी संदेश लोग को मूर्ति ले जाते कोई देखे तो जलालपुर थाना में जरूर बताएं राष्ट्रीय सहारा जलालपुर सारण से मैं राजेश कुमार।

भेल्दी थानान्तर्गत अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन कर 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।भेल्दी थाना को मुफ्फसिल थानाध्यक्ष द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुफ्फसिल थाना कांड सं0-336/24, दिनांक-12.06.24, धारा-302/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त अनिश राय, पिता संजय राय, साकिन- रौजा पोखरा, थाना- नगर, जिला- सारण के स्वीकारोक्ती ब्यान मे बताया कि घटना में इस्तेमाल अवैध अग्नेयास्त्र भेल्दी थानान्तर्गत मुरली सिरसिया गांव से सुमन ठाकुर, पिता- बिचारी ठाकुर के मिनी गन फैक्ट्री से खरीदा था। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भेल्दी थाना पुलिस टीम एवं मुफ्फसिल थाना टीम द्वारा संयुक्त रूप से गिरफ्तार अभियुक्त अनिश राय के निशानदेही पर सुमन ठाकुर के घर छापामारी किया गया। छापामरी के क्रम में विभिन्न प्रकार के अर्द्धनिर्मित हथियार का पार्ट-पुर्जा, हथियार एवं हथियार बनाने वाला उपकरण बरामद कर 01 अभियुक्त सुमन ठाकुर, पिता- बिचारी ठाकुर, साकिन- मुरली सिरसिया, थाना भेल्दी, जिला- सारण को गिरफ्तार किया एवं 01 विधि विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुमन ठाकुर के द्वारा स्वीकारोक्ती ब्यान में बताया गया कि ये पूर्व में माओवादियों के साथ काम करते थे एवं उन्हे हथियार बना कर बेचते थे। इस संबंध में भेल्दी थाना कांड सं0-19/25, दिनांक 22.01.25, धारा 25 (1-ए)/25 (1-एए)/25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

सीमा शुल्क ने ट्रक से 234.74 किलोग्राम नेपाली गांजा किया बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क प्रमंडल मुजफ्फरपुर एवं सीमा शुल्क स्थल चौकी बैरगनियाँ के अधिकारियों ने एक बड़ी करवाई में गुरुवार को सीमा शुल्क स्थल जाँच चौकी बैरगनियाँ पर जाँच के दौरान एक ट्रक से कुल 234.74 किलोग्राम नेपाली गांजा बरामद किया जिसे ट्रक सहित मादक द्रव्यो एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एन० डी० पी० एस०) अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया एवं चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया गया। जब्त किए गए गांजा एवं ट्रक का कुल अनुमानित मूल्य रुपए 2.41 करोड़ है। ज्ञात हो की सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक के दिशा निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। विगत कुछ वर्षों में सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा गांजा की ये सबसे बड़ी जब्सी है। इतने बड़ी जब्ती के लिए आयुक्त महोदय ने सीमा शुल्क प्रमंडल मुजफ्फरपुर के अधिकारियों के कामयाबी को सराहा है। इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क प्रमंडल मुजफ्फरपुर एवं सीमा स्थल चौकी बैरगनियाँ के अधिकारियों ने प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क स्थल जाँच चौकी बैरगनियाँ पर जाँच नजदीक नेपाल से आ रही ट्रक संख्या इफ06ऋ5164 की तलाशी ली जिसमें ट्रक के चालक के केबिन में बने गुप्त तहखाने से कुल 234.74 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जिसे ट्रक सहित मादक द्रव्यो एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एन० डी० पी० एस०) अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया एवं चालक व खलासी को हिरासत में लेकर पुछ-ताछ की जा रही है। जब्त किए गए गांजे की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 2.35 करोड़ रुपए है एवं ट्रक का मूल्य लगभग 6 लाख रुपए है। यह करवाई श्री अनीश गुप्ता, अपर आयुक्त, सीमा शुल्क पटना के दिशानिर्देश में सीमा शुल्क प्रमंडल मुजफ्फरपुर के सहायक आयुक्त त्रिपुरारी शरण के नेतृत्व में राजेश कुमार वर्मा व जीतेन्द्र कुमार, अधीक्षक, जितेश कुमार व अमर प्रताप, निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीयों के द्वारा की गई। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उक्त गांजा कहाँ से लाया एवं कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी करवाई की जा रही है। विदित हो कि पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त महोदय ने यह भी बताया कि विगत दिनों में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों खासकर गांजा के अनेकों तस्करी के प्रयासों को नाकाम करते हुए इसकी जब्तियाँ की गई है। इसके लिए उन्होंने विभाग के अधिकारीयों के प्रयासों की सराहना करते हुए और भी अधिक चौकन्ने रहने के लिए कहा है। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूकता पे बल दिया। इसके अतिरिक्त अन्न विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।। इस सम्बन्ध में आयुक्त महोदय ने यह भी बताया की तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

मशरक उत्पाद थाना में डीजे के साथ शराब पार्टी करते इंस्पेक्टर, दारोगा एवं सिपाही गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मशरक। मशरक उत्पाद थाना में डीजे की धुन पर शराब पार्टी में सामिल उत्पाद थानाध्यक्ष सुनिल कुमार, दारोगा कुन्दन एवं सिपाही संतोष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर मशरक थाना लाया। जहां जांच पड़ताल की जा रही है। डीएसपी मशरक अमरनाथ, अंचल थाना मशरक पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह एवं मशरक थानाध्यक्ष अजय कुमार ने दलबल के साथ मशरक उत्पाद थाना की घेराबंदी कर उत्पाद थाना में प्रवेश कर डीजे बजा शराब पार्टी करते तीन पुलिस पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। मशरक डीएसपी अमरनाथ को गुप्त सूचना मिली कि मशरक उत्पाद थाना में डीजे बज रहा है। शराब पार्टी चल रही है। सभी पुलिस पदाधिकारी शराब पी रहे है। मशरक थाना पुलिस ने इसकी जानकारी वरिय पुलिस पदाधिकारी को देते हुए डीएसपी मशरक अमरनाथ एवं पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्पाद थाना पर छापामारी कर तीन पुलिस पदाधिकारी को गिरफ्तार कर थाना लाया। डीएसपी मशरक अमरनाथ, अंचल थाना पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष मशरक अजय कुमार द्वारा उत्पाद थाना के तीन पुलिस पदाधिकारी की गिरफ्तारी की सूचना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। वही शराब पीने -पिलाने वाले व बेचने वालों में हड़कंप मचा गया है। यह भी चर्चा हो रही है कि कैसे अधिकारियों को पता चला कौन खबर लिक किया। जैसे ही सुचना अधिकारियों को मिली सारे अधिकारियों ने काफी सक्रिय हो उत्पाद थाना पर छापामारी कर दिया। आपकों बताते चलें कि उत्पादन थाने में काफी दिनों से ऐसा चर्चा खुल्लम खुल्ला चल रहा था। लेकिन कोई कोई बोलने की हिम्मत नहीं कर रहा था। कुछ साल पहले ही दर्जनों लोगों को शराब पीने से मौत मशरक में हो गया था। सरकार व जिला प्रशासन ने काफी सक्रिय होकर मशरक में उत्पाद थाना खोला था जो काफी चर्चा में रहता था। यहां क्षेत्र के शराब माफियाओं का सांठ-गांठ क्या रहता था यह जांच का विषय बना हुआ है।

दो विश्वविद्यालयों के बीच हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर।जयप्रकाश विश्वविद्यालय के इतिहास का गुरुवार एक स्वर्णिम दिन है। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के पहल पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा और उत्तरप्रदेश के बलिया स्थित जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।

इस एमओयू के तहत ज्ञान संवर्धन, स्किल आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन, संयुक्त डिग्री-डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन, संयुक्त शोध, संयुक्त प्रोजेक्ट का संचालन तो होगा ही, साथ-साथ फैकल्टी डेवेलपमेंट के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम भी चलाया जाएगा। इसके तहत दोनों विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक एक-दूसरे विश्वविद्यालय में जाकर पठन-पाठन कर सकेंगें। एमओयू के तहत टैली कोर्स में पीजी डिप्लोमा एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम के संयुक्त पठन- पाठन एवं शोध का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। यह एमओयू जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ नारायण दास, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय कुमार चौबे, प्रो. महेंद्र सिंह की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

राज्यस्तरीय दो सदस्यीय टीम ने रिविलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया मूल्यांकन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के कारण मरीजों का विश्वास स्वास्थ्य विभाग में बढ़ा है। खासतौर पर कायाकल्प योजना के तहत किए गए प्रयासों ने इस विश्वास को और मजबूत किया है। कायाकल्प योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर बनाना है, ताकि मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसी कड़ी में, सारण जिले के रिविलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प के मानक के अनुरूप विकसित किया गया है। इस स्वास्थ्य केंद्र को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए सभी जरूरी उपाय किए गए हैं, जिससे मरीजों को बेहतर वातावरण में इलाज मिल सके। कायाकल्प आवार्ड योजना के तहत, स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन राज्य स्तरीय टीम द्वारा किया गया। इस मूल्यांकन टीम में राज्य स्वास्थ्य समिति के डॉ. जयती श्रीवास्तव और यूनिसेफ से डॉ. अर्पिता हलदर शामिल थी। टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं के अलावा, अस्पताल के साफ-सफाई इंतजाम, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों के रख-रखाव, और चिकित्सा कर्मियों के व्यवहार का भी मूल्यांकन किया। साथ ही, अस्पताल में दिए जा रहे अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे टीकाकरण, प्रसव कक्ष, एएनसी रूम, ओपीडी, और जांच घर की गहनता से जांच की गई।। इन मानकों के आधार पर अस्पतालों का मूल्यांकन किया जाता है और अच्छे प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। राज्य स्वास्थ्य समिति के डॉ जयती श्रीवास्तव ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों में आठ मुख्य बिंदुओं पर फोकस किया गया है। इनमें अस्पताल का अपना भवन, वहां की स्वच्छता व साफ सफाई, मेडिकल वेस्ट के निष्पादन की व्यवस्था, इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी का क्रियाकलाप, सपोर्ट सर्विस (आउटसोर्स कर्मियों के काम काज व उपलब्धता), हाइजेनिक प्रोमोशन और बी ऑन द बांड्री यानि अस्पताल परिसर के बाहर आसपास वाले क्षेत्रों की साफ सफाई का होना शामिल है। इसके अलावे साईनेज बोर्ड, हर्बल गार्डेनिंग भी की गयी है। असेस्मेंट के आधार पर अस्पतालों की रैंकिंग की जाएगी और रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने वाले अस्पताल को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय स्थान के लिए 10 लाख रुपये और तृतीय स्थान के लिए 5 लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, 70 प्रतिशत अंक पाने वाले अस्पतालों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्रकुमार ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत रिविलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने जो सुधार किए हैं, वे न केवल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि इससे स्वास्थ्य विभाग पर भी मरीजों का विश्वास बढ़ा है।

हेल्थ कैंप का आयोजन

जलालपुर। प्रखंड के चतरा बाजार पर हेल्थ कैंप का आयोजन का 150 मरीजों की आंख जांच की गई तथा उन्हें परामर्श एवं दवाएं दी गई। संवरी पंचायत के समाजसेवी अशोक कुमार सिंह के द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जांच डॉ. नीतीश कुमार ने की। मौके पर चुमन सिंह, वीरेंद्र सिंह, महेन्द्र प्रसाद, दीना प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, मोहन सिंह, मुकेश सिंह, मनीष सिंह, विभूति, साकेत कुमार सिंह, तारकेश्वर साह व अन्य थे।

शराब पीकर हंगामा कर रहे चार युवक गिरफ्तार

जलालपुर। स्थानीय पुलिस ने शराब पीकर हंगामा कर रहे चार युवकों को जलालपुर बाजार से गिरफ्तार कर गुरुवार को फाइन के लिए छपरा कोर्ट में भेज दिया। गिरफ्तार युवक गुदरी मेन रोड के प्रियांशु राज, मनुँ कुमार, कुंदन कुमार व नीरज कुमार बताया गया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

दरियापुर।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत से पांच बार लगातार सरपंच रहे चर्चित समाजसेवी स्व रामपुकार गुप्ता के सम्मान में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।भाकपा के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि स्व रामपुकार गुप्ता के योगदानों व समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता।अध्यक्षता शिक्षक नेता डॉ महात्मा प्रसाद गुप्ता ने की व संचालन भाकपा अंचल सचिव शिवजी दास ने किया।अतिथियों का स्वागत उनके पुत्र बॉलीवुड के चर्चित संगीतकार मनोज नयन ने किया।पूर्व जिला पार्षद राजनाथ राय,दिनेश तिवारी,परमात्मा प्रसाद गुप्ता,जयराम मल,संजीत दास,सरपंच प्रतिनिधि लगनदेव राम,आदि ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

नकली दुनिया की पोल खोलता आईआईटी बाबा अभय सिंह

आईआईटी बॉम्बे की डिग्री, एक आशाजनक एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करियर और एक ऐसा जीवन जिसकी ज्यादातर लोग सिर्फ कल्पना कर सकते हैं। लेकिन हमेशा की तरह चलने के बजाय, उन्होंने ऐसा चुनाव किया जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने ज्यादा आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए सब कुछ त्याग दिया। पहले तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ- कोई इतना उज्ज्वल भविष्य क्यों छोड़ेगा?-लेकिन जैसे-जैसे मैंने उन्हें बात करते सुना, सब कुछ समझ में आने लगा। उन्होंने जीवन में एक वास्तविक उद्देश्य, शांति और अर्थ खोजने के महत्त्व पर चर्चा की-ऐसी चीजें जिन्हें कोई भी धन या सफलता कभी नहीं खरीद सकती। यह एक शक्तिशाली कहानी थी। इसने मुझे यह एहसास दिलाया कि जीवन सिर्फ समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने या भीड़ का अनुसरण करने के बारे में नहीं है, बल्कि अपना रास्ता खोजने के बारे में है। मैंने पहले सोचा, एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली, आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है? और फिर मुझे समझ में आया कि बचपन का सदमा शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा।

डॉ सत्यवान सौरभ
लेखक

एक दिन जब मैंने आईआईटी बाबा अभय सिंह का वीडियो देखा तो मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। मान लीजिए कि आपके पास सब कुछ है: आईआईटी बॉम्बे की डिग्री, एक आशाजनक एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करियर और एक ऐसा जीवन जिसकी ज्यादातर लोग सिर्फ. कल्पना कर सकते हैं। लेकिन हमेशा की तरह चलने के बजाय, उन्होंने ऐसा चुनाव किया जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने ज्यादा आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए सब कुछ त्याग दिया। पहले तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ-कोई इतना उज्ज्वल भविष्य क्यों छोड़ेगा?-लेकिन जैसे-जैसे मैंने उन्हें बात करते सुना, सब कुछ समझ में आने लगा। उन्होंने जीवन में एक वास्तविक उद्देश्य, शांति और अर्थ खोजने के महत्त्व पर चर्चा की-ऐसी चीजें जिन्हें कोई भी धन या सफलता कभी नहीं खरीद सकती। यह एक शक्तिशाली कहानी थी। इसने मुझे यह एहसास दिलाया कि जीवन सिर्फ. समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने या भीड़ का अनुसरण करने के बारे में नहीं है, बल्कि अपना रास्ता खोजने के बारे में है। मैंने पहले सोचा, एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली, आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है? और फिर मुझे समझ में आया कि बचपन का सदमा शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे, वहीं दूसरे लोग उन्हें नजरअंदाज कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है। चलिए आगे की बात करते हैं।

बहुत शोर मचाया जा रहा है कि आईआईटी बाबा ने सरकारी फंड वाली सीट बरबाद कर दी। मेरी राय में जो लोग ऐसा कहते हैं, उन्हें कुछ बुनियादी बातों को समझने की जरूरत है। बहुत ज्यादा पढ़ाई करने के बाद, अभय सिंह को आईआईटी में दाखिला मिल गया और उन्होंने अपनी डिग्री हासिल की। उन्होंने कोर्स में कोई बाधा नहीं डाली। फिर, इस तर्क से, आईआईटी के बाद एमबीए और यूपीएससी करने वालों ने सीटें बरबाद कर दीं। तो फिर, मुझे बताइए कि उन्होंने सीटें कैसे बरबाद कीं। अगर उन्होंने कोर्स पूरा नहीं किया होता, तो भी यह तर्क कुछ हद तक सही होता, लेकिन चूँकि उन्होंने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग पूरी की है, इसलिए किसी को यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने अपनी सीट बरबाद कर दी। देखिए कि उनका नजरिया कितना बेहतरीन है। उनके पास सब कुछ था: सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा, सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फैसला किया। मुझे कहना होगा कि वे एक ईमानदार व्यक्ति लगते हैं। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं। झज्जर, हरियाणा में ही उनका जन्म हुआ। उनकी माँ घर पर रहती हैं जबकि उनके पिता वकालत करते हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा के लिए झज्जर में पढ़ाई की। वे कम उम्र से ही एक असाधारण छात्र थे। उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। फिर उन्हें तीन लाख रुपये का पैकेज मिला और वे अपनी नौकरी के लिए कनाडा चले गए। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस बार उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया। भारत आने के बाद, वे एक नए आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े। वे बहुत-सी तीर्थयात्राओं पर गए। वे अपनी वर्तमान जीवनशैली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए वे बहुत आध्यात्मिक हो गए। वे हमेशा अपना घर छोड़ना चाहते थे। वे जोर देकर कहते थे कि सभी माता-पिता दिव्य प्राणी नहीं होते। वे सही कहते हैं कि बहुत से माता-पिता केवल अपने बच्चों को जन्म देते हैं और उनके पालन-पोषण के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। आध्यात्मिक शब्दावली में वह चीज जो सब कुछ पार कर जाती है उसे सत्य कहा जाता है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि हर कोई मेरी आईआईटी डिग्री को ही दशार्ता है। मैं उस पर ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता। व्यक्तिगत रूप से, मैं उससे कहीं ज्यादा हूँ। उनके माता-पिता को छह महीने पहले ब्लॉक कर दिया गया था। उन्होंने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। चूँकि उन्होंने होशपूर्वक जीवन जिया और चले गए, इसलिए उनके विचार बहुत शुद्ध हैं। इसलिए, कृपया उन्हें पाखंडी कहना बंद करें। अपनी आध्यात्मिक यात्रा में, वे अविश्वसनीय रूप से ईमानदार और प्रतिबद्ध हैं। सत्य और जीवन के उद्देश्य की निरंतर खोज के माध्यम से ही औसत व्यक्ति आध्यात्मिकता से प्रबुद्ध होता है। यू ट्यूबर ने बाबा अभय सिंह का साक्षात्कार लिया। इसके बाद, उन्होंने खुलासा किया कि आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाने के लिए सब कुछ छोड़ने से पहले वे आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर रहे थे।

अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आईआईटी, आईआईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं। इंटरव्यू के दौरान, अभय सिंह ने पहले रिपोर्टर को यह भी नहीं बताया कि वह एक आईआईटीयन हैं। अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि के बारे में रिपोर्टर के सवाल के जवाब में, अभय सिंह ने जवाब दिया, हाँ, मैं आईआईटी बॉम्बे से हूँ। अभय सिंह ने सच की तलाश करके वाकई एक मिसाल कायम की है। आप उनके इंस्टाग्राम पर जाकर देख सकते हैं कि वह कितने ज्ञानी हैं। प्रशंसा वास्तव में उस व्यक्ति की है जिसने सब कुछ त्याग दिया है और आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहा है। उसने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। जो शून्य हैं वही शिव से मिल सकते हैं उनके दो उद्धरणों में से एक है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। कहाँ जाओगे चलते चलते? यहीं आओगे। आखिरकार मुझे इस नकली दुनिया में कोई सच्चा मिल गया।

सुभाष चंद्र बोस

रवींद्रकुमाररतन

भारत की रक्षा में जिसने ,
सब कुछ ही अपनावार दिया।
आजादी के उस दीवाने ,
को सब मिलअपनाप्यारदिया।
आज जन्म दिन है सुभाष का
जिसकी मृत्यु का पता नहीं ।
पढ़ लिख कर भीजो राष्ट्रहित
आई एस पद पर रहा नही ।
तुम मुझे खून दो,मैं अपने
भारत को आजाद करुगा ।
देशवासियों स्वराज्य भीख
में नहीं उससे लड़के लूंगा ।
राष्ट्र हित मांगा सुभाष ने ,
रक्त की बूंदे, देनी होगी ।
बदले में अपने राष्ट्र की
आजादी भी लेनी होगी ।
अपने भारत के खातिर तो
युवा सभी यहाँ तैयार थे ।
स्वर्ग की गुलामी से नरक
के स्वामित्व को तैयार थे ।
बहुत जी चुके अपने खातिर
एक दिन तो मरना ही होगा ।
कैसा होगा भाग्य मेरा ?
जब राष्ट्र हित मरना होगा ।
मातृ भूमि के लिए अब तो
निज सर्वस्व चढाना होगा ।
अन्ग्रेज शेर के पंजों से
देश छीन कर लाना होगा।

सेनानी -सदन ,सुभाष चौक
हाजीपुर,वैशाली,(बिहार)

रेबड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली चुनाव

सुरेश हिंदुस्तानी

देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेबड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। इससे ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल रेबड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेबड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदमों को उसी ओर बढ़ाने की ओर प्रवृत हुई है, जिस ओर आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस बार यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी। वर्तमान में दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेबड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेबड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेबड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने गठबंधन को धता बताकर अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। साथ ही ऐसा कहना भी समुचित ही होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लकजरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया है, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइस भी नहीं है। आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला था, लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया ही है कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मतों की प्राप्ति में कमी हो सकती है और कांग्रेस का मूल वोटर इस बार कांग्रेस को ही वोट देगा।

भगवान राम से बड़ा नहीं है महाकुम्भ

संजय गोस्वामी

टीवी पर खासकर आजतक में ब्लैक एंड वाइट में महाकुम्भ 25 में खूब प्रचार किया जा रहा है लेकिन आने जाने में फ्लाइट का किराया को देखिए होटल का रेट देखिये ईश्वर आपके अंदर है वो महाकुम्भ में मिले या ना मिले लेकिन आपके अंदर जरूर मिलेगा इसके बाद 144 साल बाद आएगा ऐ देखकर लोगों में जाने का मन मचल रहा है लेकिन अगर आपके पॉकेट खाली कर देगी तो आपको जरुरत पर पैसा कोई नहीं देगा हमने गुरू गोविन्द सिंह जी का 300 वा प्रकाश पर्व देखा 350वा प्रकाश वर्ष नहीं देख पायूँगा महा कुंभ में क्या मिलेगा या नहीं ऐ नहीं बता सकता लेकिन आपके पॉकेट को खाली करवा देगा महपुरुष की बात पर ध्यान दीजियेगा संत कबीर दास जी कहते हैं कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे बन माँहि यह पंक्ति कबीर दास के दोहे से ली गई है। इस दोहे में कबीर दास ने हिरण और ईश्वर के बीच तुलना की है। कबीर दास कहना चाहते हैं कि जिस तरह हिरण कस्तूरी की खोज में भटकता है, उसी तरह मनुष्य भी ईश्वर की खोज में भटकता है। कस्तूरी मृग की नाभि में कस्तूरी रहती है, लेकिन उसे यह नहीं पता होता कि कस्तूरी उसकी नाभि में है। उसी तरह मनुष्य भी अज्ञानता के कारण ईश्वर की खोज में इधर-उधर भटकता है।

ईश्वर कण-कण में मौजूद हैं, लेकिन दुनिया में लोगों को दिखाई नहीं देते। मनुष्य को ईश्वर को अपने भीतर खोजना चाहिए, न कि बाहर की दुनिया में नहीं मिलेगा आप अपने अंदर की बुराई को प्रभु राम के चरणों में धो डालिये आप के अंदर ही प्रभु दिख जायेंगे ।

देश के असली हीरो तो हमारे जवान है अगर इस भारत देश में सच्चा हीरो कोई है तो मेरे दृष्टि से वे हैं भारत के वीर सैनिक। आज हम भारत वासी चैन की नींद सोते हैं तो ये केवल अपनी सैनिकों के वजह से ही हैं। ये वीर सैनिक अपनी देश की रक्षा के लिए अपना खून बहा देते हैं। अपने घर - परिवार और बाल बच्चों से दूर रहकर भारत देश की रक्षा करते हैं। प्रत्येक वर्ष में न जाने कितने ही वीर सैनिक शाहिद हो जाते हैं दुश्मनों से इस देश को बचाने के लिए। आंखों से आँसू भर आती हैं जब एक मां अपने लाडले बेटे को खो देती हैं और एक पत्नी अपने जीवन साथी को हमेशा के लिए खो देती हैं और नन्हा सा बच्चा अपने पिता के प्यार एवं दुलार को खो देता हैं। ना जाने उन सभी माँओं के भीतर क्या गुजरती होगी हम इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं।

देश में प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा चाईना डोर

छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीं चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली, नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फर्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाजी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र, फोटो फ्रेम, नजर बट्टू, कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है ह्यचाईना डोर चाईना डोर का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है।

निर्मल रानी
(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

विश्व के सबसे बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीं चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली, नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फर्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाजी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र, फोटो फ्रेम, नजर बट्टू, कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है ह्यचाईना डोर ह्य।

ह्यचाईना डोर ह्य का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फुर्सत के लम्हे पतंगबाजी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीं पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर /मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाजी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरूआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख़्मी हो जाते थे। परन्तु आखिरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाजार में चाइनीज मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाजी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की खबरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति, वाहन पशु पक्षी से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं। पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाजी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे देश में उसी दिन चाईना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन, धार व मजबूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर, लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज को भी यह काट देता है।

बच्चियों को दुल्हन बनाकर बेचने का रोहिंग्याई षड़यंत्र

मनोज कुमार अग्रवाल
विनायक फीचर्स

रोहिंग्या शरणार्थी महिलाओं और बच्चियों को अच्छे जीवन का लालच देकर जम्मू-कश्मीर में दुल्हन के रूप में बेचा जा रहा है। दो दिन पहले कोलकाता में रेलवे पुलिस ने अब्दुल रहमान नाम के शख्स को दो बच्चियों के साथ गिरफ्तार किया है। वह इन बच्चियों को कश्मीर ले जाने की जुगत में लगा था। जम्मू कश्मीर में रोहिंग्या महिलाओं की भारी मांग है। 52 साल के एक आदमी की फैमिली लंबे टाइम से शादी के लिए लड़की ढूंढने में लगी थी, लेकिन दुल्हन नहीं मिली। वह मानसिक रूप से कमजोर था। यहां तक कि वह खुद उठकर पानी भी नहीं पी सकता था। अचानक एक दिन मोहल्ले वालों को पता चला कि उसकी शादी हो गई। बातें खुलीं तो निकला कि लड़की रोहिंग्या है। 20,000 में कोई उसे यहां बेच गया। जम्मू- कश्मीर में ऐसे ढेरों मामले देखने को मिल रहे हैं। कोलकाता में पकडा गया अब्दुल रहमान बांग्लादेश का रोहिंग्या मुस्लिम है और कई साल से कश्मीर में मजदूरी करता है। उसके साथ करीब 12- 12 साल की दो बच्चियां थीं, जिन्हें वो अपने साथ कश्मीर ले जा रहा था। आए दिन न जाने ऐसी कितनी ही रोहिंग्या लड़कियों को अवैध तरीके से जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई राज्यों में लाकर जबरदस्ती दुल्हन बना दिया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को यहां लाकर उनकी शादी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस के राडार पर ऐसे कई नेटवर्क हैं जिनकी पहचान कर ली गई है, जो एनजीओ की ओट में यह काम कर रहे थे। दिसंबर, 2024 तक 24 रोहिंग्या लड़कियां जम्मू में और 124 कश्मीर में ह्यदुल्हनह्ल बन चुकी हैं। कई लड़कियां अच्छी लाइफ की तलाश में अपनी जिंदगी नरक बना चुकी हैं। बांग्लादेश और म्यांमार में रोहिंग्या बस्तियों में एनजीओ की आड़ में तस्कर लड़कियों की पहचान करते हैं। कम उम्र की लड़कियों पर इनकी नजर ज्यादा रहती है। मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के रास्ते अवैध तरीके से भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग-अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं।

जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को झूठे वादे और सपने के सब्जबाग दिखाकर यहां लाया जाता है। बाद में उनकी शादी उनकी उम्र से दोगुनी आयु वाले अधेड़ से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। पिछले महीने ही जम्मू कश्मीर पुलिस ने ऐसे कई नेटवर्क का खुलासा किया है।

जानकारों की मानें तो जम्मू-कश्मीर के लिए यह एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। यहां रोहिंग्या अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी लड़कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल की कोशिश में जुटे रहते हैं। पुलिस को दिसंबर में ही 61 से ज्यादा अवैध आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। कश्मीर से ज्यादा ये जम्मू में देखने को मिल रहा है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। बांग्लादेश और म्यांमार में पहले ही रोहिंग्या मुसलमानों की स्थिति सही नहीं है। ऐसे में अच्छे जीवन की तलाश में रोहिंग्या महिलाएं एक ऐसे मकड़जाल में फंस रही हैं, जिनसे बाहर निकलना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। कुछ महिलाओं की आपबीती रोंगटे खड़े करने वाली है। एक महिला बताती है, उसे कहा गया कि बंगाल में नौकरी दिलाएंगे। फिर बस और ट्रेन से लंबा सफर कर कश्मीर ले आए। अपने से तीन गुना उम्र के शख्स के साथ शादी करा दी गई। वापस जाने की बात करो तो पति बहुत मारता है। तस्करों के चंगुल में फंसी ऐसी ही दूसरी महिलाओं की भी यही कहानी है।

उल्लेखनीय है कि साल 2009 में पहली बार जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्याओं का आना शुरू हुआ था। देश में जो संख्या कभी 200 थी, वो अब 50,000 के पार हो चुकी है। अकेले जम्मू-कश्मीर में ही 11,000 से ज्यादा रोहिंग्या हैं।आर्मी कैंप, रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के पास भी इनकी बस्तियां बन रहीं हैं। मानव तस्करी, ड्रग्स तस्करी और कई अन्य अपराधों में रोहिंग्या के शामिल होने के आरोप है। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में बढ़ते रोहिंग्या की संख्या का फायदा उठा सकता है।

जम्मू कश्मीर में बसने वाला पहला रोहिंग्या सईद हुसैन था, जिसे 2009 में यहां की राज्य सरकार ने बसाया था। रोहिंग्या मुसलमान अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी लड़कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। पिछले दिसंबर में ही पुलिस को 61 से ज्यादा आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। ये सभी आधार कार्ड अवैध तरीके से बनवाए गए थे।

मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के रास्ते अवैध तरीके से भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग-अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस ने हाल ही में इसे लेकर चिंता जताई थी। पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं।

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी.वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद्य का कहना है कि यह स्थिति सही नहीं है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। वह कहते हैं कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्या की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह सही नहीं है। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। खासतौर से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संगठन की दखलअंदाजी पूरी तरह से बंद होनी चाहिए।

इस तरह के मामलों की व्यापक जांच की जानी चाहिए ताकि देश में अवैध मानव तस्करी पर नियंत्रण किया जा सके। (विनायक फीचर्स)

संक्षिप्त खबरें

नवार्ड ने पैक्स अध्यक्ष को किया आमंत्रित

लहलादपुर। गणतंत्र दिवस के स-अवसर पर लालकिला, दिल्ली में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिये नवार्ड ने बिहार से पैक्स अध्यक्षो को भी आमंत्रित किया है, जिसमें लहलादपुर प्रखंड के बसहीं पैक्स के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय अनल भी आमंत्रित किये गये हैं. गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिये प्रखंड क्षेत्र से बसहीं पैक्स के अध्यक्ष पांडेय को आमंत्रित किये जाने पर प्रखंड क्षेत्र में काफी हर्ष है तथा बहुत सारे लोगों ने बधाई दिया है।

शिक्षक संघ के पुरोधा राजाजी राजेश का निधन

छपरा कार्यालय। सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व सदर अनुमंडल सचिव सुजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपना एक पुरोधा को खो दिया ।मालूम हो कि माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला सचिव राजाजी राजेश का कल रात्रि में निधन हो गया । राजाजी राजेश के निधन की खबर सुनकर सारण के तमाम शिक्षक मायूस हो गए एवं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की ।राजा जी राजेश के कार्यकाल में सारण जिले में तमाम शिक्षकों की समस्याओं से निजात दिलाने का जो सिलसिला था वह कहीं टूटा हुआ नजर आ रहा है । पूर्व के जिला सचिव के कार्यकाल सराहनीय रहा है। उनके कार्यकाल में शिक्षकों की समस्याओं का संकलन कर साप्ताहिक उसका निपटारा करना उनकी प्राथमिकता में से एक था। सारण जिले के तमाम शिक्षक अपनी समस्याओं के निपटारा हेतु संघ पर आस्था रखते चले आ रहे थे लेकिन आज बहुत दुख के साथ संघ के पुरोधा के देहांत हो जाने के कारण सारे सारण के शिक्षक दुखी महसूस कर रहे हैं ।शोक व्यक्त करने में सुजीत कुमार, सुनील कुमार, आशुतोष मिश्रा, ज्योति भूषण सिंह, उत्तम कुमार, पंकज कुमार, जितेंद्र राम, सुरेश यादव, अरविंद यादव, सत्येंद्र चौधरी, मैना कुमारी उपाध्याय, मनीषा कुमारी, मंटू कुमार, रमेंद्र प्रसाद इत्यादि ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

विशेष अभियान में 42 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

छपरा कार्यालय ।पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक-22.01.2025 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-42 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-05, शराब सेवन-16, वारंट में-10, हत्या-01, पुलिस हमला में-01, आर्म्स एक्ट-02, खनन 04, अपहरण में-01 एवं रउ/रळ एक्ट में 02 अभियुक्त शामिल हैं ।जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल- 77 वाहन से 1,61,500 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब 31 ली0, विदेशी शराब-07.92 ली०, स्प्रीट- 20 ली०, एयर गन-01, कट्टा-01, पिस्टल-01, कारतूस-02. ट्रैक्टर-04 एवं हारवा-01 बरामद किया गया।

निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, युवा मंथन आयोजित

छपरा कार्यालय ।गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छपरा इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी जयंती पखवाड़ा के समापन व पराक्रम दिवस के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा एवं युवा मंथन कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।शोभा यात्रा नगर निगम परिसर से निकलकर थाना चौक,साहेबगंज,कटहरीबाग,मेवालाल चौक,मौना चौक,साढा. ढाला होते हुए छपरा कचहरी स्टेशन परीसर पहुंचकर युवा मंथन कार्यक्रम में तब्दील हो गया , शोभा यात्रा का शहरवासीयों ने गर्मजोशी के साथ जगह जगह पर स्वागत किया । ह्युवा मंथनह्व कार्यक्रम को विधार्थी परिषद के प्रांत मंत्री पुरूषोत्तम कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को स्वामी विवेकानंद व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के विचारों को सिर्फ बताने तक नहीं उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है,कि हम उनके विचारों को अपनाते हुए, समाज,देश को सही दिशा दिखाना चाहिए विवेकानंद जी ने मात्र 39 वर्ष के मात्र अल्प आयु में पुरे विश्व को मार्ग दिखाने का का काम किया नेताजी ने देश की स्वतंत्रता में अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया अन्य वक्तओं ने कहा कि हम सभी युवाओं को वर्तमान शैक्षणिक स्थिति पर भी कार्य करने की आवश्यकता है ,शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महाविद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक हम सभी युवाओं को मंथन करते हुए इस क्षेत्र में पहल करने की आवश्यकता है वहीं समाज व देश के मुद्दे पर भी हम सबकों हमेशा सकारत्मकता के साथ युवाओं को खडा.होने की आवश्यकता हैं विधार्थी परिषद भी हमेशा देश,समाज मे सजग प्रहरी बनकर खडी.रहती हैं । शोभा यात्र में सभी युवा विवेकानंद जी ,भारत माता रानीलक्ष्मीबाईं, आदि थे।

रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर में भव्य दीपोत्सव संपन्न

2100 दीपों से जगमग हुआ मंदिर परिसर

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। शहर का धरोहर सूर्य मंदिर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्री अयोध्याधाम में गत वर्ष दिनांक 22 जनवरी सोमवार 2024 को श्रीराम मंदिर में प्रभु श्री रामजी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 22 जनवरी 2025 को भव्य दीपोत्सव सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। समिति के कर्मठ, निष्ठावान एवं सेवाभावी सदस्यों द्वारा 2100 दीपों से प्रज्वलित कर पूरे मंदिर परिसर, तालाब, गणेश मंदिर को जगमग कर दिया। इस मौके पर समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा आज ही के दिन हुई थी। यह पावन दिवस हम सभी के लिए आस्था, संस्कृति और सनातन धर्म के गौरव का प्रतीक है।

वहीं समिति के सदस्य आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं राजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार आज प्रभु श्री रामलला के मंदिर स्थापना को एक वर्ष पूर्ण हो गया है।

श्रीराम न केवल संपूर्ण सनातन धर्म के आधारस्तंभ हैं, बल्कि मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में उन्होंने हमें धर्म, कर्तव्य और आदर्श जीवन के अनमोल उपदेश दिए हैं। श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और सत्य के पथ पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस विशेष दिन पर हम सभी प्रभु श्रीराम से यही प्रार्थना करते हैं कि समस्त संसार सुखी रहे। जीवन में मोह-माया से बच पाना कठिन है, लेकिन हमारी ईश्वर से यही कामना है कि हम सभी सांसारिक इच्छाओं और आध्यात्मिक मूल्यों के बीच संतुलन बनाए रखें।

समाज में धर्म, जाति और विचारधाराओं के नाम पर कोई भेदभाव न हो और सभी एकजुट होकर शांति और सौहार्द के साथ जीवन व्यतीत करें। वहीं दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान संध्या आरती के उपरांत मंदिर के मुख्य पुजारी आमोद मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया।

इस मौके पर भजन गायक मुन्ना कुमार एवं महिला भजन मंडली ने राम भजन कर मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीपोत्सव कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के साथ मंदिर परिसर के सभी शेड दूकानदारों ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। इसकी जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

भारत को आजादी दिलाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अहम योगदान : जिला पदाधिकारी

- 128 वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया गया कोटि-कोटि नमन
- समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर किया गया माल्यार्पण

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। महान क्रांतिकारी एवं आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयंती के अवसर पर आज समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें कोटि-कोटि नमन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी सुमित कुमार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के संघर्ष, त्याग एवं पराक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि भारत को आजादी दिलाने में नेताजी का अहम योगदान रहा है। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई इन्होंने बखूबी लड़ी राष्ट्र के निर्माण में इनका योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस द्वारा भारत को आजाद कराने हेतु किये गये कार्यों से बच्चों एवं समाज को बताएं।अपर समाहर्ता विभागीय जांच ने कहा कि भारत को स्वतंत्र कराने में सुभाष चन्द्र बोस का योगदान अप्रतिम रहा है। इनकी गाथाओं का वर्णन करें एवं समाज तथा बच्चों को इनकी गाथाओं से अवगत कराएं।

कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारियों ने भी कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की क्रांतिकारी दृष्टि और निडर कार्यों ने पीढ़ियों को अत्यधिक प्रेरित किया। नेताजी के संघर्ष, त्याग एवं परामक्रम को सभी याद करें। नेताजी ने अपना जीवन भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया था।

इस अवसर पर निदेशक, डीआरडीए अरूण प्रकाश, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार बेतिया अनुमंडल पदाधिकारी विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता निधि राज, अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

मशरक उत्पाद थाना में नर्तकियों के साथ शराब पार्टी मना रहे 3 पदाधिकारी व कर्मी को किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। मशरक थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उत्पाद थाना मशरख के कर्मियों द्वारा शराब पीकर उत्पाद थाना पर नाच-गान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन करते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुये मशरक उत्पाद थाना में छापामारी की गई और छापामारी के क्रम में कर्मियों के पास से एवं उनके कमरे से कुल 5 ली0 अंग्रेजी शराब बरामद कर 03 पुलिस पदाधिकारी/कर्मी 1. पु०नि०-सह- थानाध्यक्ष सुनील कुमार, 2. पु०अ०नि० कुंदन कुमार, 3. सि० संतोष कुमार को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए पु०अ०नि० कुंदन कुमार और सि० संतोष कुमार के शराब पीने की वैज्ञानिक पुष्टि किया गया है। इस संबंध में 06 उत्पाद थाना कर्मियों के विरुद्ध मशरक थाना कांड संख्या-21/25 दर्ज किया गया है एवं शेष अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

ऐसी सूचना प्राप्त हुयी है की पूर्व मे भी इन सभी के द्वारा थाना पर नर्तकियों को लाकर डांस कराया जाता था और शराब पार्टी की जाती थी।

सारण जिला पुलिस के द्वारा जीरो टॉलरेन्स नीति का पालन करते हुए अवैध कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी की जाएगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी को पुरस्कृत किया जाएगा। आमजनो से अनुरोध है कि अवैध कार्य करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के संबंध में हमें सूचना अवश्य प्रदान करें।

आरडीडी पहुंचे वाल्मीकिनगर, पीएचसी के रोस्टर समेत ओपीडी का निरीक्षण किया

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। कल देर शाम वाल्मीकिनगर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के रीजनल डायरेक्टर के के झा वृहस्पतिवार के दिन 11 बजे पीएचसी पहुंचे ।जिसके बाद अस्पताल कर्मियों में इस अचानक आरडीडी के निरीक्षण से हड़कंप मच गया। आरडीडी अस्पताल पहुंचते रोस्टर के मुताबिक स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की,मौके पर मौजूद डॉ सरिता ने आरडीडी के द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। आरडीडी ने ओपीडी समेत हॉस्पिटल एम्बुलेंस,प्रसव कक्ष और मरीजो की जानकारी ली ।उपस्थित जीएनएम और एएनएम से प्रसव के स्टेज के बारे में सवाल किया कि कितने स्टेज होते है ।आरडीडी श्री झा ने बताया की बेतिया होते हुए वाल्मीकिनगर पहुंचे हैं,वाल्मीकिनगर स्वास्थ्य केंद्र की जांच की मौके पर चिकित्सक सरिता और एएनएम समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित मिले। हमने निर्देश देते हुए कहा है कि यह जगह महत्वपूर्ण है इसलिए प्रसव के दौरान कोई कोताही नहीं होनी चाहिए,रेगुलरली कंडक्ट करवाई जाए चुकी एम्बुलेंस उपलब्ध है इसलिए अगर कोई केस क्रिटिकल हो तो उसे फौरन रेफर करें। उन्होंने आगे बताया कि और जो कमियां दिखी है उसे सीएस को बता दिया जाएगा ।बातातें चलें कि रीजनल डायरेक्टर के कार्य क्षेत्र में 6 जिले हैं,आरडीडी के मुताबिक पश्चिम चंपारण के बेतिया होते हुए वाल्मीकिनगर का दौरा कर स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

क्विज वेजेताओं को नेशनल एथलीट विकास राठौर ने किया पुरस्कृत

रसूलपुर ।थाना क्षेत्र स्थित बनपुरा पंचायत के जीएसएम सेंट्रल स्कूल घुरापाली के 7 वें वर्षगांठ पर एक क्विज का आयोजन किया गया। लगभग 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में टॉप करने वाले बच्चे सिद्धार्थ सिंह, रूही सिंह,परिधि सिंह,रौनक राज,अमृतांशु रंजन,और सौरभ चौबे को मुख्य अतिथि नेशनल एथलीट विकाश सिंह राठौर ने सम्मानित करते हुए कहा कि बचपन में दिए संस्कार आजीवन फलित होते हैं ।आज हम प्रतियोगिता के जमाने में जी रहे हैं इसलिए क्विज आज पढ़ाई का आवश्यक अंग बन गया है इसके लिए विकास ने विद्यालय परिवार की सराहना की। मौके पर छोटन बाबा, रंजीत ओझा एवं विद्यालय के प्रिंसिपल सुमेल सर और सभी शिक्षकगण रौनक सर, आशीष सर, टप्पू सर, मौसम मिस,अलका मिस,तान्या मिस,प्राची मिस,सिमरन मिस, डिम्पल मैम,आरती मैम,बेबी मिस,प्रियांशु मिस और खुशी मिस मौजूद रहे।

भारतीय खाद्य निगम अधिकारियों का दो दिवसीय लेखा समीक्षा बैठक वन सभागार में चल रहा

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। भारतीय खाद्य निगम के बिहार प्रदेश के 12 मंडलो के अधिकारियों की बैठक वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर सभागार में दो दिवसीय लेखा व समीक्षात्मक बैठक किया जा रहा है। बैठक 23 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेगा। इस बैठक का शुभारंभ लेखा उप महाप्रबंधक विनय कुमार खाद्यान्न महाप्रबंधक संकलन तेजनारायण सिंह,सहायक महाप्रबंधक अंकेक्षण अभिषेक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।बतादें की बैठक में पूरे बिहार भर के 12 मंडल क्षेत्र कार्यालय के अधिकारी शामिल हुए जिसमे लेखा और ऑडिट की समीक्षा की जा रही है ।इस बैठक का आयोजन मोतिहारी मंडल कार्यालय के द्वारा किया जा रहा है ।जिसमे लेखा प्रबंधक अरुण कुमार,स.क्षेत्र सेकेंड अजित कुमार अकेला,स.क्षेत्र तृतीय दिलीप महतो का आयोजन में सक्रिय योगदान रहा।

ट्रक कार में टक्कर ,बाल बाल बचा कार ड्राइवर

बनियापुर । बनियापुर एन एच 331 पर सटे पैग्स्म्ब्र्यु जनता बजार मुख्य सड़क पर बरैठा गाव के समीप एक जनता बजार की तरफ आ रही ट्रक ने कार को जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे मुख्य सड़क से दूर गिरी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हों गयी वही टककर के बाद ट्रक के चालक और उप चालक मौके से फरार हों गए,घटना स्थल पर गंभीर स्थिति मे 112 पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को स्थानीय रेफरल अस्पताल मे पहुंचाया जहा उसका इलाज चलाया जा रहा। जनता बजार पैगम्बरपुर मुख्य सड़क पर बरैठा के समीप अनियंत्रित ट्रक ने कार को जबरदस्त धक्का मार दिया ।

पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक की स्थापना के लिए वाल्मीकिनगर विधायक से मिलकर मांग की

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। पूर्व सैनिकों ने वाल्मीकिनगर विधायक से मिलकर शहीद स्मारक के स्थापना के लिए उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात कर पूर्व सैनिकों ने वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह से मांग की कि शहीदों के उनके योगदान व पराक्रम को याद करने हेतु उनके सम्मान में स्मृति के रूप में स्मारक का निर्माण किया जाना चाहिए। विधायक रिंकू सिंह ने पूर्व सैनिकों को भरोसा दिलाया कि जिलाधिकारी से मिलकर इस मुद्दे को रखेंगे और पूरे गम्भीरता से इसके लिए प्रयास करेंगे।

विधायक द्वारा आश्वासन पाकर पूर्व सैनिक संघ के लोग गदगद हुए ।बतादें की विधायक रिंकू सिंह के प्रयास से वाल्मीकिनगर स्थित गोलचौक परिसर का जीर्णोद्धार किया गया है ।इस गोलंबर के बीच मे महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका अनावरण आगामी दिनों किया जाना है ।बतादें की इसी तर्ज पर पूर्व सैनिकों ने विधायक से मांग की है जिसके लिए जगह चयन कर देश पर निछावर होने वाले शहीदों की याद में शहीद स्मारक की स्थापना किया जाए।

पूर्व परीक्षा नियंत्रक के पुण्यतिथि पर कंबल वितरित

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। जेपीविवि के पूर्व परीक्षा नियंत्रक रहें प्रो देवनाथ राय के पुण्यतिथि के मौके पर गरीब,असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। स्व राय की पत्नी सह राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ चंद्रावती व उनके परिजनों द्वारा दरियापुर प्रखंड के फतेहपुर पंचायत में दर्जनों परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

स्थानीय गणेश मन्दिर के प्रांगण में आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने श्री राय के 15 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि प्रो देवनाथ राय आजीवन जमीन से जुड़े रहें एवं समाज के निचले पंक्ति तक उच्च शिक्षा को पहुँचाने का प्रयास किया। वे लोगों की भलाई करने में विश्वाश रखते थे। मौके पर उनकी पत्नी व राजद महासचिव डॉ चंद्रावती ने कहा कि प्रोफेसर साहब के अधूरे सपनों को साकार करने व लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा करने हेतु जो कार्य होगा उसके लिए वे कार्य करेंगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भीषण शर्दी के मौसम में आज भी समाज के वंचित लोग गर्म वस्त्र के अभाव में ठिठुरने को विवश हैं ऐसे में लोगों के बीच गर्म वस्त्र एवं कम्बल का वितरण कर उन्हें आत्म संतुष्टि का भाव अभिव्यक्त कराता है। इस मौके पर प्रो राय के पुत्र व जेपीविवि के कर्मी देवेश राय, पुत्रवधु रिया कुमारी, पौती दिव्यांका, शैलेश कुमार राय, फणीन्द्र किशोर ,साधु राय, उपमुखिया वीर राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर 1/7 कंपनी एनसीसी ने किया कॉलेज में पराक्रम दिवस का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। गुरुवार को, 1/7 कंपनी एनसीसी, राजेंद्र कॉलेज, छपरा में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेताजी के योगदान और संघर्षों को याद करना था, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी अतिदेवानंद महाराज, एनसीसी के सूबेदार मेजर बतौर अतिथि उपस्थित रहे । कार्यक्रम में वक्ता के रूप में कंपनी कमांडर कैप्टन संजय कुमार और प्रो. पूनम ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डॉ. ऋचा मिश्रा ने किया। विभिन्न आयोजित कार्यक्रमों में व्याख्यान, चित्रकला प्रदर्शनी, नाटक व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल था। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया ।

स्वामी अतिदेवानंद महाराज ने अपने अभिभाषण में नेताजी के अद्वितीय नेतृत्व और देशभक्ति के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि नेताजी के संघर्ष और बलिदान से हमें प्रेरणा मिलती है, और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश की सेवा करनी चाहिए। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताजी के आदर्शों और उनके प्रेरक योगदान को युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे नेताजी की तरह देशहित में अपने कर्तव्यों को निभाएं। कैप्टन संजय कुमार और प्रो. पूनम ने भी नेताजी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। संजय कुमार ने इतिहास के पन्नों में सुभाष चंद्र बोस की महानता को बताते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे नेताजी की तरह साहस और समर्पण से अपने राष्ट्र की सेवा करें। व्याख्यान के बाद डॉ. ऋचा मिश्रा द्वारा निर्देशित नाटक का मंचन किया गया ।कार्यक्रम का समापन डॉ. अनुपम कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें आयोजन समिति ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक राजीव कुमार मिश्रा, डॉ. अलाउद्दीन खान, डॉ. शादाब, डॉ. ऐमान रियाज, डॉ. सोमनाथ घोष, डॉ. सुशील, डॉ. नीलांबरी, नायब सूबेदार शिवशंकर सिंह समेत अंजलि, रौशन, प्रिया, कर्मवीर, रुद्रजीत, सपना, उत्पल, खुशी आदि सैकड़ो कैडेट उपस्थित थे।

केन्द्रीय टीम ले रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा

अनुमंडल अस्पताल बगहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गौनाहा, एपीएचसी भितिहरवा व अमोलवा का किया निरीक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने हेतु मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की टीम द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जिले के डीपीसी ने बताया कि जिले के अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा, सामुदायिक स्वास्थ्य संस्थान गौनाहा, एपीएचसी भितिहरवा एवं अमोलवा का निरीक्षण केंद्रीय टीम ने चेक लिस्ट के अनुसार किया। अभी 25 जनवरी तक टीम द्वारा मझौलिया के दो पीएचसी व दो एपीएचसी तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सेन्ट्रल टीम में डॉ विजय साहा, डॉ कस्तूरबा ने बुधवार को अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा व अन्य अस्पतालों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों से बात कर स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। ओपीडी, साफ सफाई व्यवस्था, बिल्डिंग, बेड क्षमता, मानसिक रोग, कुष्ठ रोग, बाल एवं बुजुर्ग बीमार लोगों की बेहतर देखभाल करने की सेवाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल में लोगों को मिल रहीं सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस मौके पर गैरसंचारी रोग पदाधिकारी मुर्तजा अंसारी, डीपीसी अनुमण्डलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी, डॉ के बीएन सिंह व अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

जयन्ती पर याद किये गये नेताजी सुभाषचंद्र बोस

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। बृहस्पतिवार को भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनायी गयी। शहर के कौड़िहार चौक स्थित परिषद के कार्यालय में परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह की अध्यक्षता में जयंती समारोह मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ भारत वन्दे मातरम् गीत के उपरांत भारत माता एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के तैलचित्र पर पुष्पांजलि की गयी। इस मौके पर अवधेश सिंह ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी का अदम्य साहस और वीरता के सम्मान में समूचा देश पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है। सुभाषचन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे अग्रणी नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। वहीं परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र देश की आजादी के लिए उनके त्याग और समर्पण को सदा याद रखेगा। परिषद के कला एवं संस्कृति संयोजक अजय कुमार ने कहा कि आज हम सभी विशेषकर युवाओं को नेताजी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। वहीं प्रशांत कुमार ने कहा कि उनके कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं था। उन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। आज उनके पदचिन्हों पर चलकर ही देश विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शुभार हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में नीतेश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

वहीं इस मौके पर परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह, सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, नीतेश कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अजय कुमार, विनोद रौनियार, प्रशांत कुमार, राम एकबाल प्रसाद, देवेन्द्र सिंह, विंध्याचल पाण्डेय समेत परिषद के कई सदस्य आदि उपस्थित रहे। इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती जिला मुख्यालय आरा में राजकीय समारोह के रूप में मनाया गया

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस के गर्मजोशी नारे और उनके पराक्रम से नई उर्जा हमलोगों को मिलती हैं: तनय सुलतानिया, जिलाधिकारी, भोजपुर आरा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा,महान देशभक्त नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती जिला मुख्यालय आरा में देश प्रेम दिवस भोजपुर जिला प्रशासन और नवोदय संघ, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर सतीश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता मे धुमधाम से राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई। आयोजन का संचालन संस्था के डी.राजन , अधिवक्ता ने किया। प्रतिमा बतौर मुख्य अतिथि तनय सुलतानिया, जिला पदाधिकारी भोजपुर, आरा, निरोज कुमार भगत अनुप्रिया, कला सांस्कृतिक एवं युवा विभाग पदाधिकारी ने माल्यार्पण किया। मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा की आज का दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि जिनके जयंती मनाई जा रही है वैसे शिखर के महान पुरुष थे, वे इतने तेज उजार्वान थे की उनके पराक्रम का व्याख्या उनके नारों मिलती तुम मुझे खुन दो, हम तम्हे आजादी देगें । इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉक्टर) कन्हैया बहादुर सिन्हा,डॉक्टर गांधीजी राय, प्रोफेसर बलिराज ठाकुर, सरदार गुरु चरण सिंह, रजी अहमद, डॉक्टर किरण कुमार, राणा प्रताप सिंह, आनन्द मोहन सिन्हा, मणी भूषण श्रीवास्तव, सुनिल नैयर, अवधेश कुमार पाण्डेय, चन्द्र भानु गुप्ता, सुमन पाण्डेय, डॉक्टर मृत्युंजय कुमार वर्मा, प्रोफेसर निर्माण कुमार सिंह, उमा कान्त ओझा, मैजर राणा सिंह, बब्लू सिंह, मनोज कुमार सिंह, कुमार निंमल सुधीर, राज बिहारी सिंह, चितरंजन प्रसाद सिन्हा सदन इन्द्र भान सिंह, संदीप कुमार,रवि सहाय,

दिलीप कुमार सिन्हा, बिरेंद्र कुमार ओझा, सज्जन कुमार, डॉक्टर विवेक राज, डॉक्टर विकास गुप्ता, यशवंत सिंह, गुड्डू बबुआ, अमित कुमार बन्टी मोहन ठाकुर, श्री दीपक कुमार, कुमुद पटेल, आशुतोष कुमार पाण्डेय,

घन श्याम उपाध्याय, जितेन्द्र कुमार, रवी कुमार, ओंकार दत्त गौतम, प्रदीप कुमार, आयूष उपाध्याय, राज नन्द, दिनेश प्रसाद मुन्ना, अजीत रंजन कुमार, विनय कुमार श्रीवास्तव, मनोरंजन प्रसाद, लवली कुमारी के साथ इस आयोजन मे सैकड़ो आरा नगर के सामाजिक सेवी, राजनीतिक कार्य कर्ता,लेखक,अधिवक्ता,कलाकार बुद्धिजीवी शामिल होकर नमन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किये। विशेष तौर पर भारत स्काउट और गाइड भोजपुर के सैकड़ों छात्र/छात्राओं का खुबसुरत परेड प्रस्तुत श्री संतोष कुमार के नेतृत्व मे निकाला जायगा। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संरक्षक प्रो.(डॉक्टर) कन्हैया बहादुर सिन्हा जी ने किया।

डीएम ने जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

आरा,जिला पदाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि भोजपुर जिले में 7689 किसानों से 80194.86 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है,जो लक्ष्य का 49.96 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 5029.41मीट्रिक टन अधिक धान की अधिप्राप्ति हुई है।जिलाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को दैनिक लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।एवं जिला प्रबंधक,राज्य खाद्य निगम भोजपुर को गन्नी बैग,एफआरके सहित अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान कर सीएमआर (चावल) प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त भोजपुर, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा, जगदीशपुर, पीरो), जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम), प्रबंध निदेशक (सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक), सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी, भोजपुर तरारी प्रखंड के ऐतिहासिक देव पंचायत का किया भ्रमण

आरा,जिलाधिकारी, भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया(भा.प्र.से.) ने तरारी प्रखंड के ऐतिहासिक देव पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने इस ऐतिहासिक स्थल के पर्यटकीय विकास एवं संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने देव ग्राम में अवस्थित स्थित विशाल पोखर का भी निरीक्षण किया।

जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत इस पोखर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने उन्होंने इसके पर्यटकीय विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने बिहिया चौरस्ता पर जाम को लेकर किया भ्रमण

आरा। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) के द्वारा बिहिया चौरस्ता पर जाम की समस्या के निदान हेतु भ्रमण किया गया। इस दौरान बिहिया चौरस्ता से होकर आरा-बक्सर मार्ग पर जाम की समस्या से निजात के लिए उन्होंने कार्यपालक अभियंता,पथ प्रमंडल को अविलंब चौड़ीकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने जल जमाव की समस्या के निदान हेतु संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत एवं कार्यपालक पदाधिकारी,पथ प्रमंडल को समन्वय स्थापित करते हुए अविलंब जल निकासी के लिए नाले का निर्माण प्रारंभ करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहिया, अंचलाधिकारी आदि थे।

सुभाष चन्द्र बोस जयंती एवं पुरस्कार सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित ह्यशांति स्मृतिह्ल संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में गुरुवार को सुभाष चन्द्र बोस जयंती एवं पुरस्कार सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल राणा प्रताप सिंह, निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र और प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संचालन कला शिक्षक संजीव सिन्हा ने किया। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति समूह गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल राणा प्रताप सिंह कहा कि नेताजी के जीवनी से सीखे।उनके जैसा सिविलियन फौजी आज तक पैदा नहीं हुआ, उन्होंने बच्चों से कहा कि आप संस्कारवान एवं अनुशासनप्रीय बने।आप अपना सोच बड़ा रखें। निश्चित रूप से आप आगे बढ़ेंगें। इसके पूर्व स्वागत सम्बोधन प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत मां के सच्चे सपूत थे। वे ऐसे महानायक थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि हम अकेले होकर बहुत कुछ कर सकते हैं, उन्होंने अंग्रेजों के गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी, जिसमें महिलाओं के लिए अलग बिग्रेड थी। भारतीय युवाओं में बहुत बड़ी ताकत है, यहां के युवा जो प्रण कर लेते हैं, निश्चित रूप से उसे प्राप्त कर लेते हैं। उनकी जयंती के माध्यम से हम यह बताना चाहते हैं कि आप उनकी जीवनी से प्रेरणा लें। रजत जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 45 दिवसीय विभिन्न विधाओं के कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और मेडल वितरण निदेशक एवं प्राचार्या द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। इसके पूर्व रजत जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले आमंत्रित प्रशिक्षको को निदेशक एवं प्राचार्या द्वारा प्रमाण-पत्र, मोमेंटो एवं स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्मारिका संपादन के लिए पत्रकार डॉ. कृष्ण कुमार एवं ओपी पांडेय को मोमेंटो एवं स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे संजीव सिन्हा (कला शिक्षक), बिष्णु शंकर (कला शिक्षक), सुरेश पांडेय (चित्रकार), कमलेश कुंदन (चित्रकार), अतुल पांडेय (चित्रकार), ओम प्रकाश कश्यप (रंगकर्मी), ओपी पांडेय (रंगकर्मी), अमर कुमार (म्यूजिशियन), चिंटू कुमार (कोरियोग्राफर), असिस्टेंट प्रोफेसर रवि शंकर सिंह (कवि), सुग्रीव कुमार (प्रशिक्षक), अंकित कुमार (प्रशिक्षक) एवं सुश्री अदिति राज (रंगकर्मी) को सम्मानित किया गया। इसके अलावे संभावना आवासीय उच्च विद्यालय मझौंवा तथा संभावना पब्लिक स्कूल मौलाबाग के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी को सम्मानित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि 45 दिवसीय रजत जयंती समारोह के माध्यम से संभावना स्कूल ने एक बड़ी लकीर खींची है। इसमें छात्र-छात्राओं का अनुशासन, शिक्षक-शिक्षिकाओं का परिश्रम एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का समर्पण समाहित है।

पश्चिमी गुंडी में लगाया गया हेल्थ कैंप

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी गुंडी पंचायत मे बभनगांवा गांव स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के परिसर में हेल्थ मेला का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से किया गया।

इस हेल्थ मेला में यक्ष्मा का निःशुल्क जांच किया गया।वही रोगियों का निःशुल्क -फ्रंट एंव खून का जांच हुआ रोग से पीड़ित लोगों के बीच दवा का वितरण किया गया जिसमें महिला एवं पुरुष कुल 90 लाभार्थी ग्रामीण आए वही 35 यक्ष्मा से संदिग्ध पाए गए उनका सैम्पल कलेक्शन कर जाँच के लिए लैब भेजा गया पीएचसी चिकित्सा प्रभारी बड़हरा डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि इस हेल्थ मेला का आयोजन हमारे जिला के सहयोग से हुआ मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक ग्रामीण जनता आए मुफ्त शिविर में भाग ले और अपना अपना ईलाज कराए इसमे शामील बड़हरा सीएचसी से कर्मचारी एवं आशा कार्यकता शामील हुई ।

संविधान और बाबा साहब को सबसे अधिक सम्मान भाजपा ने दिया:रेणु देवी

भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस, संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप मे शामिल हुई बिहार सरकार की मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे संविधान गौरव अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी शामिल हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन वरीय उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह ने किया।

संगोष्ठी की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। संगोष्ठी मे मुख्य वक्ता रेणु देवी और अन्य वक्ताओं में आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल,वुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक उय सिंह,पूर्व विधायक मुन्नी देवी आदि ने संविधान की गौरव गाथा पर अपनी बाते रखी।मुख्य वक्ता बिहार सरकार के मंत्री रेणु देवी ने संविधान का असली रक्षक और बाबा भीमराव अंबेडकर को सबसे अधिक सम्मान देने वाली पार्टी भाजपा को बताया।उन्होने कही कि संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर जी का हमेशा अपमान काँग्रेस ने किया है।चाहे जवाहरलाल नेहरू हो या राजीव गाँधी और अब राहुल गाँधी ,नेहरू परिवार ने हमेशा अपमान किया है। काँग्रेस ने संविधान में 75 संशोधन कर संविधान का अपमान किया।जब कि भाजपा सरकार ने राष्ट्रहित मे कुछ संशोधन कर संविधान को सम्मान दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने संसद भवन में बाबा साहब का चित्र लगा कर उन्हे सम्मान दिया।भाजपा सरकार ने उन्हे भारतरत्न दिया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंबेडकर जी के जीवन के महत्वपूर्ण पाँच घटनाओं को याद करते हुए उन स्थानों को पंचतीर्थ मे स्थापित कर दुनिया के लिए अंबेडकर जी के महत्व को बताया।लंदन मे जमीन खरीद कर स्मारक बनाया।जिस प्रकार काँग्रेस को बाबा साहब के नाम से प्रोपेगैंडा बनाना है उसी तरह राजद कपूरी ठाकुर के नाम से प्रोपेगैंडा तैयार करता है।जबकि काँग्रेस ने बाबा साहब को जीवन भर अपमान किया और उन्हे चुनाव जीतने नही देना चाहता था।

उसी प्रकार राजद परिवारवाद से घिर कर कपूर्री ठाकुर जी का मकान भी छीन लिया और एक बिहार के पिछड़े वर्ग को कभी मुख्यमंत्री नही बनने दिया।क्या रावड़ी देवी से कामयाब कोई पिछड़ा महिला नही थी,जो मुख्यमंत्री बन सकता था।

रघुपति यादव ने सैकड़ों साथियों के साथ राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का दामन थामा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आपकों बता दें कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी का आगम भोजपुर जिले में था उसी दौरान जाप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सह विधायक प्रत्याशी बड़हरा रघुपति यादव ने तेजस्वी यादव से मुलाकात कर उनको अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित करने का काम किया इसके पश्चात उनके निदेर्शानुसार अपने सैकड़ों साथियों के साथ राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का दामन थामा। वही जिले के प्रभारी सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कहा कि रघुपति हमारे पुरान साथी रहे इनकी वापसी से पार्टी की और मजबूती मिलेगी आदरणीय तेजस्वी यादव के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प के साथ मजबूती से डटे रहेंगे। बधाई और शुभकामना। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजद की वरिष्ठ नेत्री डॉक्टर कांति सिंह ने कहा कि रघुपति को पार्टी में आने से और भी मजबूत मिलेगी यह तेजस्वी यादव के विचारधारा लाल यादव जी के विचारधारा को देखकर पार्टी में शामिल हुए हैं उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं और बधाई शुभकामना देते हैं।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दो नवाज उर्फ अनवर आलम ने कहा कि रघुपति यादव एक संघर्षील और सामाजिक व्यक्ति हैं उनकी आने से पार्टी में बहुत ही खुशी हुई सभी लोग खुश हैं और हमेशा जनता की सेवा में लगे रहते हैं अब हम लोग मिलकर काम करेंगे बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं। रघुपति यादव ने कहा कि हमने देश की भयावा स्थिति और हालात को देखते हुए और आदरणीय नेता प्रतिपक्ष बिहार के भावी मुख्यमंत्री बड़े भाई तेजस्वी यादव जी का काम करने का जज्बा और एक बेहतर संकल्प एक नई बिहार के निर्माण के लिए लगातार रात दिन अपनी जान की परवाह न करते हुए रात दिन एक किए हैं इनकी सोच और उनके विचारधारा को मजबूती के साथ देखते हुए मजबूती के साथ खड़ा होने का संकल्प लिया और तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री बनने के लिए 24 घंटा क्षेत्र में लगातार मेहनत करने का काम करेंगे और उनकी बातों को हर घर तक जन-जन तक पहुंचने में और गरीब गुरुवा मजलूम किसान छात्र नौजवान शोषित पीड़ित सभी वर्ग के लोगों के साथ देने के लिए 24 घंटा तैयार रहेंगे। बड़े भाई तेजस्वी यादव का मैं आभार और धनबाद व्यक्त करता हूं कि आपके दिशा निर्देश में मुझे राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता दिलाया गया उपस्थित सभी विधायक पूर्व विधायक नेतागण व्यक्तियों का मैं हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट करता हूं और एक कर्तव्यनिष्ठ ईमानदारी के साथ पार्टी में हमेशा पार्टी के विचारधारा को जमीन पर उतरने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा। ईश्वर अवसर पर पूर्व मंत्री बिहार सरकार शिवचंद्र राम, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह जी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम , जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया , संदेश विधायिका किरण देवी , पूर्व विधायक विजेंद्र यादव पूर्व विधायक भाई दिनेश , प्रदेश महासचिव मनोज सिंह , दीपू राणावत , पूर्वी युवा जिला अध्यक्ष अरुण यादव , छात्र नेता रजनीश कुमार , सहित दर्जनों नेतागण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय कुंवर सेना द्वारा मनाया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय कुंवर सेना द्वारा आजाद हिंद फौज के नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को एवं महावीर शिरोमणि महाराणा प्रताप कि पुण्यतिथि १९ जनवरी के पखवाड़ा के रूप में मानस मंदिर महावीर स्थान रामलीला मैदान वीर कुंवर सिंह (रमना मैदान) के प्रांगण में बड़े हीं धूमधाम से श्रद्धांजलि सम्मान समारोह सभा का आयोजन किया गया सभी कार्यक्रमों का नेतृत्व एवं सभा का अध्यक्षता निर्मल सिंह शक्रवार सेना प्रमुख राष्ट्रीय कुंवर सेना के द्वारा किया गया सभा के संचालन अशोक यादव एवं निर्मल सिंह शक्रवार मुख्य रूप से उपस्थित आरा लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी शिवदाश सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने कहा इन महापुरुषों को याद करके हीं समारज समाज की सामाजिक एकता एवं सांप्रदायिक सदभाव कायम किया जा सकता है समाज सेवी अधिवक्ता मनोज सिंह एवं प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह उर्फ राम बाबू सिंह राष्ट्रीय कुंवर सेना ने कहा महावीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और आजाद हिंद फौज के नेता संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस १८५७ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर बांकुड़ा कुंवर सिंह ने देश की आजादी और विश्वशांति की लड़ाई के बलिदानी सुपुत्र है इनलोगों का राष्ट्र में हीं नहीं पूरे विश्व में ख्याति होना चाहिए अध्यक्षीय व्क्तव्य में सेना प्रमुख निर्मल सिंह शक्रवार,एवं भोजपुरिया सेना के प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि देश एकता एवं अखंडता खतरे में है होशियार हो जाए इन्हीं महापुरुषे के बलिदानी परंपरा संस्कृति को कायम करके देश की एकता और अखंडता और संपर्कद्विक सदभाव को कायम किया जा सकता है

सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरूआत और उद्घाटन सेना प्रमुख निर्मल सिंह शक्रवार राष्ट्रीय कुंवर सेना , लोकसभा पूर्व प्रत्याशी शिवदास सिंह,यादव राम सकल सिंह भोपुरिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ,जिला अध्यक्ष महंत सिंह मुखिया ,वार्ड पार्षद प्रयाग यादव , भोजपुरिया सेना प्रभात सिंह ,नगर प्रसाद अशोक यादव सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया और ताल्यचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया अंत में सामूहिक रूप एवं सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया भोजपुरी भाषा क्षेत्र बिहार एवं उत्तरप्रदेश को भोजपुरांचल राज्य के गठन करने की मांग एवं आरा में शाहाबाद प्रमंडल मुख्यालय खोलने की मांग के जुझारू आंदोलन एवं संघर्ष करने कि प्रस्ताव पारित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय महामंत्री राज किशोर सिंह एवं क्षत्रिय नेता शत्रुध्न सिंह देवी दयाल सिंह कुशवाहा एवं सियाराम पासवान ,वीरमणि सिंह आदि थे।

द्वारा किया गया ।इन महान सपूतों में विचार देने में शामिल ,निर्मल सिंह शक्रवार शिवदास सिंह प्रभात कुमार सिंह यादव राम सकल सिंह भोपुरिया मनोज सिंह अधिवक्ता राम बाबू सिंह

रघुवर प्रसाद सियाराम प्रसाद छत्रह्ल फमहासचिव राज किशोर सिंहअमित कुमार महंत सिंह मुखिया वीरमणि सिंह टून टून सिंह लॉ सिंह ठाकुर संजय कुमार सिंह रणबीर सिंह रामबाबू सिंह सेमरादेवी दयाल सिंह कुशवाहा एवं समस्त लोग उपस्थित थे।

नृत्य संरचना बिदेशिया ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में नृत्य नाटिका विदिशिया की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस नृत्य संरचना को देखकर कुलपति डॉ. शैलेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि लोक संस्कृति समाज की आत्मा है । लोक वाद्य व लोक संगीत हमारी हजारों वर्ष प्राचीन परंपरा का स्तंभ है । कथक गुरु बक्शी विकास के निर्देशन में कथक नर्तक रविशंकर हंसिका, सलोनी, स्नेहा पांडेय, अमृता, अंजलि, विनीता व राका ने भिखारी ठाकुर रचित बिदेशिया का शास्त्रीय मंचन किया ।

मुख्य पात्र प्यारी सुंदरी की भूमिका में स्नेहा पांडेय, विदेशी व बटोही की भूमिका में रविशंकर व पराई स्त्री की भूमिका में सलोनी के भाव अभिनय को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। इसके पूर्व श्रेया पांडेय, चंदा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, वंदना कुमारी व निमेश राज ने स्वागत गीत व महाविद्यालय गान प्रस्तुत किया । तबले पर रामकिशोर मिश्रा ने संगत से रंग भरा । प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने कालकारो को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

एनडीए गठबंधन के सभी दलों के मुख्य प्रदेश प्रवक्ताओं द्वारा प्रेस वार्ता कर एकजुटता दिखाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी घटक दलों के मुख्य प्रदेश वक्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की गई।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल,जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा, लोजपा रामविलास पासवान के प्रवक्ता राजेश भट्ट,रालोमो प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती और हम के प्रदेश प्रवक्ता शकील हासमी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर आगामी 27 जनवरी को भोजपुर जिला मे होनेवाले एनडीए सम्मेलन की जानकारी दी।

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि 27 जनवरी को आरा मे एनडीए सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।उक्त सम्मेलन मे एनडीए के पाँचो दलो के प्रदेश अध्यक्षो की उपस्थिति रहेगा।पूरे भोजपुर जिला से पाँचो दलो के बूथ से प्रदेश स्तर तक के कार्यकताओ का जमावड़ा होगा। उक्त सम्मेलन के माध्यम से एनडीए अपनी एकजुटता दिखाएगा। उक्त सम्मेलन मे कार्यकताओ को 2025 विधानसभा चुनाव मे 225 सीट जीतने के लक्ष्य का मुलमंत्र दिया जाएगा। उक्त दिन हम सभी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे है।आज हम एकजुट है,वही दूसरी ओर महागठबंधन बिखर गया है। उस गठबंधन मे कोई नही है।सभी अपना-अपना अलाप रहे हैं। जब महागठबंधन एकजुट था तब एनडीए लोकसभा चुनाव मे तीस सीट जीती थी और विधानसभा मे जीत 176 सीट का हुआ था।उन्होने भोजपुर में हुए विकास के बारे मे बताते हुए कहा कि बिहार के सभी जिलो मे सुशासन सरकार द्वारा विकास किया गया है।भोजपुर जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 110933 लाभार्थियों को पक्का घर मिला है भोजपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत 2995 लाभार्थियों को पक्का घर मिला है भोजपुर जिला में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 355087 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित हुई है। भोजपुर जिले में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 441085 लाभार्थियों को लाभ हुआ है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 384358 लाभार्थियों को स्वच्छ पानी पीने के लिए नल का कनेक्शन मिला है प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 174262 लाभार्थियों को एलपीजी गैस का भी कनेक्शन मिला है। इसी प्रकार भोजपुर जिले के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत एक लाख 71006 किसानों को लाभ मिला है।एन एच 84 भोजपुर बक्सर फोरलेन सड़क का निर्माण जिसकी लंबाई 48 किलोमीटर और लागत 1728 करोड़ रुपया है इसमें भोजपुर जिला को लाभ प्राप्त होगा। आरा में वीर कुंवर सिंह रमना मैदान के जीर्णोद्वार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य एनटीपीसी को द्वारा किया गया जो 12:30 करोड रुपए की लागत से चार चरणों में पूरा किया गया इसी प्रकार पटना मुख्य मार्ग से सटे धरहरा से लख तक ढाई किलोमीटर नहर का 14 करोड़ के लागत से लाइनिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है जिससे भोजपुर जिला के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। आरा पावर ग्रिड से 200 मेगावाट के ट्रांसफार्मर का शिलान्यास एवं इस ट्रांसफार्मर के शुरू होने के बाद भोजपुर जिला के साथ-साथ पुलिस शाहबाद को बिजली व्यवस्था दुरुस्त हुई है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे राजद और काँग्रेस को चार सीटे मिली,जो उनके अंतिम यात्रा है।अब वे चुनाव लड़ने के लायक भी नही रहेंगे। वहीं जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में विकास काराज है विपक्ष लाख कर ले,लेकिन विकास पर कोई अंगुली नही उठा सकता। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के विकास कार्य देश और बिहार को आगे ले जाने वाला है।

2005 के पहले का बिहार और उसके बाद का बिहार में बहुत अंतर है।2005 से पहले वाले बिहार की छवी से बाहर निकालने मे हम सभी का बहुत मेहनत लगा है और फिर से वह बिहार नही बनने देंगे।हम एकजुट है और एकजुटता से बिहार में चुनाव लड़ कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आरा के स्थिति के बारे मे भी सबको पता है। 1990 से 2005 तक के स्थिति को लोग भूले नही होंगे।उस समय किस प्रकार चारो तरफ अराजकता, भय और भ्रष्टाचार का माहौल था।आज वहीं आरा विकास की गाथा लिख रहा है। पूरे बिहार मे सुशासन का राज है।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने एनडीए के संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार बिहार के चौमुखी विकास को लेकर कृत संकल्पित है।

कांग्रेस कमिटी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का मनाया गया 138 वीं जयंती समारोह

आरा । भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में भारत के वीर सपूत, महान स्वतंत्रता सेनानी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 138 वीं जयंती समारोह स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन,आरा में पूर्वाहन 11:30 बजे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी नेताओं और कार्यकताओं ने बारी बारी से उनके तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।नेताजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे।द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने युवाओं के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। उनके द्वारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी देश के युवाओं को संगठित करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई। पूरे भारतवासीयों ने उन्हें श्रद्धा से नेता जी के नाम से महिमा मंडित किया हैं।

उक्त जन्मदिवस कार्यक्रम में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम, प्रो. बलिराज ठाकुर, राजेंद्र ओझा, निर्मल सिंह, अशोक यादव, रजी अहमद, जितेन्द्र शर्मा, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ श्रीधर तिवारी, घनश्याम उपाध्याय, अशोक सिंह, प्रभा सिंह यादव, आनंद तिवारी, श्रीकांत राय,विजय पाठक, दिलीप पासवान, शिव कुमार राम, डॉ नारायण, नर्वदेश्वर ओझा सहित दर्जनों नेता आदि है।

प्रबंधन विभाग में नए बच्चों के आगमन पर किया गया फ्रेशर समारोह का आयोजन: प्रधानाचार्य

प्रातः किरण संवाददाता

गया कॉलेज के मुंशी प्रेमचंद सभागार में बुधवार को प्रबंधन विभाग की ओर से एमबीए और बीबीएम के नए सत्र के छात्रों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया है।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवम् विभागीय शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ है। प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने नए सत्र के विद्यार्थियों का स्वागत किया और कॉलेज के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण तथा समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें देते हुए कहा कि गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग में अध्ययन के दौरान छात्र न केवल उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करेंगे, बल्कि जीवन में सफलता के लिए आवश्यक कौशल भी अर्जित करेंगे। प्राचार्य ने नए छात्रों से अपने समय का सदुपयोग कर एक बेहतर भविष्य की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया है।प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि फ्रेशर पार्टी केवल नए छात्रों का स्वागत करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह उन्हें कॉलेज परिवार का अभिन्न हिस्सा बनने का माध्यम है। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि कॉलेज जीवन न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का समय है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण चरण है।शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज, पाली के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश मिश्र एवम् प्रबंधन विभाग के डॉ. सुशांत मुखर्जी ने भी छात्रों को प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक शब्दों के माध्यम से संबोधित किया गया है।फ्रेशर पार्टी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिनमें छात्रों द्वारा लोकनृत्य, गायन, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया है।इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का चयन रहा है। एमबीए बैच 2024 की सृष्टि पाण्डेय को मिस फ्रेशर, अमन चौरसिया को मिस्टर फ्रेशर चुना गया है। बीबीएम सत्र 2024 की संजना सिन्हा को मिस फ्रेशर, अक्षय कुमार को मिस्टर फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया गया है।इस अवसर पर विभाग के शिक्षक अमृता सिन्हा, अजीत राज, सुजीत पाठक, एमसीए के डॉ. अमित कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, अमरजीत कुमार, सत्येंद्र कुमार, हिन्दी विभाग के डॉ रवि कुमार सहित विभागीय कर्मचारीगण सैयद खान, शाहिदा, कामिनी, उमेश, शीला आदि भी उपस्थित रहे हैं।

आपातकालीन सेवाओं में नई तकनीकों पर हुई चर्चा

शहर के लेमन ट्री प्रीमियर होटल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । पारस एचएमआरआई, पटना ने एक कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शहर के लेमन ट्री प्रीमियर होटल, गांधी मैदान में आयोजित किया गया। सीएमई में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और जीवन रक्षक तकनीकों पर गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष आपातकालीन (इमर्जेंसी) डॉ. चंदन किशोर द्वारा आपातकालीन स्थितियों में रैपिड सीक्वेंस इंटुबेशन पर एक प्रस्तुति से हुई। इसके बाद डॉ. प्रशांत और डॉ. मोहम्मद शहजादा ने बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस): अद्यतन और सामान्य त्रुटियां पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिनियर कंसल्टेंट जेनेरल सर्जरी डॉ. मसीउल्लाह ने की।

कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों और स्थानीय चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस तरह के आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीकों और प्रक्रियाओं को समझने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में तेजी और प्रभावी निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

कार्यक्रम के बारे में बताते हुए पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि हम हमेशा नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों को अपनाने और हमारे चिकित्सकों को अपडेट रखने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। यह सीएमई कार्यक्रम हमारे इसी प्रयास का एक हिस्सा है। हमारा लक्ष्य है कि हम अपने मरीजों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करें और चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम विकास को बढ़ावा दें।पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

स्कूल में वार्षिक खेलकूद का हुआ उद्घाटन

गया। नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में वार्षिक खेलकूद का उद्घाटन किया गया है। इस खेलकूद का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला ओलंपिक संघ के महासचिव ए एम करीमी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे जिला कबड्डी संघ के चेयरमैन डॉ आनंद शंकर तिवारी एवं जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव जितेंद्र कुमार के साथ स्कूल की प्राचार्या पूनम सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं बैलून उड़ा कर किया गया है। इस मौके पर सबसे पहले विद्यालय परम्परा के अनुसार आगत अतिथियों को प्राचार्य के द्वारा अंग वस्त्र और पौधा देकर स्वागत किया गया है। वहीं इस मौके पर आगत अतिथियों ने विजेता व उपविजेता को मिलने वाले मेडल, ट्राफी एवं सर्टिफिकेट का अनावरण भी किया है। मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के महासचिव श्री ए एम करीमी के घोषणा के उपरांत वार्षिक खेलकूद शुरू किया गया है। इस मौके पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव श्री जितेंद्र कुमार ने कहा कि खेल कूद में हम आगे बढ़कर कई तरह की सरकारी नौकरियां प्राप्त कर सकते हैं। शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास होता है।

दादा साहब फाल्के के नाम से धोखाधड़ी का खुलासा

प्रातः किरण संवाददाता

मुंबई /पटना । अंधेरी वेस्ट स्थित र-हेजा क्लासिक क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (उढकफ्रह) के नाम पर चल रहे फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हुआ। अनिल मिश्रा और उनके सहयोगियों पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहब फाल्के की विरासत का दुरुपयोग कर मशहूर हस्तियों, प्रभावशाली व्यक्तियों और फिल्म इंडस्ट्री के पेशेवरों को धोखा दिया।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कानूनी विशेषज्ञों, राजनीतिक प्रतिनिधियों और उद्योग के महत्वपूर्ण लोगों ने हिस्सा लिया। आरोपों में सरकारी अधिकारियों की नकल, जालसाजी और गलत वादों के जरिए धन वसूली के मामले सामने आए। अनिल मिश्रा और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया गया है कि प्रमुख नेताओं जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नाम का झूठा इस्तेमाल कर सरकारी समर्थन का भ्रम पैदा कर धोखाधड़ी की है । हस्तियों और संस्थानों से झूठे वादों के जरिए धन वसूल कर अवैध उगाही की है ।केंद्रीय मंत्रालयों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से संबंध होने का झूठा दावा कर एवं फर्जी दस्तावेज और डिजिटल धोखाधड़ी के माध्यम से हितधारकों को गुमराह किया ।

इस मामले में अनिल मिश्रा, श्रीमती पार्वती मिश्रा (उपाध्यक्ष), अभिषेक मिश्रा (सीईओ), और श्वेता मिश्रा (कानूनी व जनसंपर्क निदेशक)को दोषी पाया गया है ।शिकायतकताओं असलम शेख और शकील पटनी का प्रतिनिधित्व कर रहीं अधिवक्ता यासमीन वानखेड़े ने अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह सिर्फ धोखाधड़ी का मामला नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा की विरासत और जनता के विश्वास का उल्लंघन है।

सख्त धाराओं और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। सभी ने सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है ।महाराष्ट्र बीजेपी चित्रपट कामगार सेना के अध्यक्ष श्री समीर दीक्षित ने कहा, दादा साहब फाल्के जैसे सांस्कृतिक प्रतीक और सरकारी नेताओं के नाम का दुरुपयोग भारतीय सिनेमा की गरिमा का अपमान है। इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाएगा ।बीजेपी सचिव, महाराष्ट्र चित्रपट कामगार सेना की निकिता घाग ने कहा, यह घटना हमें याद दिलाती है कि किसी भी कार्यक्रम की प्रामाणिकता को सत्यापित करना कितना महत्वपूर्ण है।

कुम्हार संघ धरना को सफल बनाने के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। पांच सूत्री मांग को लेकर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति शाखा अरवल के द्वारा 24 जनवरी को अरवल प्रखंड कार्यालय पर धरना को लेकर प्रखंड क्षेत्र के नरगा नादी चौहर मुरारी नगवा पुरैनिया हाजीपुर खड़ासीन जिंदापुर शहर तेलपा अनुआ अंगारी आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रजापति समाज के महिला पुरुषों को धरने में होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस धरना का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी डॉक्टर ज्योति प्रसाद ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर अरवल प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा धरना सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी धरना मार्च करते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंचेगी जिसमें पांच सदस्य टीम पांच सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे।

पांच सूत्री मांग में

1. कुम्हार प्रजापति समाज को वर्ष 2024 में बिहार सरकार द्वारा किए गए जातिगत जनगणना के आधार पर प्रजापति समाज की आबादी के अनुरूप सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करना
2. बिहार में माटी कला बोर्ड की स्थापना करना जो पर्यावरणीय दृष्टिकोण के मध्य नजर सभी सरकारी विभाग सरकारी उपक्रमों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी से निर्मित बर्तन का उपयोग को बढ़ावा देना ताकि रोजगार के अवसर के साथ-साथ स्वास्थ्यता भी प्रदान हो सके
3. अनुसूचित जाति/जनजाति में शामिल करना अथवा प्रजापति समाज पर हो रहे अत्याचार से संरक्षण हेतु पिछड़ा न्याय उत्पीड़न कानून निवारण आयोग का गठन एवं उन्हें दे सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना।
4. कुमार समाज के बच्चों के शिक्षण हेतु कौशल विकास स्किल डेवलपमेंट के लिए मुफ्त शिक्षक की व्यवस्था करना तथा कुम्हारी उद्योग विकास संस्थान की स्थापना करना
5. संविधान निर्मात्री सभा के सचिव रहे स्वतंत्रता सेनानी पदम श्री देशभक्त डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की आदमकद प्रतिमा एवं संग्रहालय पटना में स्थापित करना।इन सभी मांगों पर एकजुट होकर धरना में भाग की लेने अपील की गई इस मौके पर डॉक्टर सत्येंद्र कुमार डॉ रंजन कुमार अरविंद कुमार विजय कुमार ज्योतिषाचार्य राजेंद्र पंडित उपस्थित थे।

हीरा पांडेय के आकस्मिक निधन से सामाजिक साहित्यिक क्षेत्र में हुई अपूरणीय क्षति

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्य औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में समाजसेवी,शिक्षक नेता एवं सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले अशोक पांडेय के पूज्य पिताजी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में आयोजित शोकसभा का संचालन सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात,उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे एक कर्मठी व्यक्ति थे।

शिक्षक रहते हुए समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे।साथ ही साथ धार्मिक एवं अन्य याज्ञिक कार्यों में भी हिस्सा लिया करते थे। उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया। अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि देते हुए पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ संजीव रंजन,वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, चंद्रप्रकाश विकास,कवि धनंजय जयपुरी, बतकही परिवार के संयोजक पुरुषोत्तम पाठक,नारायण मिश्र,उज्ज्वल रंजन, पुरुषोत्तम पाठक,आयुष कुमार,अमन कुमार पांडेय, संजीव पांडेय ,गोविंद पांडेय प्रमोद पांडेय, करहारा के अनिल सिंह, सुधाकर पांडेय ,राहुल सिंह,सुरेंद्र सिंह, विपिन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

एसबीएएन कॉलेज दरहेटा लारी का प्रभार लिए प्रो. डॉ सत्येंद्र प्रजापति

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) जगजीवन कॉलेज गया के प्राचार्य प्रो0 डॉ सत्येंद्र प्रजापति स्वामी वासुदेवाचार्य अनुग्रह नारायण महाविद्यालय दरहेटा लारी में गुरुवार को अतिरिक्त प्रभारी प्राचार्य के रूप में योगदान दिए । योगदान देने के बाद प्रो डॉ0 सत्येंद्र प्रजापति ने कहा कि महाविद्यालय का विकास ,छात्रों के समस्याओं का समाधान ,नियमित क्लास, नेक ग्रेडिंग मेरी पहली प्राथमिकता होगी मैं यहां पूर्व में भी प्राचार्य के रूप में योगदान दे चुका हूं और अभी विश्वविद्यालय के आदेश अनुसार मैं पुनः इस महाविद्यालय में योगदान देने के लिए आया हूं यह महाविद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है और शिक्षा का सर्वोत्तम केंद्र बने इसके लिए मैं सदैव प्रयासरत रहूंगा। ज्ञात रहे की एसबीएएन कॉलेज के प्राचार्य मेगन प्रसाद को मगध विश्वविद्यालय के कुलपति के द्वारा निलंबित कर दी गई थी जिसके बाद से कॉलेज में प्राचार्य का पद रिक्त था इसके बाद इसी महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में विगत दिनों रहे डॉ0 सत्येंद्र प्रजापति को अतिरिक्त प्रभार दिया गया इस अवसर पर डॉ अंबुज भूषण गौतम, प्रो0 विजय कुमार, प्रो0उपेंद्र कुमार, राहुल वत्स, डॉ अंबुज कुमार, डॉ शिव कुमार रविदास, डॉ दिवाकर कुमार, डॉ पूनम गुप्ता, डॉ रवि रंजन, डॉ सुभाष कुमार सिंह, डॉ प्रभाकर मिश्रा,शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, अकाउंटेंट अमरेंद्र कुमार, विमल कुमार, दीपू कुमार, संपत कुमार, सहित कई शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पूर्व मध्य रेल के केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय द्वारा चलाया जा रहा टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता अभियान

हाजीपुर। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के तहत पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में दिनांक 22.01.2025 को डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में टी.बी. में अल्ट्रासाउंड जांच के द्वारा मिलने वाली जानकारियों के बारे में सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के दूसरे भाग का आयोजन किया गया । सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के दूसरे भाग में डा. रवि प्रकाश, अ.मु.स्वा.निदेशक/सोनोलॉजिस्ट के द्वारा उक्त चिकित्सीय जांच से संबंधित जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। इस अवसर चिकित्सा निदेशक, डा. सुबोध कुमार मिश्रा एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण, पारामेडीकल कर्मचारीगण भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। जागरूकता अभियान आज आज दिनांक 23.01.2025 को भी जारी रहा । इसी कड़ी में केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय, पटना में टी.बी. उन्मूलन से संबंधित पोस्टर लगाया गया जिससे लोगों में टी.बी. के प्रति बचाव एवं इलाज में जागरूकता बढें ।

केंद्रीय मंत्री के प्रयास से खिजरसराय प्रखंड के लोगों को मिला उप डाकघर

गया ।गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के लोगों ने गया सांसद सह हम के राष्ट्रीय संरक्षक सह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी से लोगों ने डाक सुविधा की मांग की थी जिसपर केन्द्रीय मंत्री गया सांसद ने भारत सरकार के आइटी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग की थी जिसपर केन्द्रीय मंत्री सुचना संचार मंत्री ने उप डाकघर खोलने की स्वीकृति दे दी गई है जिसपर केन्द्रीय मंत्री प्रतिनिधि रोमीत कुमार,हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई नंदलाल मांझी,हम गया जिलाअध्यक्ष ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी हर लोगों की हर बात को सुनकर उपर तक पहुंचाते हैं लोगों और हर काम को पुरा करने का पुरा प्रयास करते हैं।

ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया
JYOTIRADITYA M. SCINDIA

संचार मंत्री एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
भारत सरकार
Minister of Communications; and
Minister of Development of North Eastern Region

17 JAN 2025

अ.शा. पत्र सं. BDG-22/8/2025-Building-DOP

कृपया आप दिनांक 17.12.2024 के अपने अ.शा. पत्र सं. 325049 M (MSME) का संदर्भ लें जो बिहार प्रांत के अंतर्गत गया जिला के अंचल खिजरसराय बाजार में स्थित डाकघर के भवन निर्माण से संबंधित है।

उपर्युक्त मामले की जांच विभाग द्वारा करवा ली गई है। मुझे अवगत करवाया गया है कि उप-डाकघर अंचल खिजरसराय बाजार हेतु विभागीय भवन निर्माण का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-2026 की सूची में शामिल है।



सादर,

आपका,
(ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

श्री जीतन राम मांझी,
माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री,
भारत सरकार,
51, उद्योग भवन, रफी मार्ग,
नई दिल्ली – 110 011.

Vigyan Bhavan Annexe, Maulana Azad Road, New Delhi-110011
Tel.: 011-23022400, 23022401, Fax.: 011-23062754

बैंकिंग को सरल बनाने के लिए एक्सिस बैंक ने मार्ग ईआरपी संग की साझेदारी

AXIS BANK

पटना। एक्सिस बैंक ने छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) ग्राहकों को सरलीकृत व्यावसायिक बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए एकीकृत व्यावसायिक एप्लीकेशन में प्रमुख खिलाड़ी मार्ग ईआरपी के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य अकाउंटिंग और बैंकिंग समाधानों को एक ही स्थान पर लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों को अकाउंटिंग और बैंकिंग एप्लीकेशन के बीच टॉगल करने की आवश्यकता न हो।

यह गठजोड़ एक्सिस बैंक के चालू खाताधारकों को अपने व्यावसायिक खातों को सीधे मार्ग ईआरपी सॉफ्टवेयर से जोड़ने में सक्षम बनाता है, जिससे एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस और अन्य जैसे सभी बैंकिंग लेनदेन के प्रबंधन के लिए एक एकीकृत मंच तैयार होता है। बैंक के प्रेसिडेंट एवं हेड, होलसेल बैंकिंग प्रोडक्ट्स, विवेक गुप्ता ने कहा कि मार्ग ईआरपी के साथ बैंकिंग कार्यों के सुरक्षित और निर्बाध एकीकरण के साथ हम अपने ग्राहकों के लिए उच्च दक्षता और चपलता के साथ अपने वित्तीय संचालन का प्रबंधन करना आसान बना रहे हैं, जबकि विकास पर त्वरित और सुविचारित निर्णय ले रहे हैं। यह पहल हमारे ग्राहकों के डिजिटल अनुभव को बेहतर बनाने के हमारे चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। इस कनेक्टेड बैंकिंग समाधान के साथ व्यवसाय अपनी बैंकिंग प्रक्रियाओं को स्वचालित कर सकते हैं, वास्तविक समय खाता शेष के साथ फंड-फ्लो नियंत्रण बढ़ा सकते हैं। साथ ही भुगतान और सुलह का प्रबंधन कर सकते हैं और सीधे अपने ईआरपी सिस्टम से कई प्रकार की सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं।

वहीं मार्ग ईआरपी के सीएमडी और फाउंडर ठाकुर अनूप सिंह ने कहा कि एक्सिस बैंक के साथ यह गठजोड़ पूरे क्षेत्र में बी2बी व्यवसायों के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि यह उन्हें उन्नत डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करता है जो उनके व्यवसाय संचालन को सुव्यवस्थित करेगा।

251 जोड़ों के सामूहिक विवाह के लिए भव्य पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न

गया।मुख्यालय के दानरी नदी छठ घाट पर आगामी 19 फरवरी को आयोजित होने वाले 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ हुआ है। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर कार्यक्रम की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। माली ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह के लिए भव्य पंडाल का निर्माण कार्य आरंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल गढ़वा, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक अनूठा और ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। पंडाल के भीतर हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि लड़का-लड़की पक्ष सहित समाज के अन्य सभी आगंतुकों को कोई असुविधा न हो।

कुर्था बाजार में फुटपाथ पर दुकान से प्रतिदिन लग रहा जाम, हो परेशानी

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल)। ठंड का मौसम शुरू होते ही कुर्था बाजार में आये दिन जाम लगने के कारण जहां लोगों को पैदल चलना भी दूभर हो गया है. वहीं व्यवसायियों को व्यवसाय करने में भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. कस्बाई बाजार होने के कारण भीड़- भाड़ बढ़ने के साथ ही जहां जाम रुक- रुक कर लगती रहती है, वहीं कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही ठेला लगाकर दुकान खोल दिए जाने व सड़क के दोनों ओर सब्जी विक्रेताओं व ठेला वेंडरों के द्वारा सड़क को अतिक्रमण कर दुकान सजा दिए जाने के कारण जाम का सिलसिला जो सुबह से शुरू होता है. वह देर शाम तक चलते रहता है. बाजार में जाम रहने के कारण लोगों को खरीददारी करने में भी बड़ी दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है. इसके बावजूद भी प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है. जैसे ही बड़े वाहन बाजार में प्रवेश करते हैं वैसे ही जाम का सिलसिला शुरू हो जाता है और रुक रुक कर लंबी जाम लगी रहती है. कभी-कभी वाहन चालक अपने में ही तू-तू, मैं-मैं कर लेते हैं. सब्जी विक्रेताओं के कारण सड़क पूरी तरह से संकरी हो जाती है जिसके कारण आये दिन जाम का सिलसिला लगा रहता है। जाम से निजात के लिए कई बार स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं।

ट्रस्ट ने आयोजित किया साइबर जागरूकता अभियान

मानपुर । प्रखंड के पटवाटोली स्थित आयुष्मान चैरिटेबल एंड एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज इस जागरूकता अभियान में मानपुर क्षेत्र के कई पुरुष और महिला शामिल हुई। साइबर अवेरेंन्स की शुरूआत पटना से आये सुशांत कुमार मुख्य प्रशिक्षु, सी डी एसी के द्वारा लोगों को सोशल मीडिया फ्रॉड, पेमेंट फ्रॉम फ्रॉड यूड्ट पीड्ट आईड्ट- स्कैनर, डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग, मोबाइल सिक्योरिटी, सिम स्वपिंग, ओ टी पी फ्रॉड, फेक फोटोग्राफी एवं अन्य तरह के साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अभियान आयोजित किया गया है। आयुष्मान चैरिटेबल एंड एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक मनोहर कुमार शर्मा ने कहा कि आज के सन्दर्भ में साइबर अपराध से बचना जरुरी है इसके तहत आज लिटिल चैम्प के परिसर में साइबर से जुड़े अपराध पर जागरूकता समारोह किया गया है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती ऋअ ँ रूँङ्क' अरवल में पराक्रम दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला संयोजक अमर कृति ने बताया किः ह्यतुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्ल- इस मशहूर नारे को देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक जबरदस्त स्वतंत्रता सेना थे जिन्होंने अंग्रेजों के सामने आजादी के जोश से भरे स्वतंत्र भारतीयों की फौज बनाकर उन्हें अंग्रेजों के सामने खड़ा कर दिया था। उन्होंने पहली बार अंडमान में स्वतंत्र भारत का झंडा पहली बार लहराकर भारत के एक हिस्से को आजाद घोषित किया। पहले 23 जनवरी महज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का प्रतीक था लेकिन साल 2021 से इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, रत्नर प्रांत सह संयोजक विकाश कुमार ने बताया कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिन्द, अपनी ताकत पर भरोसा करो, उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है, जैसे ओजस्वी विचारों और जोशीले नारों से भारतवासियों को जागृत कर ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा देने वाले महान राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 23 जनवरी 2025 को 128वीं जंयती है।

आजादी की लड़ाई के बहादुर सिपाही नेताजी की जयंती को पूरा देश पराक्रम दिवस के तौर पर मना रहा है। अपने करिश्माई नेतृत्व से आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। नेताजी की जीवनी और कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद ही प्रेरणादायक है। इस मौके पे नगर सह मंत्री गोलू कुमार, अंकित कुमार, शुभम मिश्रा, राहुल कुमार, चुन्नी कुमारी,मोहिनी कुमारी , संध्या कुमारी रवीना कुमारी, इत्यादि छात्रा उपस्थित रहे।

डॉ. मिश्रा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस और पराक्रम की महत्ता पर डाला प्रकाश

गया ।सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय नूतन नगर कालीबाड़ी गया में जयंती मनाया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस और पराक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक अद्वितीय नेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, संकल्प और दूरदर्शिता से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी नेताजी का जीवन प्रेरणादायक था। उन्होंने भारतीय सेना के निर्माण और ह्लआजाद हिंद फौजह्व के गठन के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को सैन्य शक्ति प्रदान की है। उनका नारा ह्लतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्व आज भी हर भारतीय के हृदय में गूंजता है। यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि यह उनके अडिग विश्वास और स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रति उनकी असीम निष्ठा का प्रतीक था। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा

कि सुभाष चंद्र बोस ने देश के युवाओं में जोश और प्रेरणा का संचार किया है। उन्होंने अपने जीवन और संघर्ष के माध्यम से यह सिखाया कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान भी कम है। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि साहस, पराक्रम और देशभक्ति से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है नेताजी का जीवन प्रत्येक भारतीय को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। आज के जयंती कार्यक्रम में कला देवी, अर्णव पांडे ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, सुनील बंबईया दीपक पांडे चीनू मिश्रा महेश यादव मंटू कुमार सुनील कुमार सिन्हा बबलू गुप्ता सहित अन्य लोगों उपस्थित होगा श्रद्धासुमन सुबोध अर्पित किए हैं।

टॉप-10 में शामिल 25 हजार का इनामी राजू यादव सहयोगी के साथ गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के टाप टेन अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे छापेमारी

अभियान के क्रम में बिहारीगंज थाना क्षेत्र से बुधवार को 25 हजार का ईनामी कुख्यात राजू यादव और उसके सहयोगी मंटू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से एक कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि टाप-10 सूची में शामिल इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

टीम में बिहारीगंज थानाध्यक्ष अमित रंजन, आलमनगर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, अवर निरीक्षक आशुतोष कुमार त्रिपाठी, तकनीकी शाखा के अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार,सहायक अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार सिंह, सोनू कुमार सिंह सहित पुलिस बल को शामिल किया गया।

उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने लगाया बिजली बिल सुधार व रिकवरी शिविर

दर्जनों उपभोक्ताओं ने सुधार करवाया बिजली बिल, 70 हजार की हुई वसूली

प्रातः किरण संवाददाता

नयानगर (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज प्रखंड के एनबीपीडीसीएल के तत्वावधान में उदाकिशुनगंज पश्चिमी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा द्वारा शाहजादपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन में बिजली बिल विशेष राजस्व संग्रह सह विपत्र सुधार अभियान बुधवार को शिविर के माध्यम से चलाया गया। जिसमें कुल राजस्व करीब 70 हजार रुपए का संग्रह हुआ। मिल रही जानकारी से नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं के सुविधा हेतु शाहजादपुर पंचायत में बुधवार को लगाए जाने वाले शिविर की जानकारी दिलवाई गई थी। इसके लिए पूर्व से तय पंचायत के सरकार भवन में ससमय शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि जय जय राम यादव ने की। शिविर में शाहजादपुर के उपभोक्ता अपनी-अपनी बिजली बिल की समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। शिविर का नेतृत्व कनीय अभियंता दीपक कुमार ने किया। उन्होंने अपने सहयोगी आइटी मैनेजर जयकुमार, एकाउंटेंट विभाग से मिलन कुमार, क्षेत्रीय मीटर रीडर गुंजन कुमार व सुबोध कुमार के सहयोग से शिविर में सभी उपभोक्ताओं के समस्याओं का निष्पादन किया। शिविर में दर्जनों उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र सुधार किया गया तथा बिजली बिल राशि जमा लिए गए। शिविर में करीब 70 हजार रूपए की राजस्व वसूली की गई। इस शिविर में जहां शाहजादपुर के भूपेंद्र यादव का 2 लाख के बिल का सुधार कर 31500 रूपए, सिरो यादव का 31 हजार 5 सौ की जगह 26 हजार, मिथिलेश यादव का 1 लाख 30 हजार की जगह 31 हजार, झिंगर यादव का 32 हजार की जगह 14 हजार, हीरालाल पासवान का 52 हजार की जगह 26 हजार साथ ही अन्य दर्जनों उपभोक्ताओं का बिल सुधार किया गया।

कनीय अभियंता दीपक कुमार ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल 2 हजार से अधिक है या तीन माह से जमा नहीं किया गया है उनके घर या संस्थान का विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया जाएगा। इसलिए उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत विच्छेदन से बचने के लिए हर माह अपने बिजली बिल की राशि समय से जमा करें विलंब न करें। इस शिविर में पिंटु कुमार मिस्त्री, मो.अब्दुला, पंकज कुमार, डाटा ऑपरेटर अनमोल एवं दर्जनों उपभोक्ता उपस्थित थे।

शेरघाटी डोभी बॉर्डर पर एक व्यक्ति का मिला शव नहीं हो पाई पहचान,पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।थाना व डोभी थाना के बोर्डर पर सिहपोखर गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है,इस घटना की जानकारी शेरघाटी थाना के द्वारा वरीय पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी को अवगत कराते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुँच कर घटनास्थल को जांच पड़ताल किया गया।जिसका संज्ञान लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी-1 शैलेन्द्र सिंह को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष शेरघाटी/डोभी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के साथ त्वरिक घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल हॉस्पिटल, गया भेजा गया।

साथ ही डॉग स्क्वाड, एफ०एस०एल० एवं तकनीकी टीम की टीम को भी घटनास्थल पर जांच पड़ताल किया गया।उक्त टीम के द्वारा इस कांड में संभावित सभी बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है तथा शव की पहचान हेतु तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है जल्द ही इस मामले का सफल उद्भेदन कर लिया जाएगा।

उद्घाटन मैच में भवानीपुर टीम ने भद्दी टीम को 4 विकेट से किया पराजित

मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया भवानीपुर टीम के खिलाड़ी नीतीश पाठक को

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मधुबन पंचायत स्थित मध्य विद्यालय मधुबन के मैदान में सनोज सिंह मेमोरियल टी ट्वेंटी क्रिकेट टूनार्मेंट का सात दिवसीय आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच में भवानीपुर टीम ने भद्दी टीम को 4 विकेट से पराजित किया। भद्दी टीम के कप्तान टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भद्दी कि टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 18 वे ओवर में ही सभी विकेट गंवाकर मात्र 96 रनों का लक्ष्य विपक्षी टीम को दे पाया। जवाबी पारी खेलने उतरी भवानीपुर की टीम ने 13.2 ओवर में ही मात्र 6 विकेट खोकर 97 रन बना लिए। इस तरह से भवानीपुर की टीम चार विकेट से शानदार जीत हासिल किया। भवानीपुर टीम के बल्लेबाज आसिफ पठान ने 22 रन और अंकित राजपूत ने 17 रन बनाए।

मैन ऑफ द मैच का खिताब भवानीपुर टीम के खिलाड़ी नीतिश पाठक को दिया गया। नीतीश पाठक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए और बल्लेबाजी का शानदार बल्लेबाजी करते हुए 22 रन भी बनाए।इससे पूर्व पंचायत समित सदस्य दिलीप कुमार मंडल, आयोजन कर्ता श्रवण जोशी, जितेंद्र कुमार, सुमित कुमार, राजकुमार, राहुल कुमार, अनुज कुमार, निर्मल कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का प्रारंभ कराया। मैच का उद्घाटन कर्ता दिलीप कुमार मंडल ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल के माध्यम से गांव में छुपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है और वह खिलाड़ी अपने जिला और राज्य का नाम रोशन करता है। टी ट्वेंटी टूनार्मेंट में निर्णायक की भूमिका में प्रमोद कुमार और कुमोद कुमार रहे। वही उद्घोषक की भूमिका में राजेश सिंह तो स्कोरर कि भूमिका में निर्मल कुमार रहे।

लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान पहुंचे मधेपुरा

■ जमुआहा में हुई हत्या कांड के पीड़ित परिवार से मिले

प्रातः किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा)। मधेपुरा जिला अंतर्गत कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र के बेलारी थाना के जमुआहा बिसनपुर कोड़लाही वार्ड नंबर पांच में बीते दिनों पंचायत के मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा जबरन निजी जमीन में मिट्टी काटा जा रहा था। जिसका विरोध करने पर बुजुर्ग महिला कलरी देवी को मौत का नींद सुला दिया गया था। बताते चलें कि लखीसराय पुलिस लाइन में तैनात मधेपुरा निवासी विनोद पासवान के निजी जमीन में मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव एवं उनके दो पुत्र के द्वारा विनोद पासवान के निजी खेतों से जबरदस्ती तीन दिनों से मिट्टी काटा जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलते ही विनोद पासवान की 65 वर्षीय मां कलरी देवी एवं उनके 22 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के द्वारा खेतों पर रोकने गए थे। जहां मुखिया एवं उनके पुत्र दोनों दादी पोता के साथ गाली गलौज एवं धक्का मुक्की करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। वही बीच बचो में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जेसीबी की बोनेट से दबाकर मौत का घाट उतार दिया गया। जिसकी सूचना परिजन ने डायल 112 को की थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 और बेलारी थाना अध्यक्ष राजू कुमार एवं कुमारखंड थाना में पदस्थापित इंस्पेक्टर ने घटनास्थल से स्थानीय ग्रामीण एवं परिजन के लोगों से जनकारी लेते हुए शव को अपने कब्ज में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया। वही पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उनका दाह संस्कार अगले सुबह क्या। लेकिन घटना के 17 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथों से कातिल फरार चल रहा है। वही इस मामले को लेकर परिजनों ने थाना से कोर्ट तक का दरवाजा खटा खटाए। लेकिन न्याय नहीं मिली। जिसके चलते वह दर-दर भटक रहा है कहीं न्याय मिल जाए। वहीं गुरुवार के दिन लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों एवं पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। जहां उन्होंने तुरंत मधेपुरा एसपी संदीप कुमार सिंह एवं डीएसपी को फोन किया। वही इस मामले में बातचीत के दौरान प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने बताया कि मधेपुरा पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई भी संतोषजनक बात नहीं की गई। उन्होंने और कहा कि दलित की हत्या पर छुपी साध कर बैठी है। मधेपुरा पुलिस प्रशासन पर निशान साधते हुए कहा कि वह हल्के में ना ले हम इसकी लड़ाई आगे तक लड़ेंगे। उन्होंने और कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार जी को एक पत्र लिखकर अभिलंब कार्रवाई की मांग करूंगा। गौरतलब हो की बिसनपुर कोड़लाही पंचायत के मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव पर पूर्व से ही थाना में एक दर्जन से अधिक मामला दर्ज है।

पीएचडी एडमिशन टेस्ट 29 जनवरी को होगा

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय बीएन मंडल में पीएचडी एडमिशन टेस्ट 22 व 23 (पैट-22-23) परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई है।

पैट 22 व 23 इंट्रेंस परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। इस संबंध में कुलपति प्रो. बीएस झा ने 29 जनवरी एवं 30 जनवरी को पैट-2022 2023 करने पर अंतिम मुहर लगाई। इस बाबत बीएनएमयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर कुमार मिश्रा ने बताया कि पीएचडी एडमिशन टेस्ट 2022 का आयोजन 29 जनवरी को होगी। वहीं पैट 23 की इंट्रेस परीक्षा 30जनवरी को होगी। पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) के लिए बीएनएमयू मुख्यालय स्तर पर एकमात्र परीक्षा केंद्र नार्थ कैम्पस स्थित परीक्षा भवन को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को पैट-2022 के तहत कूल 19 विषयों की परीक्षा एवं 30 जनवरी को पैट-2023 के तहत 17 विषयों की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर मिश्रा ने बताया कि दोनों दिन परीक्षा दो सिटिंग में दो पेपर में परीक्षा ली जाएगी।

पहला पेपर आब्जेक्टिव और दूसरा पेपर सब्जेक्टिव होगा। पहली पाली 11:30 से 12:30 तक होगी। दूसरी पाली 12:45 से 02:45 तक होगी। दोनों पाली के बीच में 15 मिनट का गेप रहेगा, इस बीच किसी भी स्टूडेंट्स को बाहर निकलने की अनुमति नहीं मिलेगी। पहले बीएनएमयू में पीएचडीएडमिशन टेस्ट-2022 एवं 2023 परीक्षा की तिथि फाइनल रूप से घोषित नहीं होने से स्टूडेंट्स में नाराजगी बढ़ती जा रही थी। इस बाबत सीनेट सदस्य रंजन कुमार ने कुलपति से तिथि निर्धारित करने की मांग की थी।

नवप्रोन्नत 13 वार्ड सिस्टर को 24 घंटे में प्रभार सौंपने का निर्देश

अधीक्षक व मातृका ने जारी किया आदेश, अधिकांश संशय में

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख के द्वारा 25 सितंबर, 24 को वार्ड सिस्टर के पद पर 28 जीएनएम को स्थानापन्न कार्य प्रभार दिया गया था। इसमें सभी नव प्रभारित वार्ड सिस्टर को 23 अक्टूबर, 24 को पत्रांक 564 के तहत कार्य प्रभार दिया गया था। मगर इनमें से 15 वार्ड सिस्टर अब तक कार्यभार प्राप्त कर ली हैं और 13 को नए पद का कार्यभार व्यावहारिक तौर पर अब तक अप्राप्त है। इस कारण से मुख्यालय के आदेश का अनुपालन नहीं हो पा रहा है। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह एवं प्रभारी मातृका ने 23 जनवरी को पत्रांक 81 जारी किया है।

इसमें 13 नव प्रभारित वास्तविक वार्ड सिस्टर को पद प्रभार देने को कहा गया है। इन सबों को आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर सरकार द्वारा नवप्रोन्नत वास्तविक वार्ड सिस्टर को पद प्रभाव देने को कहा गया है और प्रभार सौंप कर जीएनएम अब भी यहीं पर अपनी ड्यूटी निभाती रहें।

अब समस्या यह है कि जो प्रभार में रही हैं, वह उन्हें प्रभार सौंपने के बाद उनके प्रभार के अधीन काम कैसे करें। इसमें पूनम कुमारी कैजुअल्टी को अमृता कुमारी, सावित्री कुमारी-1 सीओटी को अर्चना कुमारी, अर्चना कुमारी-5 ईएनटी को सवेरा कुमारी, ज्योत्सना कुमारी-1 ऑर्थो को चंद्रमणि, निरुपमा कुमारी फीमेल सर्जरी को रंजू कुमारी-1, संजना कुमारी पुरुष सर्जरी को गीता कुमारी, विभा कुमारी-3 गायनी सर्जरी को नीलम कुमारी-1, प्रियंका कुमारी-2 एसआईसीयू सर्जरी को सुप्रिया आनंद, रानी कुमारी-2 शिशु यूएफ को रानी कुमारी-1, मधु कुमारी शिशु जीएफ को अर्चना कुमारी-1, कल्पना कुमारी एमसीएच प्रथम मंजिल को कुमारी संयुक्ता सिन्हा, नित्तम कुमारी रेडियोथेरेपी को ममता कुमारी-1 और रीना कुमारी-4 पेइंग वार्ड को रेखा कुमारी को प्रभार सौंपना है। हालांकि इस संबंध में अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह ने 21 जनवरी को भी पत्र जारी की थीं। इसमें कहा गया था कि इस अस्पताल के परिचारिका श्रेणी-ए को निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के 25 सितंबर, 24 के आदेश संख्या 1261(6) के आलोक में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार के अंतर्गत वार्ड सिस्टर के पद पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है।

उक्त आदेश के अनुपालन में सभी वार्ड सिस्टर को भारतीय नर्सिंग परिषद के निहित प्रावधानों के अनुसार कार्य करने के लिए आदेश दिया जाता है।

गणतंत्र दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा किया जाएगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। गणतंत्र दिवस के संध्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा उदाकिशुनगंज मुख्यालय स्थित राजनंदन कला भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उक्त बातें एसडीएम एसजेड हसन ने बताया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफल संचालन हेतु कार्यपालक डंडाधिकारी के अध्यक्षता में 8 सदस्यीय अनुमंडल स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। आठ सदस्य कमेटी में बीडीओ, सीओ, बीईओ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय यमुनिया के शिक्षक लवकेश कुमार, मध्य विद्यालय बालक के शिक्षक पवन कुमार, कन्या मध्य विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार ठाकुर, पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी विनोद कुमार को शामिल किया गया है। कमेटी के सभी सदस्य कार्यक्रम संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां एवं कार्यक्रम का आयोजन स समय पूरा कराना सुनिश्चित करेंगे। इस निमित्त संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित कर अपने स्तर से कार्य योजना तैयार करेंगे एवं गणतंत्र दिवस के आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रतिभागियों का चयन करेंगे। इसके अतिरिक्त भूमि सुधार उप समाहर्ता उदाकिशुनगंज उक्त कार्यक्रम के बरिय प्रभार में रहेंगे और अपनी देखरेख में उक्त कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराएंगे। अनुमंडल नाजीर आयोजित कार्यक्रम के नियमित सभी आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।

बढोना टीम ने रोघनो टोला लश्करी को किया पराजित

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के लश्करी में 7 दिवसीय एल सी सी क्रिकेट मैच के फाइनल मैच में बढोना टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जहां बढोना टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर निर्धारित 16 ओवर में 147 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में रोहिणी टोला लश्करी के टीम निर्धारित 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 106 रन ही बना पाए। पूरे टूनार्मेंट का हीरो अफजल ने 9 विकेट और 40 रन का योगदान दिया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद कुमार मेहरा और किशोर कुमार संजय कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। रनर टीम को पैक्स अध्यक्ष कुंदन राय, सावित्री निकेतन के डायरेक्टर नितीश सर और उपसरपंच सुधीर कुमार शाह ने कप प्रदान किया और विजेता टीम को पंचायत समिति प्रतिनिधि नकुल देव राय ने कप प्रदान किया। पूरे मैच का निर्णायक के रूप में कमल किशोर राय और प्रमोद मेहरा मौजूद रहे।

डॉ. हिमांशु कुमार बने जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के तीसरी बार जिलाध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा)। जानेमाने डॉ. हिमांशु कुमार जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने है। जहां लोगों ने दी अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस संबंध में प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. हिमांशु कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला इकाई मधेपुरा की बैठक स्थानीय राकेएम रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल साहूगढ़ भगवानपुर में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से सभी डॉक्टर ने हिमांशु कुमार को लगातार तीसरी बार जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ हिमांशु कुमार ने बताया कि यह सब आपके प्रेम के कारण मैं तीसरी बार जिला अध्यक्ष पद पर चयनित हुआ हूं और उन्होंने कहा कि मैं नमन करता हूं माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को और डॉक्टर एल बी सर को उन्होंने मेरे ऊपर एक अटूट विश्वास किया है और मैं यह विश्वास को कायम रखूंगा और निर्वहन करूंगा।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त ग्रामीण चिकित्सक को विश्वास दिलाते हुए कहा कि मैं आप लोगों का आवाज उठाता रहूंगा और मैं सदैव अपने संगठन की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा साथी उन्होंने कहा कि आज प्रखंड अध्यक्ष का भी चयन किया गया और जिला कमेटी भी तैयार किया गया है। बैठक मैं उपस्थित ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार यादव, ब्रजकिशोर, संदीप, विकास, रविंद्र, राजीव, जेपीजी, भूषण, विजय गुप्ता, जवाहर यादव, राजकुमार रमन, कैलाश, लखपति एवं सभी ग्रामीण चिकित्सक के प्रति डॉ हिमांशु कुमार ने आभार प्रकट किया।

घायल बीएसएफ के जवान के घर पहुंची सोनाली सिंह

बड़हराः आरपीएफ पटना के द्वारा पीटाई से घायल हुए बीएसएफ के जवान रवि कुमार के घर बरहरा विधानसभा की चर्चित समाजसेवी सोनाली सिंह पहुंची जहां की उन्होंने घायल जवान का हाल-चाल लिया एवं पूरी घटना की जानकारी लेकर उन्होंने दानापुर रेल मंडल के कमांडेंट से मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के लोहर फर्न गांव के रहने वाले बीएसएफ के जवान रवि कुमार अपने भाई रंजन कुमार की तबीयत बिगड़ने के बाद पटना फुलवारी शरीफ स्थित एम्स में गए हुए थे जहां से इलाज करने के बाद वह जब रेलवे स्टेशन पहुंचे तो उन्होंने जनरल ट्रेन का दो टिकट कटाया और जब प्लेटफार्म पर प्रवेश कर रहे थे तो आफ के सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार इलावर राय एवं संजय कुमार के द्वारा उनको रोका गया जिस पर रवि कुमार ने कहा कि वह किसी ट्रेन से चले जाएंगे और किसी बोगी में चले जाएंगे।

रामलला अधिष्ठापन के प्रथम वर्षगाँठ पर हुआ आयोजन

बिहारीगंज (मधेपुरा)। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के एक वर्ष अधिष्ठापन पूर्ण होने पर प्रखण्ड के कई जगहों पर धार्मिक उत्सव मनाया गया। बिहारीगंज प्रखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत के थाना मोड़ रोड निकट फैशन मॉल समीप पूजा अर्चना बाद भण्डारा (प्रसाद) का वितरण किया गया। वहीं बाबा गणिनाथ में श्रद्धा और विश्वास रखने वालों ने गमैल पंचायत की ओर जाती मुख्य सड़क निकट आयोजन किया। आयोजनकताओं ने बताया कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा प्रतिस्थापित होने के उपलक्ष्य में हम सभी पूजा अर्चना कर स्वयं को गौरवान्वित पाते हैं।आयोजनकताओं ने बताया कि हमारे प्रभु श्रीराम सालों तक टेन्ट और पण्डाल में रहें। आखिरकार मयार्दा पुरुषोत्तम राम सर्वोच्च न्यायालय के सर्वोच्च निर्णय मुताबिक अपने प्रतिष्ठापन स्थल पर विराजमान हुए। आयोजकों में महेश साह ने बताया प्रभु श्रीराम हम सभी के लिए अनन्य स्वामी हैं। हमारे आराध्य देव हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम की उपमा से सुसज्जायमान श्रीराम के अधिष्ठापन वर्षगाँठ मना कर भगवान राम के और भी करीब पा रहें हैं।

संविधान गौरव अभियान के तहत कंबल वितरण कार्यक्रम: 859 जरूरतमंदों को मिला सहारा

छपरा। परसा में सारण जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने शिरकत की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत बड़े पुष्पमाला के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद सुनीता राम ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री शत्रुघ्न भक्त ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दरोगा प्रसाद राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद मिडिल स्कूल परसा में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में शीतलहर से बचाव के लिए 859 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए।

मुखिया प्रतिनिधी रूपेश झा ने दिव्यांग व विधवाओं को किया कंबल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

नयानगर (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों पर रही भीषण ठंड से सभी लोग परेशान हैं। लेकिन सबसे बुरा हाल गरीबों का है। गरीबों के सुख दुख में साथ रहने वाला उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत नयानगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रूपेश झा ने गुरुवार को ठंड के दिनों में दिव्यांग एवं विधवाओ को कंबल वितरण किया। वही मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा ने कहा जिसका कोई सहारा नहीं होता उनका भगवान ही सहारा होता है। एक ओर जहां ठिठुरती ठंड में रजाई एवं कंबल के सहारे घरों में लोग सो जाते हैं। लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंडी रात गुजारते हैं। असहायों पर सबकी दया नहीं होती बल्कि भगवान की जिस पर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। मौके पर भीम शर्मा, सनीचर शर्मा, इंदु शर्मा, शिवजी मंडल, पप्पू चौरसिया, संजीव झा, अरविंद मंडल, विन्देस्वरी मंडल, विशेश्वर मंडल, विशेसर ऋषिदेव, दामोदर शर्मा आदि मौजूद थे।

जन सुराज विचार मंच की एक बैठक वेद व्यास कॉलेज में हुई आयोजित

शंकरपुर (मधेपुरा)। मधेपुरा के वेद व्यास कालेज में जन सुराज के विचार मंच की एक बैठक मधेपुरा प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर चंद्र भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बिहार में शिक्षा के गिरते स्तर पर व्यापक चर्चा हुई। जिसमें मौके पर उपस्थित अतिथि के तौर पर चौसा से आए मो.आफताब आलम ने कहा जन सुराज क्रिटिसिज्म की राजनीति नही करती है। हम ये नही कह रहे हैं कि शिक्षा में सुधार नही हुआ है। हुआ है लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव है। साथ ही शिक्षा में भ्रष्टाचार है। जो हर जगह दिखता है। शिक्षा को पैसा बनाने की मशीन बना दिया है। वही रही बेरोजगारी की बात शिक्षा के माध्यम से ही रोजगार का दरवाजा भी खुलता है। हम समाज में सुधार और बदलाव की बात करते हैं। वही डॉ. आलोक कुमार ने कहा आज शिक्षा में सभी जगह माफिया का राज है। बिहार में शिक्षा का स्तर देश के स्तर से काफी कम है। बिहार शहरी क्षेत्रों में पुरुष 70 प्रतिशत और महिला 53 प्रतिशत तो ग्रामीण इलाकों में पुरुष 57 प्रतिशत और महिला 29 प्रतिशत है। जबकि कई राज्यों का 90 से 100 प्रतिशत तक शिक्षा का स्तर है।

गुकेश फीडे रैंकिंग में चौथे नंबर पर आए

अर्जुन एरिगैसी की जगह ली, अब भारत के हाईएस्ट रैंक प्लेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के डी गुकेश गुरुवार को फीडे (इंटरनेशनल चेस फेडरेशन) की ताजा रैंकिंग में चौथे स्थान पर आ गए हैं। वे अब भारत के हाईएस्ट रैंक खिलाड़ी बन गए हैं। गुकेश ने अर्जुन

एरिगैसी की जगह ली है। 18 साल के गुकेश ने नीदरलैंड में चल रहे टाटा स्टील टूर्नामेंट में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर यह अचीवमेंट हासिल की। टूर्नामेंट में यह उनकी दूसरी जीत थी। गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं, जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन स्वट्ठश्च वर्ल्ड चेस रैंकिंग में 2832.5 अंकों के साथ टॉप पर बरकरार हैं। दूसरे नंबर पर अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802) और उनके हमवतन फैबियानो कारूआना (2798) तीसरे पर है। अब चौथे नंबर पर गुकेश और पांचवें पर अर्जुन इरिगैसी है। डी गुकेश को 17 जनवरी को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सबसे बड़े खेल अवॉर्ड मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था।

गुकेश पिछले साल वर्ल्ड चेस चैंपियन बने थे 18 साल के गुकेश ने पिछले साल दिसंबर में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता थे। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में 11 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का टाइटल जीता था।

रणजी ट्रॉफी-2025:

रणजी ट्रॉफी में रोहित शर्मा फेल

9 साल बाद उतरे हिटमैन नहीं दिखा पाए दम, यशस्वी जायसवाल भी हुए फ्लॉप

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी की. मुंबई की टीम आज (गुरुवार) से मुंबई के बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से खेलने उतरीं. इस दौरान सभी की निगाहें रोहित और यशस्वी जायसवाल पर थीं. बुधवार की रात कोलकाता टी20 में धमाकेदार प्रदर्शन से जहां फैंस उत्साहित दिखे, वहीं अगली सुबह यानी गुरुवार को उन्हें निराशा हाथ लगी. दरअसल, घरेलू क्रिकेट में हाथ आजमाने उतरे टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा का फेल होने का सिलसिला जारी रहा.

रणजी ट्रॉफी में मुंबई और जम्मू-कश्मीर के बीच आज (23 जनवरी) से शुरू हुए मुकाबले में टॉस अंजिक्य रहाणे ने जीता. उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. मैच में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल दोनों ही फ्लॉप रहे. यशस्वी जायसवाल 4 रन बनाकर नबी की गेंद पर आउट हुए. वहीं रोहित शर्मा 3 रन बनाकर पारस डोगरा के हाथों उमर नजीर की गेंद पर

लपके गए. रोहित शर्मा 9 साल 3 महीने बाद रणजी में खेलने उतरे थे.

पिछले कुछ महीनों से 37 साल के रोहित बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं. वह घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में मिली करारी शिकस्त के बाद आलोचना का सामना कर रहे हैं. रोहित पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे में 3 टेस्ट की 5 पारियों में महज 31 रन बना पाए थे जम्मू-कश्मीर के खिलाफ यह मैच इस सत्र में रोहित के लिए एकमात्र मुकाबला हो सकता है.रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज और उसके बाद चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी करेंगे.

जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 19 गेंदें ही खेल पाए हिटमैन – रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे रोहित शर्मा मुंबई की पारी में 19 गेंद ही खेल पाए. रोहित ने जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर की गेंद को मिडविकेट के ऊपर से खेलने की कोशिश की,लेकिन गेंद ऑफ साइड में चली गई. विपक्षी कप्तान पारस डोगरा ने मिड-ऑफ से एक्स्ट्रा कवर की तरफ अपनी बाईं ओर कुछ गज की दूरी तक दौड़ लगाई और उन्होंने बेशकीमती कैच लपक लिया.

2015 में आखिरी बार रणजी क्रिकेट खेले थे रोहित – भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आखिरी बार 2015 (7 से 10 नवंबर) में रणजी क्रिकेट खेलते हुए दिखे थे. तब रोहित ने यूपी के खि?लाफ वानखेड़े स्टेडियम में 113 रनों की शानदार पारी खेली थी. रोहित ने अब तक 128 फर्स्ट क्लास मैचों में 9290 रन बनाए हैं, यहां उनके नाम 309* का सर्वाधिक स्कोर है. रोहित ने इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए फर्स्ट क्लास मैचों में 24 विकेट भी लिए हैं.

विकेट पर विकेट, ताश के पत्तों की तरह बिखरी श्रीलंका

भारत ने हासिल की एक और बड़ी जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम का अंडर 19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन जारी है. टीम इंडिया ने श्रीलंका को हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की. एक बार फिर भारतीय गेंदबाजों ने विरोधी टीम को सांस तक नहीं लेने दी. जानिए कैसे टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में मैच को जीता? 24वें मुकाबले में टीम इंडिया ने एक बार फिर कमाल प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को भी हरा दिया. टीम इंडिया ने ग्रुप ए के इस मैच में श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 118 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद उसे आसानी से जीत मिल गई. भारत ने श्रीलंकाई टीम को महज 58 रनों पर रोक दिया और 60 रनों से एक और बड़ी जीत दर्ज की. ग्रुप ए में टीम इंडिया लगातार तीन मैच जीतकर टॉप पर रही और उसने सुपर 6 लीग स्टेज में शान से क्वालिफाई किया. दूसरी ओर श्रीलंका इस टूर्नामेंट में पहला मैच हारी. ये टीम भी सुपर सिक्स में पहुंच गई है ।

एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने ठोका तूफानी शतक, पिता के सामने ऑस्ट्रेलिया की धुनाई की

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड लायंस के ऑस्ट्रेलिया टूर मैच में पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे ने कमाल कर दिखाया है. रॉकी फ्लिंटॉफ ने 9वें नंबर पर उतरकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ शानदार सेंचुरी लगाई. बड़ी बात ये है कि रॉकी 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे और उन्होंने ताबड़तोड़ सेंचुरी जड़ कर अपनी टीम को मुश्किल से उबारते हुए 316 रनों तक पहुंचा दिया. रॉकी फ्लिंटॉफ ने पहली पारी में 127 गेंदों में 108 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 6 छक्के और 9 चौके निकले. दिलचस्प बात ये है कि रॉकी फ्लिंटॉफ ने अपने पिता के सामने ही ये ताबड़तोड़ सेंचुरी लगाई. एंड्रयू फ्लिंटॉफ ही इंग्लैंड लायंक के कोच हैं ।

इंग्लैंड लायंस की बात करें तो इस टीम ने पहली पारी में 7 विकेट 161 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद रॉकी फ्लिंटॉफ ने मानो कहर ही बरपा दिया. रॉकी ने फ्रैजी मैक्कैन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की और आखिरी

विकेट के लिए भी उन्होंने मिचेल स्टैनली के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की.स्टैनली ने इस दौरान सिर्फ 4 रन बनाए.रॉकी फ्लिंटॉफ अपनी इस पारी को हमेशा याद रखेंगे क्योंकि बड़े मंच पर ये उनका पहला शतक है।

रॉकी फ्लिंटॉफ अभी सिर्फ 16 साल के हैं और इस खिलाड़ी ने अपने टैलेंट को साबित करना शुरू कर दिया है. रॉकी पिछले मुकाबले में फेल रहे थे. वो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ 19 और 4 रनों की पारी ही खेल पाए थे. इंग्लैंड लायंस ने ये मैच 7 विकेट से गंवा दिया था ।

इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन

लक्ष्य सेन इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर, निशिमोटो ने 16-21, 21-12, 21-23 से हराया

जकार्ता, एजेंसी। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी है और वह गुरुवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य को निशिमोटो से 16-21, 21-12, 21-23 से पराजय मिली। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा था। इस भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18, 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरूआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

विस्फोटक पारी के बावजूद अभिषेक को क्यों नहीं मिला प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब, ये रहा कारण

कोलकाता, एजेंसी। कोलकाता टी20 मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को आसानी से हरा दिया. सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 7 विकेट से जीत मिली. भारत के लिए ओपनर अभिषेक शर्मा ने 34 गेंदों पर 79 रनों की तूफानी पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 8 छक्के जड़े. लेकिन इस ताबड़तोड़ पारी के बावजूद अभिषेक शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड नहीं मिला, यह अवॉर्ड वरूण

चक्रवर्थी को मिला. दरअसल सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस का मानना है कि अभिषेक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया, इस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिलना चाहिए था. तो इस वजह से वरूण चक्रवर्थी बने प्लेयर ऑफ द मैच! पहले टी20 मुकाबले में वरूण चक्रवर्थी को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया. वरूण चक्रवर्थी ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 अंग्रेज बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. वरूण चक्रवर्थी ने इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर के अलावा हैरी ब्रूक और लियम लिविंगस्टोन का अहम विकेट झटका. लिहाजा, अभिषेक शर्मा के ऊपर प्लेयर ऑफ द मैच के लिए वरूण चक्रवर्थी को तरजीह दी गई. वहीं, वरूण चक्रवर्थी की घातक गेंदबाजी की बदौलत अंग्रेज टीम 20 ओवर में महज 132 रन बना सकी. इस तरह वरूण चक्रवर्थी ने इंग्लैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोका. बताते चलें कि भारत ने पहले टी20 मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया. इस तरह सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम 5 टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है ।

अंडर 19 विश्व कप - आयरलैंड की पाकिस्तान पर सनसनीखेज जीत

कुआलालंपुर, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, इंग्लैंड और आयरलैंड ने 2025 आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में जीत दर्ज करके यादगार दिन मनाया। हालांकि, सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि आयरलैंड ने बारिश की देरी को पार करते हुए बारिश से प्रभावित मुकाबले में पाकिस्तान को 13 रनों से हराया और सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई किया। आयरलैंड ने नौ ओवर के खेल में 69/5 रन बनाए और पाकिस्तान को 59/7 के जवाब पर रोक दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि वे ग्रुप बी से आगे बढ़ गए और पाकिस्तान को 13वें स्थान के प्ले-ऑफ में पहुंचा दिया।

जोहोर क्रिकेट अकादमी ओवल में, एलिस वाल्श ने आयरलैंड के लिए 31 रन की पारी में चार चौके लगाकर शानदार बल्लेबाजी की, जबकि एली मैक्गी ने 13 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में, पाकिस्तान दो ओवर में 24/0 के स्कोर पर ड्राइवर की सीट पर था, लेकिन घबराहट तब शुरू हुई जब उनके शीर्ष चार बल्लेबाजों में से तीन रन आउट हो गए जबकि अन्य चार बल्लेबाजों के स्टंप उखड़ गए। सारावाक में, दक्षिण अफ्रीका ने बारिश की देरी को दरकिनार करते हुए ग्रुप सी में तीन में से तीन जीत दर्ज की, जिसमें नाइजीरिया पर 41 रन की जीत दर्ज की, जिसने पहली बार सुपर सिक्स चरण के लिए भी क्वालीफाई किया। सिमोन लौरेंस ने 25 रन बनाए और कराबो मेसो के आखिरी ओवर में दो चौके लगाकर उन्हें आठ ओवर में 49/2 रन बनाने में मदद की। जवाब में, लेग स्पिनर सेशनी नायडू ने दोहरे विकेट के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे नाइजीरिया 23/8 पर सिमट गया।

प्रोटियाज की तरह, ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए कुआलालंपुर में नेपाल को 83 रनों से हराया। नेपाल इस टूर्नामेंट में पावरप्ले गेंदबाजी में सबसे आगे रहा है और लगातार तीसरे गेम में उसने तीन विकेट जल्दी चटकाए।

कप्तान पूजा महातो ने इनस मैककॉन को इनस्विंगर से क्लीन बोल्ड किया, उसके बाद सबित्री धामी ने मिड-ऑन पर दो बेहतरीन कैच लपके, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 14/3 हो गया। काओइम ब्रे और एलेनोर लारोसा ने 72 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसके बाद हसरत गिल और क्लो एंसवर्थ ने आखिरी दो ओवरों में 29 रन बनाए।

140 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पूजा ने फिर से 42 गेंदों पर 18 रन बनाकर आगे की ओर से बढ़त बनाई, लेकिन गिल, जूलियट मॉर्टन और लिली बैसिंगथवेट ने दो-दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। इस बीच, जोहोर में, इंग्लैंड की डेविना पेरिन ने नियंत्रित बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने यूएसए द्वारा निर्धारित 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट से जीत हासिल की। डेविना ने 75 रन की तूफानी पारी खेलते हुए तीन बार बाउंड्री पार की। उन्होंने ट्रुडी जॉनसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की और पांच ओवर शेष रहते अपनी टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड और यूएसए दोनों ही सुपर सिक्स चरण में प्रवेश करने में सफल रहे हैं, जिसमें यूएसए 2023 में चूकने के बाद पहली बार ऐसा करने में सफल रहा है।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक जरूरी मैच में समोआ पर व्यापक जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड तब मुश्किल में था जब वे 12/3 पर सिमट गए, क्योंकि समोआ की तेज गेंदबाज ऑलिव लेफगा लेमो ने इस इवेंट में अपने देश के लिए पहली बार विकेट लिया। लेकिन ईव वोलैंड ने शानदार 48 रन की पारी में दो छक्के और दो चौके लगाए, जिससे टीम 107/9 पर पहुंच गई, जो कुल स्कोर समोआ के 40 रन से कहीं अधिक था। इसका मतलब था कि न्यूजीलैंड नाइजीरिया से मिली करारी हार से उबरकर सुपर सिक्स में पहुंच गया, जबकि डेब्यू करने वाले समोआ ने प्ले-ऑफ में जगह बनाई। बंगी में बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को 18 रनों से हराकर अपनी हिम्मत बनाए रखी। अनीसा अख्तर सोबा की लेग स्पिन ने स्कॉटलैंड को 4-25 के स्कोर पर आउट कर दिया। अच्छा स्कोर बांग्लादेश के लिए मुश्किल लग रहा था, क्योंकि स्कॉटलैंड की तेज गेंदबाज नायमा शेख ने बांग्लादेश को 50/5 पर पहुंचा दिया।

माइकल क्लार्क को ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में किया गया शामिल

सिडनी, एजेंसी। माइकल क्लार्क को गुरुवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया, जिससे वह यह सम्मान पाने वाले 64वें क्रिकेटर बन गए। 43 वर्षीय पूर्व कप्तान का 12 साल का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा, इस दौरान उन्होंने 115 टेस्ट, 245 वनडे और 34 टी20 मैच खेले और 17,000 से अधिक रन बनाए। कप्तान के रूप में क्लार्क ने 47 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया, जिसमें 2013-14 में 5-0 की यादगार एशेज जीत भी शामिल है। उन्होंने संन्यास लेने से कुछ समय पहले 2015 में घरेलू मैदान पर टीम को ऐतिहासिक एकदिवसीय विश्व कप जीत दिलाई। क्लार्क की बल्लेबाजी में 28 टेस्ट शतक शामिल हैं, जो किसी आस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया छठा सबसे बड़ा शतक है, जिसमें भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 329 रन की शानदार पारी, बेंगलुरू में 151 रन की पहली शतकीय पारी, केपटाउन में शानदार 151 रन तथा फिलिप ह्यूज की दुखद मौत के बाद एडिलेड में खेली गई 128 रन की पारी शामिल है। क्लार्क ने कहा, इतने सारे शानदार खिलाड़ियों, आदर्शों, रोल मॉडल के साथ बैठना और बचपन में उनसे प्रेरणा लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। रिटायरमेंट आपके लिए बहुत कुछ करता है। आजकल क्रिकेट देखने के दौरान आप कुछ हिस्सों को मिस करते हैं। जब आप उच्चतम स्तर पर खेलते हैं, तो लोग आपके अंतरराष्ट्रीय करियर के बारे में बात करते हैं, लेकिन मेरे लिए यह छह साल की उम्र में शुरू हुआ। मैंने 34 साल की उम्र में रिटायरमेंट ले लिया था, इसलिए यह मेरी जिंदगी थी। यह अभी भी

मेरी जिंदगी का हिस्सा है। क्रिकेट शायद सामान्य जीवन के समान ही है। आप मैदान पर उतरते हैं और 100 रन बनाते हैं और फिर बल्ला उठाते हैं।

फिर आप फील्डिंग के लिए जाते हैं, स्लिप में फील्डिंग करते हैं और खेल की दूसरी गेंद पर कैच छोड़ देते हैं। हॉल ऑफ फेम के चेयरमैन पीटर किंग ने इस अवसर पर कहा, माइकल का असाधारण प्रथम श्रेणी खेल करियर मात्र 17 वर्ष की उम्र में एससीजी में शुरू हुआ, यही वह स्थान है, जहां उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल की। जिसमें 2012 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में लगाया गया तिहरा शतक भी शामिल है।माइकल के करियर को ऑस्ट्रेलियाई जनता हमेशा याद रखेगी और उनका स्थान शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार रहेगा।

महाराष्ट्र के अंकित बावने पर लगा बैन, रणजी ट्रॉफी में असहमति जताने पर बड़ी कार्रवाई

नासिक (महाराष्ट्र)एजेंसी। महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने को रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान असहमति जताने पर एक मैच का निलंबन मिला है। रिपोर्ट के अनुसार नासिक में बड़ौदा के खिलाफ छठे दौर के ग्रुप ए मुकाबले से पहले टीम को यह फैसला सुनाया गया।

महाराष्ट्र के पांचवें दौर के खेल के दौरान सर्विसेज के खिलाफ स्टैंड-इन कप्तान के रूप में काम कर रहे बावने ने आउट घोषित होने के बाद मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया जबकि स्पष्ट सबूतों से पता चला कि शुभम रोहिल्ला द्वारा स्पिनर अमित शुक्ला की गेंद पर कैच पूरा करने से पहले गेंद उछल गई थी। मैच का सीधा प्रसारण होने के कारण डिसीजन रिव्यू सिस्टम उपलब्ध नहीं होने के कारण बावने अंपायर के फैसले को चुनौती नहीं दे पाए। अंकित बावने के विरोध के कारण खेल में लगभग 15 मिनट की देरी हुई जिसके बाद मैच रेफरी अमित शर्मा और महाराष्ट्र के कोच सुलक्षण कुलकर्णी के हस्तक्षेप के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। इस मामले ने तब और तूल पकड़ा जब महाराष्ट्र के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद आउट होने के रिप्ले साझा किए। कुलकर्णी ने कहा, खिलाड़ियों पर जुर्माना और फटकार लगाई जाती है, लेकिन अंपायरों के उचित मूल्यांकन के बारे में क्या कहा जाए। एक ही गलती करने वाले अंपायर क्यों लगातार अंपायरिंग करते रहते हैं और खेल बिगाड़ते रहते हैं? जब इस तरह की गलतियां होती हैं, तो गुस्सा जायज है। इस सीजन में महाराष्ट्र के लिए बावने ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने पांच मैचों में 51.57 की औसत से 361 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि बड़ौदा मैच के लिए उनका न होना टीम के लिए एक बड़ा झटका होगा। महाराष्ट्र इस समय ग्रुप ए में संघर्ष कर रहा है, नीचे से दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। अधिकतम 22 अंकों के साथ वे बड़ौदा और जम्मू और कश्मीर से पीछे हैं, दोनों ने पहले ही ग्रुप में अधिक अंक अर्जित कर लिए हैं।

संक्षिप्त समाचार

फूप्रो ने किफायती प्रोस्थेटिक्स के साथ शार्क टैंक इंडिया 4 में सबका ध्यान खींचा

मुंबई, एजेंसी। फूप्रो के संस्थापक निमिश मेहरा और साइरिल जो बेबी अपने नवाचारों से प्रोस्थेटिक्स की दुनिया में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। उनकी सस्ती और शानदार तकनीकों ने अब तक 15,000 से ज्यादा दिव्यांगों की जिंदगी बदल दी है। फूप्रो के 20 इनोवेटिव प्रोडक्ट्स, जिनमें 5 पेटेंटेड डिज़ाइनें शामिल हैं, इस बदलाव की मिसाल हैं। अब ये जोड़ी अपने अनोखे आइडिया के साथ शार्क टैंक इंडिया सीजन 4 में लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार है।फूप्रो जिंदगी में बदलाव लाने के लिए इंसानी कहानियों का संयोजन अत्याधुनिक तकनीक के साथ करता है। अपने पिच के दौरान उन्होंने अंशुल की कहानी साझा की, जो एक राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोही हैं। दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद, फूप्रो की प्रोस्थेटिक लेग की मदद से अंशुल ने फिर से चलना सीखा और अपने जुनून को नया जीवन दिया। संस्थापक निमिश, जो एक अंतरराष्ट्रीय रेस कार डिजाइनर हैं, ने अपने कॉलेज प्रोजेक्ट को एक ऐसे मिशन में बदल दिया, जो घायल सैनिकों से प्रेरणा लेकर आधुनिक प्रोस्थेटिक्स बनाने पर केंद्रित है। अपने जूनियर साइरिल के साथ मिलकर उन्होंने फूप्रो बनाया, जहां इनोवेशन और इंसानियत का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

सोनी लिव के 'बड़ा नाम करेंगे' में दमदार अभिनय के लिए साथ आए जमील खान और दीपिका अमीन

मुंबई, एजेंसी। राजश्री प्रोडक्शंस का दिल छूने वाला शो बड़ा नाम करेंगे जल्द ही सोनी लिव पर प्रसारित होने वाला है। यह सीरीज़ 7 फरवरी से शुरू हो रही है और इसकी कहानी रतलाम और उज्जैन की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित है। बड़ा नाम करेंगे एक ऐसी कहानी है जो प्यार, परिवार और हमारे जीवन के खास रिश्तों को सजीव करती है।यह शो दर्शकों को एक भावनात्मक और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाएगा, जिसमें दिल को छूने वाले पलों के साथ-साथ हास्य और सच्चाई से जुड़े घटनाक्रम होंगे। यह सीरीज़ पारिवारिक रिश्तों और संबंधों को एक नई दृष्टि से पेश करती है, जो दर्शकों को याद दिलाएगी कि प्यार में कितनी ताकत होती है। बड़ा नाम करेंगे हमें यह भी सिखाता है कि परिवार के रिश्ते हमारी ज़िंदगी में कितने अहम होते हैं और अपने दिल की बात सुनना कितनी बड़ी शक्ति है। यह शो निश्चित रूप से हर उम्र के दर्शकों को जोड़ने और प्रेरित करने वाला है। यह शो केवल ऋषभ (ऋतिक घनशानी) और सुरभि (आयशा कादुस्कर) की प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि गुप्ता परिवार के प्यार और जटिल रिश्तों को भी खूबसूरती से पेश करता है।

बादाम पोषण से भरपूर होते हैं: रितिका समद्दर

मुंबई, एजेंसी। हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है, जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। हम में से अधिकांश ने बचपन में अपनी माँ और दादी से सुना होगा कि बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, और यह बात अब वैज्ञानिक रूप से भी साबित हो चुकी है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। आइए, इस बहुमूल्य जानकारी पर एक नज़र डालें और सेहत के लिए बादाम के लाभों को समझें। कैलिफोर्निया बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन, जिंक, फाइबर और सेहतमंद फैट्स। ये पोषक तत्व संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं।

बीड सरपंच हत्या मामला

आरोपी वाल्मिक कराड अस्पताल में कराए गए भर्ती, पेट में दर्द की शिकायत

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के बीड जिलें के मस्साजोग में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले ने पूरे राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति अपने चरम पर है। इसी बीच हत्या मामले में आरोपी धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड के पेट में दर्द की शिकायत पर को उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि वाल्मिक कराड को सरपंच देशमुख हत्या मामले बुधवार को कराड की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

अस्पताल के अधिकारी ने दी जानकारी

मामले में जानकारी देते हुए अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीड की जेल में ले जाए जाने के बाद कराड ने पेट दर्द की शिकायत की। जेल प्रशासन ने बीड सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों को कल रात इस बारे में एक पत्र लिखा। इसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने जेल में उनकी जांच की और दवाइयां दीं। लेकिन, दर्द कम न होने पर कराड को बुधवार रात करीब 10.30 बजे सिविल अस्पताल लाया गया।

सेमी आईसीयू वार्ड में भर्ती है कराड

अस्पताल के अधिकारी ने आगे बताया कि वाल्मिक कराड को सेमी आईसीयू वार्ड में रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि गुरुवार को बाद में उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की जाएगी। सर्जन उनकी जांच कर रहे हैं और आज उनके कुछ टेस्ट किए जाएंगे। इससे पहले बुधवार को एक अधिकारी ने बताया था कि कराड को खांसी, जुकाम और बुखार था और सुबह उन्हें जांच के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनके महत्वपूर्ण पैरामीटर स्थिर थे।

पुलिस अधिकारी ने दी जानकारी

साथ ही इस मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि कराड के वकीलों द्वारा किए गए आवेदन के जवाब में अदालत ने उन्हें जेल में रहते हुए सीपीएपी मशीन का उपयोग करने की अनुमति दी, जो स्लीप एपनिया के इलाज में मदद करती है।

देशमुख के भाई ने की जमानत नहीं देने की अपील

वहीं मृतक संतोष देशमुख के भाई धनंजय ने बुधवार को अदालत से अपील की थी कि हिरासत में भेजे जाने के बाद भी आरोपियों को जमानत नहीं देने की मांग की थी। साथ ही देशमुख ने पुलिस प्रशासन पर आरोपी के साथ मिलीभगत का आरोप भी लगाया़

गौरतलब है कि मध्य महाराष्ट्र के बीड जिले के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि देशमुख ने एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने की कोशिश की थी।

बेलगावी में बच्चा बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

बेलगावी, एजेंसी। बेलगावी जिले में बच्चों की तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं. पिछले तीन महीनों में बाल तस्करी के तीन मामले सामने आए. अब हुक्केरी पुलिस ने 7 साल के बच्चे को बेचने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में हुक्केरी तालुक के सदाशिव शिवबसप्पा मगदुम (लड़के का सौतेला पिता), लक्ष्मी गोलाबामवी, संगीता विष्णु सावंत, अनसूया गिरिमल्लप्पा दोड्डामनी शामिल हैं. पुलिस ने लड़के को बाल कल्याण बोर्ड को सौंप दिया है. लक्ष्मी गोलाबामवी मैरिज ब्रोकर के रूप में काम करती थी. उसने चार महीने पहले उसी गांव के सदाशिव मगदुम्मा और हावेरी जिले के बथनाला गांव की संगीता की शादी करवायी थी.

दोनों की यह दूसरी शादी थी. संगीता को पहले से ही सात साल का एक बेटा है. लक्ष्मी ने झांसा देकर संगीता से दोस्ती की और उसे यह कहकर विश्वास दिलाया कि वह उसके बच्चे की देखभाल करेगी. संगीता की नई-नई शादी हुई थी. वह भी उसकी बातों में आ गई. बाद में लक्ष्मी ने कोल्हापुर की अपनी सहेलियों संगीता सावंत और हलियाला की अनुसूया दोड्डामनी के साथ मिलकर सात साल के लड़के को बेच दिया.

उन्होंने लड़के को बेलगावी की दिल शान नामक महिला को चार लाख रुपये में बेच दिया. इस दौरान आरोपियों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि लड़के का कोई पिता या माता नहीं है. लड़के को खरीदने वाले दिलशान ने आरोपियों से आग्रह किया कि वे थाने में इस बारे में लिखित जवाब दे।

नई वंदे भारत ट्रेन लॉन्च के लिए तैयार, 4 घंटे में पूरा होगा उदयपुर से अहमदाबाद का सफर

हैदराबाद, एजेंसी। इंडियन रेलवे जल्द नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने जा रहा है. अहमदाबाद और उदयपुर को जोड़ने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस लॉन्च के लिए तैयार है. यह नई सेवा अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर रूट पर चलेगी. रेल लाइन पर सफल विद्युतीकरण के बाद जनवरी के अंत या फरवरी तक इसके चालू होने की उम्मीद है. वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद यात्री इस रूट तेज और अधिक आरामदायक सफर का अनुभव कर सकेंगे.

मीडिया रिपोर्ट के मुताकि, नई वंदे भारत ट्रेन मंगलवार को छोड़कर हफ्ते में छह दिन चलेगी. यह राजस्थान के उदयपुर से सुबह 6: 10 बजे शुरू होगी और सुबह 10: 25 बजे गुजरात के अहमदाबाद पहुंचेगी, जिसमें हिम्मतनगर में दो मिनट का स्टॉप होगा. इसी तरह वापसी में यह ट्रेन अहमदाबाद से शाम 5: 45 बजे रवाना होगी और रात 10 बजे उदयपुर पहुंचेगा. अहमदाबाद में इस ट्रेन का संचानल असरवा रेलवे स्टेशन से होगा.

वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ एसी चेयर कार कोच: रिपोर्ट के मुताबिक, नए डिजाइन वाली इस वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ एसी चेयर कार कोच होंगे, जिससे यात्रियों को प्रीमियम अनुभव मिलेगा. अहमदाबाद और उदयपुर के बीच यात्रा का समय लगभग चार घंटे होगा, जबकि सड़क मार्ग से यह यात्रा पांच घंटे में पूरी होती है. यह ट्रेन सेवा मेवाड़ क्षेत्र के यात्रियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, क्योंकि यह अहमदाबाद के एयरपोर्ट तक सुविधाजनक पहुंच भी प्रदान करती है।

दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में शामिल होने की उम्मीद

प्रयागराज, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। जोहानिस्बर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने बुधवार शाम कहा, ''13 जनवरी को महाकुम्भ की शुरुआत के बाद से कुछ ही दिनों में उन लोगों के लिए सौ से ज्यादा वीजा जारी किए जा चुके हैं जो इसमें शामिल होने के इच्छुक हैं और कई लोगों ने इसमें शामिल होने के लिए अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) कार्ड का इस्तेमाल किया है।''

कुमार 'महाकुंभ 2025- वेयर स्पिरिचुएलिटी मीट्स टेक्निकल इनोवेशन' नामक संगोष्ठी की मेजबानी कर रहे थे, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने इस आयोजन के इतिहास और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कुमार ने कहा, ''ट्रैवल एजेंट विशेष पैकेज भी तैयार कर रहे हैं, जिससे महाकुम्भ में लोगों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''महाकुम्भ में शामिल होने के इच्छुक लोगों के मन में बहुत सारे प्रश्न हैं और इसी को देखते हुए यह संगोष्ठी आयोजित की गई है।''

दक्षिण अफ्रीका में पर्यावरण कार्यकर्ता एवं 'सेव सॉइल मूवमेंट' के नेता त्सेके नकादिमेंग महाकुम्भ में जाएंगे। उन्होंने कहा, ''इस तरह का अगला महाकुम्भ साल 2169 में होगा। यह जानने के लिए कि यह वास्तव में है क्या, आपको वहां जाना ही चाहिए..।'' दक्षिण अफ्रीका के रामकृष्ण केंद्र के स्वामी विप्रानंद महाराज ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए कुम्भ की कल्पना करना मुश्किल है जिसने इस तरह के आयोजन का अनुभव नहीं किया है।

मैंने बाइडेन की तरह अपने लोगों को माफी नहीं दी

राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प का पहला इंटरव्यू

वॉशिंगटन, एजेंसी। डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद बुधवार को पहला इंटरव्यू दिया। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में बाइडेन सरकार पर कई तंज किए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लोगों को बाइडेन की तरफ राष्ट्रपति रहते माफी नहीं दी। ट्रम्प ने कहा कि जब मैं पहली बार राष्ट्रपति था तो मेरे कार्यकाल के अंतिम दिनों में मुझसे से भी पूछा गया था कि क्या मैं खुद को और अपने लोगों को माफी देना चाहूंगा?

ट्रम्प ने कहा- तब मैंने कहा कि मैं किसी को माफ नहीं करूंगा, हमने कुछ भी गलत नहीं किया। हमारे लोगों ने कई तकलीफें झेली, वे बहादुर देशभक्त हैं। दरअसल जो बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते अपने बेटे हंटर, भाई जेम्स और उनकी पत्नी सारा, भाई फ्रांसिस, बहन वेलेरी और उनके पति जॉन ओवेन्स को माफी दे दी

थी। बाइडेन का कहना था कि सिर्फ उन्हें परेशान करने के लिए उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है।

ट्रम्प से जब पूछा गया कि उन्हें राष्ट्रपति ऑफिस में वापस लौटकर कैसा लग रहा है। इस पर उन्होंने कहा यहां बहुत काम बाकी था। अगर मैं 2020 में दोबारा राष्ट्रपति बन जाता तो बहुत सारा काम तब ही खत्म हो जाता। ट्रम्प ने आगे कहा अगर मैं 2020 में भी राष्ट्रपति बनता तो हमारे देश में महंगाई नहीं होती, अफगानिस्तान जैसा संकट नहीं होता, 7 अक्टूबर को इजराइल जैसी घटना नहीं होती और यूक्रेन में युद्ध नहीं होता।

हमें अमेरिका की बहुत सी परेशानियों का हल ढूंढना है: राष्ट्रपति ट्रम्प ने अमेरिकी संसद में अपनी रिपब्लिकन पार्टी का हवाला देते हुए कहा कि हमें अमेरिका की बहुत सारी परेशानियां का हल ढूंढना है और इनका हल ढूंढा भी जा सकता है। इसके लिए बस समय, मेहनत और पैसे की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा- अगर हम यह चुनाव हार गए होते तो हमारा देश हमेशा के लिए खो गया होता। अब हम अपना देश वापस पा सकते हैं। ट्रम्प ने कहा हमें उन शहरों को दी जाने वाली धनराशि में कटौती करनी पड़ेगी जो अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के कानून को लागू करने में हमारी सरकार की मदद नहीं कर रहे हैं। मुझे सच में ऐसा करना पड़ सकता है। कभी-कभी यही एकमात्र तरीका होता है जो हम कर सकते हैं।

308 अवैध प्रवासी गिरफ्तार: इन पर हत्या, रेप, किडनैपिंग के आरोप

न्यूयॉर्क से 4 बांग्लादेशी भी पकड़े गए

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार संभालने के पहले दिन (मंगलवार) इमीग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट ने 308 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक सीमा सुरक्षा अधिकारी टॉम होमन ने यह खुलासा किया है। ये गिरफ्तारियां देश के हर हिस्से से हुई हैं। इन अवैध प्रवासियों में से ज्यादातर अपराधी हैं। इनमें से कुछ पर अपहरण, हत्या और बलात्कार के आरोप हैं। होमन ने बुधवार को कहा कि इमीग्रेशन अधिकारियों ने उन अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है जो देश के लिए खतरा पैदा करते हैं। इनकी आबादी 7 लाख से ज्यादा है। बांग्ला अखबार प्रथोम अलो की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन पकड़े गए लोगों में 4 बांग्लादेशी नागरिक हैं। इन्हें न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बरो फुल्टन इलाके से गिरफ्तार किया गया है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने के लिए देशभर में छापेमारी जारी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कई राज्यों में छापेमारी जारी है और बड़े पैमाने पर अप्रवासियों से पूछताछ की जा रही है। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ ही दिन बाद ट्रम्प ने इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट के पूर्व प्रमुख टॉम होमन को 'बॉर्डर जार(सीमा सुरक्षा अधिकारी)' नियुक्त किया था। होमन ने पिछले सप्ताह ऐलान किया था कि ट्रम्प के शपथ ग्रहण के अगले दिन वे देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करेंगे और हिना दस्तावेज वाले अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करेंगे। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने कई एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए।

कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग: 10 हजार एकड़ इलाका जला

50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10: 45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

कैलिफोर्निया में पिछले 50 साल में 78 से ज्यादा बार लगी आग: कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। हालांकि, बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजिलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ह्यूजेस फायर नामक यह आग बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10: 30 बजे लॉस एंजिल्स शहर से लगभग 80

किमी उत्तर-पश्चिम में कास्टेइक झील के पास लेक ह्यूजेस रोड के क्षेत्र में लगी. ये आग बड़ी तेजी से फैली और डेढ़ घंटे से भी कम समय में इस क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. मोटे सूखे पेड़ों से ईंधन मिलने तथा सांता एना की तेज हवा के कारण जंगली आग तेजी से फैली.

इलाका खाली करने की अपील: कास्टेइक झील क्षेत्र और निकटवर्ती दूरदराज के घाटी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निकालने के आदेश जारी कर दिए गए. लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग के रॉबर्ट जेन्सन ने आग से प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों से तुरंत जगह खाली करने को कहा है.

उन्होंने कहा कि हमने पैलिसेड्स और ईटन की आग में लोगों द्वारा आदेशों का पालन न करने के कारण हुई तबाही देखी है. उन्होंने कहा, यदि आपको निकासी का आदेश दिया गया है, तो कृपया बाहर निकल जाएं. पुलिस को पड़ोस में घूमते हुए देखा गया जो आग फैलने के कारण लोगों को वहां से निकल जाने के लिए कह रही थी. फुटेज में हेलीकॉप्टरों और विमानों को आग पर पानी और आग बुझाने वाले पदार्थ गिराते हुए दिखाया गया. बेड़े में दो सुपर स्कूपर्स शामिल है जो सैकड़ों गैलन (लीटर) पानी ले जा सकते हैं. लॉस एंजिल्स काउंटी अग्निशमन विभाग और एंजिल्स नेशनल फॉरेस्ट के अग्निशमन दल भी आग से लड़ने के लिए जमीन पर काम कर रहे थे. आग का सटीक कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह लाल झंडा स्थितियों के दौरान शुरू हुआ जब तेज हवा और कम आर्द्रता के कारण आग तेजी से फैलती है.

पहले लगी आग में हुई 28 लोगों की मौत: इससे पहले लॉस एंजिल्स में लगी आग में 28 लोगों की मौत हो गई थी. ये आग पैलिसेड्स और ईटन में लगी थी. काफी संख्या में लोगों का घर खाली कराना पड़ा और हजारों इमारतें नष्ट हो गई. इस आग में भारी तबाही मची. इसके चलते कई निवासियों को नए घर ढूंढने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. दो सप्ताह से अधिक समय तक चले व्यापक अग्निशामक प्रयासों के बाद अब काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129